
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 77 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 26 दिसम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


# यूपी का डिफेंस कॉरिडोर बनेगा वैश्विक पहचान: पीएम मोदी

## 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान जिस ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत पूरी दुनिया ने देखी, उसका निर्माण अब लखनऊ में

**समाज जागरण**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण समारोह में कहा कि वह दिन दूर नहीं, जब उत्तर प्रदेश का डिफेंस कॉरिडोर पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाएगा। उन्होंने इसे उत्तर प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि आने वाले समय में राज्य का डिफेंस कॉरिडोर वैश्विक मानचित्र पर मजबूती से उभरेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक विशाल डिफेंस कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। उन्होंने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान जिस ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत पूरी दुनिया ने देखी, उसका निर्माण अब लखनऊ में किया जा रहा है। पीएम मोदी ने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश का डिफेंस कॉरिडोर जल्द ही विश्वस्तरीय पहचान हासिल करेगा।

### भारत की प्रगति का पैमाना समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की मुस्कान से तय होना चाहिए

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने अंत्योदय और एकात्म मानववाद का सिद्धांत दिया। उनका मानना था कि भारत की प्रगति का पैमाना समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की मुस्कान से तय होना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि इसी विचार को उन्होंने अपना संकल्प बनाया है और 'सेचुरेशन' के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी जरूरतमंद सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे।




### राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दी बधाई

प्रधानमंत्री ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर वे महामना मदन मोहन मालवीय, अटल बिहारी वाजपेयी और महाराजा बिजली पासी को श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल उन विचारों का प्रतीक है, जिन्होंने भारत को आत्मसम्मान, एकता और सेवा का मार्ग दिखाया।

***स्थल पर स्थापित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं जितनी ऊंची हैं, उनसे मिलने वाली प्रेरणा उससे कहीं अधिक ऊंची***

पीएम मोदी ने कहा कि इस स्थल पर स्थापित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं जितनी ऊंची हैं, उनसे मिलने वाली प्रेरणा उससे कहीं अधिक ऊंची है। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए कदम से कदम मिलाकर चलना होगा।

### 30 एकड़ भूमि पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल का हुआ है निर्माण

नरेंद्र मोदी ने बताया कि जिस 30 एकड़ भूमि पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निर्माण हुआ है, वहां वर्षों तक कूड़े-कचरे का पहाड़ लगा हुआ था। बीते तीन वर्षों में उसे हटाकर इस भव्य स्थल का निर्माण किया गया। उन्होंने इस परियोजना से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी।

### पीएम मोदी ने देश और दुनिया को क्रिसमस की शुभकामनाएं भी दीं

पीएम मोदी ने देश और दुनिया को क्रिसमस की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि भारत के करोड़ों ईसाई परिवार आज यह पर्व मना रहे हैं और यह उत्सव सभी के जीवन में खुशियां लाए, यही कामना है।

उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर का दिन देश के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन अटल बिहारी वाजपेयी और महामना मदन मोहन मालवीय का जन्म हुआ था। इसके साथ ही यह महाराजा बिजली पासी की जयंती भी है, जिन्होंने वीरता, सुशासन और समावेश की समृद्ध विरासत छोड़ी।

### अटल बिहारी वाजपेयी ने सही मायनों में सुशासन को धरातल पर उतारा

प्रधानमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने सही मायनों में सुशासन को धरातल पर उतारा। उनके कार्यकाल में टेलीकॉम, सड़क और मेट्रो जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक निर्णय लिए गए, जिनका लाभ आज भी देश को मिल रहा है। (इनपुटः आईएएनएस)

# 'वीर बाल दिवस' पर राष्ट्रपति प्रदान करेंगी 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार'

**समाज जागरण**

शुक्रवार, 26 दिसंबर को देशभर में राष्ट्रीय स्तर पर वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान करेंगी।

कार्यक्रम के माध्यम से भारत के



युवा वीरों के साहस, बलिदान और अनुकरणीय मूल्यों को किया जाएगा स्मरण

केंद्र सरकार के अनुसार, ये पुरस्कार वीरता, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा खेल जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को दिए जाते हैं। वीर बाल दिवस के इस राष्ट्रीय आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर बच्चों और युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित करेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से भारत के युवा वीरों के साहस, बलिदान और अनुकरणीय मूल्यों को स्मरण किया जाएगा।

# मोदी के नेतृत्व में दुनिया भारत की बात गंभीरता से सुनती है: राजनाथ सिंह

**समाज जागरण**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस भव्य परियोजना के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की एकता और अखंडता के लिए लंबा संघर्ष किया और धारा 370 के विरोध में अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के इस अधूरे सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि आज भारत की आर्थिक और वैश्विक हैसियत अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच चुकी है

रक्षा मंत्री ने कहा कि आज भारत की आर्थिक और वैश्विक हैसियत अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच चुकी है। उन्होंने दावा किया कि देश में महंगाई दर 1% से नीचे है और विकास दर 8% से आगे



बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया कान खोलकर सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की बढ़ती ताकत का प्रमाण है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव, गरीब और किसानों के हित में बड़े और निर्णायक फैसले लिए

राजनाथ सिंह ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव, गरीब और किसानों के हित में बड़े और निर्णायक फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा में पहले बड़े पैमाने पर धांधली होती थी, लेकिन अब व्यवस्था में पारदर्शिता लाई गई है। उन्होंने बताया कि गांवों के विकास के लिए नए प्रावधानों के तहत अब 100 की जगह 125 दिनों का काम मिलेगा, जिससे स्थायी रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

# सीरिया, यमन, बांग्लादेश और अब...

### इस्लामिक कट्टरपंथियों ने एक और मुल्क बर्बाद कर दिया

**समाज जागरण**

नई दिल्ली. दुनिया का सबसे खूंखार आतंकवादी संगठन कहा जाने वाला इस्लामिक स्टेट (आईएस) फिर से सिर उठा रहा है. सीरिया और यमन जैसे मुल्कों को तबाह करने के बाद अब एक अफ्रीकी देश आईएस के जुल्मों की बलि चढ़ गया. मोजाम्बिक के उत्तरी हिस्से में इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े उग्रवाद ने हालात और भयावह कर दिए हैं.

# मोदी सरकार के विजन से मध्य प्रदेश बन रहा विकसित भारत की मजबूत नींव: अमित शाह

**समाज जागरण**

पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को ग्वालियर में 'अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिट' का आयोजन किया गया। समिट का विषय था- 'निवेश से रोजगारः अटल का संकल्प, उज्ज्वल मध्य प्रदेश।'

### अमित शाह ने मध्य प्रदेश में 1,655 औद्योगिक इकाइयों का किया शिलान्यास

इस अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश में 1,655 औद्योगिक इकाइयों का शिलान्यास किया। इन



इकाइयों में 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश प्रस्तावित है, जिससे करीब 2 लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। गृह मंत्री ने इसे अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन और राष्ट्र निर्माण के सपने को सच्ची श्रद्धांजलि बताया।

### यह समिट अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मभूमि ग्वालियर में आयोजित

यह समिट अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मभूमि ग्वालियर में आयोजित की गई, जो आत्मनिर्भरता, विकास और समावेशी प्रगति को लेकर उनकी दूरदृष्टि को दर्शाती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से मध्य प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है और अब यह 'विकसित भारत' का एक मजबूत आधार बन रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप प्रदेश को निरंतर सहयोग देती रहेगी।

# एफएसएसएआई ने स्पष्ट किया: असली चाय सिर्फ कैमेलिया सिनेंसिस से बने पेय को ही कहा जाएगा

**समाज जागरण**

नई दिल्ली, 25 दिसंबर 2025। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने चाय के नाम पर कुछ भी बेचने वाले कारोबारियों और कंपनियों को सख्त चेतावनी दी है। एफएसएआई ने कहा है कि सिर्फ असली चाय की पत्तियों से बने पेय पदार्थ को ही 'चाय' कहा जा सकता है।

एफएसएसएआई ने निर्देश दिया कि हर्बल या पौधा-आधारित पेय पदार्थ, जो असली चाय के पौधे कैमेलिया सिनेंसिस से नहीं बने हैं, उन्हें 'चाय' के नाम से बेचना गलत ब्रांडिंग और ग्राहकों को गुमराह करने वाला माना जाएगा। ऐसे उत्पादों पर कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।




एफएसएसएआई ने यह भी स्पष्ट किया कि बाजार में कई कंपनियां 'रूइबोस चाय', 'हर्बल टी', 'फ्लॉवर टी' जैसी चीजें बेच रही हैं, जबकि ये असली चाय के पौधे से नहीं बनी हैं। नियमों के मुताबिक, 'चाय' शब्द केवल उन्हीं उत्पादों पर इस्तेमाल किया जा सकता है जो कैमेलिया सिनेंसिस पौधे से बने हों, जिसमें ग्रीन टी, कांगड़ा टी और इंस्टेंट टी शामिल हैं।

इस कदम से उपभोक्ताओं को सही और असली चाय का चुनाव करने में मदद मिलेगी और बाजार में फ्लेवर्ड या नकली चाय के नाम पर धोखाधड़ी को रोका जा सकेगा।

# '500 करोड़' वाले बयान पर सस्पेंड नवजोत कौर सिद्धू का नया दांव, गडकरी की तारीफ कर कांग्रेस के जले पर छिड़का नमक

**समाज जागरण**

चंडीगढ़ः हाल ही में कांग्रेस पार्टी से निलंबित की गईं डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की जमकर तारीफ की है. नवजोत कौर ने न केवल सोशल मीडिया पर गडकरी की कार्यशैली की सराहना की, बल्कि उनसे मुलाकात कर अमृतसर की सड़कों और हाइवे से जुड़ी गंभीर समस्याओं को भी उठाया. सिद्धू



को '500 करोड़ की अटैची' वाले विवादित बयान के चलते पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया गया था. राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात और तारीफ के कई मायने निकाले जा रहे हैं. नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी और पूर्व विधायक डॉ. सिद्धू ने 'एक्स' पर गडकरी के साथ मुलाकात का फोटो पोस्ट किया है. उन्होंने लिखा, 'क्या अद्भुत इंसान हैं, हमारे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी. वे सबसे प्रेरणादायक, कुशल और इनोवेटिव नेताओं में से एक हैं, जिनके पास बड़ी से बड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान होता है. अमृतसर के लोग वास्तव में आपके आभारी रहेंगे.'

यह तारीफ इसलिए भी अहम है क्योंकि नवजोत कौर सिद्धू और उनके पति लंबे समय तक भाजपा के खिलाफ मुखर रहे हैं, लेकिन अब कांग्रेस से निलंबन के बाद उनके सुर बदलते नजर आ रहे हैं.

# वीर शिरोमणि, बलिदानी महाराणा सूरज मल को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया याद

**समाज जागरण**

लोनी, 25 दिसंबरः वीर शिरोमणि भरतपुर राज्य के जाट शासक महाराणा सूरज मल के बलिदान दिवस पर गुरुवार को वार्ड 41 की गुलाब वाटिका कॉलोनी में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे क्षेत्रीय नागरिकों ने महाराणा सूरज मल के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ ही दो मिनट का मौन रखकर उनके प्रति श्रद्धांजलि प्रकट की।

कृष्ण कुमार तोमर की अध्यक्षता में संपन्न हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान विनोद कुमार नैन, राकेश



मास्टर, नवाव सिंह, कुंवरपाल, नरेश राणा, संजीव कुमार, विपिन चौहान एवं अनूप मलिक आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए महाराणा सूरज मल के उनके शौर्य, त्याग एवं संघर्षपूर्ण योगदान पर रोशनी डाली।

उन्होंने कहा कि महाराणा सूरज मल न केवल वीरता के प्रतीक थे, बल्कि उन्होंने समाज-राष्ट्र के सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए एकता, साहस और देशभक्ति की विशाल है. जिनके पद चिन्हों पर चलना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

अंत में सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सभा का संचालन संयोजक मंडल द्वारा किया गया।

# अमृत मंडल: वहशी भीड़ के हाथों मरा जो हिंदू, यूनुस ने उसे ही घोषित कर दिया अपराधी, कहा- वसूली करने गया था

**समाज जागरण**

ढाकाः बांग्लादेश में चल रहे हिंसक प्रदर्शनों के बीच एक और हिंदू युवक की हत्या कर दी गई है. दीपू चंद्र दास के बाद राजबाड़ी में अमृत मंडल को उग्रवादियों ने पीट-पीट कर मार डाला. उसे भरे बाजार में लात-घूसे और डंडों से तब तक पीटा गया जब तक उसकी सांसे बंद नहीं हुईं. जब भीड़ पीट रही थी तब तक पुलिस कुछ नहीं कर पाई लेकिन अस्पताल में अमृत की मौत के बाद पुलिस उसका आपराधिक रिकॉर्ड लेकर लहरा रही है. मौका देखकर सरकार ने भी मुस्तैदी दिखा दी है. यूनुस की तरफ से जारी किए गए एक स्टेटमेंट में सारा दोष उसी हिंदू पर थोप दिया गया है, जिसे लिंच करके मार डाला गया है.

### यूनुस ने बयान जारी करके क्या कहा?

राजबाड़ी के पांग्शा इलाके में




अमृत मंडल को भीड़ ने पीट-पीट कर मार डाला. इस केस को लेकर यूनुस सरकार ने सफाई दी है. सरकार के मुताबिक यह घटना 'सांप्रदायिक हिंसा नहीं' थी. बांग्लादेश सरकार के मुताबिक शुरूआती जांच में सामने आया है कि मारा गया व्यक्ति अमृत मंडल उर्फ सम्राट था, जो एक कुख्यात अपराधी था और इलाके में जबरन वसूली के लिए आया था. इसी दौरान स्थानीय लोगों के साथ झड़प हुई, जिसमें उसे घेर लिया गया. यहां पर हुए बवाल के दौरान ही उसकी मौत हो गई है.

# अटल जी को ईसा मसीह बनाने की मुहिम

जब हम बच्चे थे तब से 25 दिसंबर की तारीख हमारे लिए ' बडा दिन 'होता रहा है. लेकिन इस साल ग्वालियर में बडा दिन छोटी सोच के लोगों के हत्थे चढ गया. क्योंकि प्रशासन ने अघोषित रूप से शहर मे बडे दिन पर आधा कर्फ्यू सा लगा दिया है हालांकि अनेक स्कलों



में आज छुट्टी रद्द कर दी गई है,क्योंकि सरकार को बडे आदमी यानि भाजपा के पितृ पुरुष पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मदिन धूमधाम से मनाना है और केंद्रीय गृज्हमंत्री अमित शाह साहब भी आज ग्वालियर आए हैं.

अटल जी हमारे शहर के सपूत थे. वे 25 दिसंबर को जन्मे थे किंतु उन्होने अपने जीते जी कभी भी अपना जन्मदिन मनाने या मनवाने के लिए बडे दिन की बलि नहीं ली. बडा दिन क्रिसमस का त्यौहार है. पूरी दुनिया में मनाया जाता है ईसा मसीह के जन्मदिन के तौर पर. ग्वालियर में भी मनाया जाता था. आज के दिन शासकीय अवकाश भी होता था. लेकिन 2025 में मप्र के ग्वालियर शहर में बडे दिनपर शहर को पंगु बनाकर एक नया इतिहास लिखा गया.

दर असल इस फैसले के पीछे वे छोटे दिल के या छोटी मानसिकता के लोग हैं जो सर्वधर्म समभाव में यकीन नहीं रखते. या उनका ये यकीन तोड दिया गया है. इरादतन तोड दिया है. भक्तो की फौज पिछले कुछ दिनों से एक अभियान चला रही है जिसमें अभिभावक अपने बच्चों के स्कूल संचालकों से अपील कर रहे हैं कि क्रिसमस पर उनके बच्चों को लाल टोपी पहनाकर ईसाई गीत न गवाये जाएं. शहर के कुछ स्कलों में आज ग्वालियर में बडे दिन का अवकाश रद्द करने के पीछे भी यही मानसिकता साफ-साफ नजर आ रही है.

मैं तो अब बच्चा नहीं रहा लेकिन मेरे बच्चों के बच्चे बडे दिन की छुट्टी रद्द करने को लेकर परेशान हैं, सवाल कर रहे हैं. मेरी मजबूरी है कि मैं बच्चों से झूठ नहीं बोल सकता इसलिए मैं उन्हे बता रहा हूँ कि ये सब हमारी सरकार, की संकीर्ण मानसिकता की वजह से प्रेरित मौखिक आदेश है. सरकार और प्रशासन मिलकर ईसा मसीह के ऊपर भाजपा के ईसा मसीह माननीय अटल बिहारी बाजपेयी को स्थापित कर देना चाहता है. मुझे लगता है कि सरकार ने इस साल ग्वालियर में छुट्टी रद्द की है, मुमकिन है कि अगले साल इस छुट्टी को केंद्र और राज्य सरकार की आधिकारिक छुट्टी में से हटा दिया जाए.

मैं माननीय अटल बिहारी बाजपेयी को तब से जानता हूँ, जब वे विपक्ष में थे. आपातकाल के बाद पहली बार जनता पार्टी की साझा सरकार में विदेश मंत्री बने थे. प्रधानमंत्री तो वे बहुत बाद में बने. मैने उनकी अध्यक्षता और मुख्य आतिथ्य में अनेक कवि गोष्ठियों में कविता पाठ किया है. पत्रकार के रुप में वाताएं की हैं. मुझे पूरा यकीन है कि यदि वे जीवित होते तो अपना जन्मदिन मनाने के लिए बडे दिन पर स्कलों में छुट्टी रद्द करने के फैसले पर बिफर जाते. आंखें नचाकर कहते- 'नहीं.. नहीं, ये उचित नहीं है. मै ईसा मसीह से बडा ईसा मसीह नहीं हूँ '.

भाजपा में कूढमगज लोगों की संख्या लगातार बढ रही है. अटल जी एक हैं लेकिन उनके अनुयायियों में एका नहीं है. भाजपा नगर निगम पर अटल बिहारी के जन्मदिन का भार डालकर अटल जी के नाम पर लखटकिया पुरस्कार बांटती है. दूसरी तरफ विधानसभा अध्यक्ष के पुत्र अटल जी के नाम पर अलग मंच सजाते हैं. अटल जी को लेकर एक प्रतिस्पर्धा चल रही है. मजे की बात ये है कि इस प्रतिस्पर्धा में अटल जी के परिजन शामिल नही हैं.

पूर्व प्रधानमंत्री मंत्री माननीय अटल जी के जन्मदिन पर पहली बार देश के गृहमंत्री अमित शाह साहब ग्वालियर में हैं, इसलिए प्रदेश की पूरी भाजपा, पौनी सरकार ग्वालियर में हैं. आज ही इन्वेस्टर मीट अभ्युदय का आयोजन किया गया है. अमित जी अटल जी के पुसतैनी घर भी माथा टेकने जा रहे हैं. अच्छी बात है. मै सुझाव देना चाहूंगा कि सरकार प्रधानमंत्री कार्यालय को सेवा तीर्थ बनाने के अपने फैसले को रद्द कर अटल जी के पैतृक निवास को देश का सेवातीर्थ घोषित करे.

अटल जी का मैं भी मुरीद रहा. असहमतियों के बावजूद रहा. लेकिन मुझे याद हैकि अटल जी को पराजय का दंश देकर महल के सामने बिछने वाला ग्वालियर ही तो है. इस शहर में अटल जी का नागरिक सम्मान करने की हिम्मत नहीं हुई थी. वही ग्वालियर अब उन्हे ईसा मसीह बनाकर 20 करोड की लागत का अटल स्मारक बना रहा है. अटल जी किसी भी छुट्टी या स्मारक के मोहताज नहीं रहे. उनका व्यक्तित्व बहुत बडा है. उनके जन्मदिन पर मैं उन्हें प्रणाम करते हुए बडे दिन की छुट्टी रद्द करने के अविवेकपूर्ण सरकारी फैसले पर खेद व्यक्त करता हूँ.

# साहिबजादों की शहादत और वीर बाल दिवस की प्रासंगिकता

**- महेन्द्र तिवारी**




भारत के इतिहास में ऐसे अनगिनत प्रसंग हैं जहाँ धर्म, सत्य और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए लोगों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। लेकिन सिख इतिहास में गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों की शहादत जैसा उदाहरण दूसरा नहीं मिलता। भारत सरकार ने 2022 में 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में घोषित किया ताकि आने वाली पीढ़ियाँ उस अमर गाथा से प्रेरणा ले सकें जिसमें बाल उम्र में भी धर्म, साहस और आस्था की ज्योति बुझने नहीं दी गई।

सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन ही संघर्ष, चेतना और धर्म की रक्षा का प्रतीक रहा है। 1699 में खालसा पंथ की स्थापना के साथ उन्होंने सिख धर्म को एक ऐसी पहचान दी, जिसमें आध्यात्मिकता और वीरता एक-दूसरे से अलग नहीं थीं। उस समय का भारत धार्मिक असहिष्णुता, जबरदस्ती धर्मांतरण और सत्ता के दमन से ग्रस्त था। गुरु गोबिंद सिंह जी ने स्पष्ट किया कि धर्म केवल व्यक्तिगत आस्था का विषय नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की नैतिक शक्ति है। यही संस्कार उनके पुत्रों में भी उतरे, जिन्होंने बाल्यावस्था में ही यह सिद्ध कर दिया कि साहस उम्र का मोहताज नहीं होता।

1704 ईस्वी में आनंदपुर साहिब की घेराबंदी सिख इतिहास की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक थी। महीनों तक चली इस घेराबंदी में भूख, प्यास और निरंतर युद्ध ने सिख समुदाय को तोड़ने का हर प्रयास किया। अंततः छलपूर्वक सुरक्षित मार्ग का आश्वासन देकर मुगल सेना ने गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार को अलग-थलग कर दिया। इसी दौरान दो बड़े साहिबजादे अजीत सिंह और जुझार सिंह चमकौर के युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए। वे युद्धभूमि में शहीद हुए, जहाँ मृत्यु भी पराजय नहीं, बल्कि गौरव का रूप थी।

लेकिन इतिहास का सबसे हृदयविदारक प्रसंग तब सामने आया जब छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह अपनी दादी माता गुजरी जी के साथ सिरहिंद पहुँचे। मात्र नौ और सात वर्ष की आयु में इन बालकों को धर्म परिवर्तन का प्रलोभन दिया गया। यह वह क्षण था जहाँ सत्ता को लगा कि भय और लालच से बालमन को झुकाया जा सकता है। परंतु इन नन्हे साहिबजादों ने जिस दृढ़ता से अपने धर्म और आस्था की रक्षा की, उसने मानव इतिहास में साहस की परिभाषा ही बदल दी।

उनका इनकार केवल एक धार्मिक निर्णय नहीं था, बल्कि आत्मसम्मान और सत्य के प्रति अटूट निष्ठा का घोष था। यातनाएँ दी गईं, भय दिखाया गया, किंतु वे टस से मस नहीं हुए। अंततः उन्हें दीवार में जीवित चिनवा देने का क्रूर आदेश दिया गया। यह घटना केवल शारीरिक यातना का वर्णन नहीं है, बल्कि यह उस मानसिक और नैतिक दृढ़ता का प्रमाण है, जो बालकों को भी वीर बना देती है। कहा जाता है कि जिस ठंडे दिसंबर के दिन यह अमानवीय कृत्य हुआ, उस दिन ईंटों के साथ केवल शरीर नहीं, बल्कि एक अन्यायपूर्ण व्यवस्था की नैतिकता भी चिन दी गई।

माता गुजरी जी ने भी कारागार में ही अपने प्राण त्याग दिए। एक दादी, जिसने अपने पोतों की अडिग आस्था देखी थी, उसने भी जीवन की अंतिम साँस उसी विश्वास के साथ ली कि बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाता। यह प्रसंग भारतीय इतिहास का ऐसा अध्याय है, जहाँ पारिवारिक प्रेम, धार्मिक निष्ठा और आत्मसम्मान एक साथ शहादत में परिणत हो जाते हैं।

आज के समय में ह्यवीर बाल दिवसह्न की प्रासंगिकता केवल अतीत को स्मरण करने तक सीमित नहीं है। यह दिन हमें यह सोचने पर विवश करता है कि हमने साहस को किस हद तक केवल प्रतीकात्मक बना दिया है। बच्चों के लिए वीरता आज अक्सर काल्पनिक पात्रों या स्क्रीन तक सिमट गई है। साहिबजादों की गाथा हमें बताती है कि सच्ची बहादुरी नैतिक निर्णयों से जन्म लेती है जहाँ गलत के सामने झुकने से इनकार करना ही सबसे बड़ा शौर्य है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 26 दिसंबर को ह्यवीर बाल दिवसह्न घोषित करना इस अर्थ में भी महत्वपूर्ण है कि यह राष्ट्रीय स्मृति को पुनसंर्तुलित करता है। भारत का इतिहास केवल विजेताओं और साम्राज्यों की कथा नहीं, बल्कि उन लोगों की कहानी भी है, जिन्होंने बिना सत्ता के भी नैतिक विजय प्राप्त की। स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में इस दिन होने वाले कार्यक्रम केवल औपचारिक आयोजन नहीं होने चाहिए, बल्कि उन्हें मूल्य-आधारित शिक्षा का माध्यम बनना चाहिए।

सिख परंपरा में शहादत का अर्थ मृत्यु नहीं, बल्कि धर्म की रक्षा के लिए दिया गया सर्वोच्च योगदान है। गुरु तेग बहादुर जी से लेकर साहिबजादों तक, यह परंपरा हमें सिखाती है कि अन्याय के सामने मौन रहना भी एक प्रकार की सहभागिता है। साहिबजादों की शहादत खालसा के आदर्शों को केवल इतिहास नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन बनाती है।

आज जब समाज नैतिक भ्रम, अवसरवाद और तात्कालिक लाभ की मानसिकता से जूझ रहा है, तब वीर बाल दिवस हमें आत्ममंथन का अवसर देता है। यह याद दिलाता है कि धर्म का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि सत्य और न्याय के लिए खड़े होने का साहस है। साहिबजादों का बलिदान किसी राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित नहीं था, बल्कि वह स्वतंत्र चेतना और धार्मिक स्वाभिमान की रक्षा का प्रतीक था।

26 दिसंबर का ह्लवीर बाल दिवसह्व केवल एक स्मृति दिवस नहीं, बल्कि भारत की आत्मा में बसने वाले मूल्यों की पुनः पुष्टि है। यह दिन बताता है कि सच्चा साहस उम्र का नहीं, विश्वास का परिचायक होता है। गुरु गोबिंद सिंह जी और उनके साहिबजादों की गाथा भारत के हृदय में एक अमर प्रेरणा की तरह सदैव जीवित रहेगी जो हमें सिखाती है कि सत्य, धर्म और निष्ठा के लिए किया गया बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाता।

# हिंदी साहित्य के विकास में वैश्विक बाजार और उपभोक्तावाद की भूमिका।

## भारत की जनसंख्या बाजार वाद की ताकत।




इक्कीसवीं सदी का विश्व मूलतः उपभोक्तावाद की धुरी पर घूम रहा है। उत्पादन, विपणन, संचार और संस्कृति,सब कुछ बाजार के तर्कों से संचालित होने लगा है। ऐसे समय में भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं रह जाती, बल्कि वह बाजार तक पहुँचने का सबसे प्रभावी औजार बन जाती है। इसी संदर्भ में हिंदी आज एक नई भूमिका में सामने आती है एक विशाल उपभोक्ता समाज की संपर्क भाषा के रूप में। हिंदी साहित्य, हिंदुस्तानी संस्कृति और उपभोक्तावाद के इस त्रिकोणीय संबंध ने हिंदी को न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी एक नई पहचान दी है।

भारत आज विश्व का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजारों में से एक है। लगभग 141 करोड़ की जनसंख्या वाला यह देश, विविध भाषाओं और संस्कृतियों के बावजूद, बाजार के स्तर पर एक साझा संप्रेषण भाषा की माँग करता है। यह भूमिका स्वाभाविक रूप से हिंदी निभाती है। किंतु यह हिंदी अपने शुद्ध, संस्कृतनिष्ठ रूप में नहीं, बल्कि एक लचीले, मिश्रित और व्यावहारिक रूप में सामने आती है–जिसे प्रचलित भाषा में हिंग्लिश या हिंदुस्तानी कहा जाता है। इसमें हिंदी के साथ अंग्रेजी और उर्दू के शब्द सहज रूप से घुले-मिले होते हैं।

आज की विडंबना यह है कि स्वयं भारत में विशुद्ध हिंदी का प्रयोग दिन-ब-दिन सीमित होता जा रहा है। समाचार चैनलों के एंकर, विज्ञापन, सोशल मीडिया, कॉरपोरेट संवाद–सब जगह हिंदी के साथ अंग्रेजी का घालमेल सामान्य हो चुका है। टेलीविजन को दूरदर्शन, इंटरनेट को अंतरजाल और मोबाइल को चलदूरभाष कहना अब व्यवहारिक नहीं लगता। यह केवल भाषायी आलस्य नहीं, बल्कि उपभोक्ता बाजार की माँग का परिणाम है। बाजार वही भाषा स्वीकार करता है जो त्वरित, सरल और सर्वग्राह्य हो।

संचार क्रांति ने इस प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। टेलीविजन, इंटरनेट, व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और अन्य डिजिटल मंच सीधे-सीधे उपभोक्ताओं से जुड़े हुए हैं। इन माध्यमों पर प्रयुक्त हिंदी वह हिंदी है जो तुरंत समझ में आए, भावनात्मक रूप से जुड़े और उपभोक्ता को आकर्षित करे। परिणामस्वरूप, विज्ञापनों में हिंदी का प्रयोग व्यापक रूप से होने लगा है, किंतु यह हिंदी संस्कृत की शुद्धता से अधिक बाजार की सरलता से संचालित होती है।

यह भी एक तथ्य है कि आज के अनेक बड़े हिंदी साहित्यकार भी अपनी रचनाओं में अंग्रेजी और उर्दू के शब्दों का प्रयोग सहजता से कर रहे हैं। यह कोई साहित्यिक पतन नहीं, बल्कि भाषा की जीवंतता का संकेत है। भाषा वही जीवित रहती है जो समय, समाज और बाजार के साथ स्वयं को ढाल लेती है। हिंदी का स्वभाव ऐतिहासिक रूप से ऐसा ही रहा है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने ठीक ही कहा था कि हिंदी ने कभी केवल विदेशी होने के कारण किसी शब्द का तिरस्कार नहीं किया। उर्दू, फारसी और बाद में अंग्रेजी–हिंदी ने सभी को आत्मसात किया और अपनी अभिव्यक्ति को और समृद्ध बनाया।

वैश्विक परिदृश्य पर दृष्टि डालें तो हिंदी का विस्तार और भी रोचक दिखाई देता है। भारतीय मूल के लोग आज श्रीलंका, मॉरीशस, फि जी, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों में बड़ी संख्या में बसे हुए हैं। ये प्रवासी और अप्रवासी भारतीय अपने साथ हिंदी और हिंदुस्तानी संस्कृति को भी ले गए हैं। परिणामस्वरूप, हिंदी का वैश्विक विस्तार स्वाभाविक रूप से इन समुदायों के माध्यम से हो रहा है।

इसी के साथ, अमेरिका, यूरोप, जापान, चीन और कोरिया जैसे देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ भारत को एक विशाल उपभोक्ता बाजार के रूप में देखती हैं। एक ही देश में करोड़ों संभावित ग्राहक मिलना विश्व के किसी अन्य देश में संभव नहीं है। इसलिए ये कंपनियाँ अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए हिंदी को माध्यम बनाती हैं। विज्ञापन, ब्रांडिंग और डिजिटल कंटेंट में हिंदी का प्रयोग लगातार बढ़ रहा है। यह बाजारवाद के दृष्टिकोण से हिंदी की सबसे बड़ी शक्ति है।

भाषा-अध्ययनों में भी हिंदी की स्थिति लगातार सुदृढ़ होती दिखाई देती है। हालिया वैश्विक भाषायी अध्ययनों के अनुसार हिंदी (हिंदुस्तानी सहित) विश्व की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में अग्रणी स्थान पर है। लगभग 60 करोड़ से अधिक लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हिंदी का प्रयोग करते हैं। इसकी सरल व्याकरणिक संरचना, भावनात्मक क्षमता और सांस्कृतिक विस्तार इसे वैश्विक स्तर पर आकर्षक बनाते हैं।

हिंदी के वैश्विक प्रचार में भारतीय सिनेमा, गीत-संगीत और लोकप्रिय संस्कृति का योगदान अत्यंत महत्त्वपूर्ण रहा है। हिंदी फि ल्में, उनके संवाद और गीत आज विश्वभर में बसे भारतीयों के साथ-साथ अन्य भाषाभाषी लोगों को भी आकर्षित करते हैं। इससे न केवल हिंदी की लोकप्रियता बढ़ती है, बल्कि भारतीय फि ल्म उद्योग को विदेशी मुद्रा भी प्राप्त होती है। इस प्रकार, हिंदी उपभोक्तावाद और सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था–दोनों की भाषा बनती जा रही है।

भारत में 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाना और विभिन्न देशों में विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन, हिंदी के औपचारिक और वैश्विक स्वीकार का प्रतीक है। पंडित गोविंद बल्लभ पंत और एनी बेसेंट जैसे विचारकों ने बहुत पहले यह रेखांकित कर दिया था कि हिंदी भारत की वह भाषा है जो विभिन्न प्रांतों और भाषाओं के बीच सेतु का कार्य करती है। आज बाजार ने इस सेतु को और मजबूत कर दिया है।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि हिंदी आज केवल साहित्य या प्रशासन की भाषा नहीं रही, बल्कि वह वैश्विक उपभोक्तावाद की एक सशक्त भाषा बन चुकी है। अंग्रेजी भले ही अंतरराष्ट्रीय संपर्क भाषा हो, किंतु उपभोक्ता स्तर पर हिंदी का प्रभाव कहीं अधिक गहरा और व्यापक है। आवश्यकता इस बात की है कि हम हिंदी को उसकी स्वाभाविक लचीलापन के साथ स्वीकार करें, बिना हीन भावना और बिना अतिशुद्धतावाद के। हिंदी की शक्ति उसकी समावेशी प्रवृत्ति में है। यही प्रवृत्ति उसे भविष्य में भी जीवंत, लोकप्रिय और वैश्विक बनाए रखेगी।

**संजीव ठाकुर,वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, लेखक, स्तंभकार,रायपुर, छत्तीसगढ़, 9009415415,**

### *मिर्जा गालिब साहब के जन्मदिन के मौके पर उनके गजलों की कुछ पंक्तियाँ और कुछ चुनिंदा शेर पेश हैं।*

· इस कदर तोड़ा है मुझे उसकी बेवफाई ने गालिब,

अब कोई अगर प्यार से भी देखे तो बिखर जाता हूँ

· फिर उसी बेवफा पे मरते है, फिर वही जिंदगी हमारी है,

बेखुदी बेसबब नही गालिब, कुछ तो है जिसकी पदार्दारी है।

· गालिब बुरा न मान जो वाइज बुरा कहे,

ऐसा भी कोई है के सब अच्छा कहे जिसे।

· आह को चाहिए इक उम्र असर होते तक,

कौन जीता है तेरी जुल्फ के सर होते तक।

· बगीचा-ए-अतफाल है दुनिया मिरे आगे,

होता है शब-ओ-रोज तमाशा मिरे आगे।

· बस-कि दुश्वार है हर काम का आसाँ होना,

आदमी को भी मयस्सर नहीं इंसाँ होना।

· दिल-ए-नादाँ तुझे हुआ क्या है,

आखिर इस दर्द की दवा क्या है।

· इशरत-ए-कतरा है दरिया में फना हो जाना,

# जी -राम -जी से अब मजदूरों को मिलेगी रोजगार की वैधानिक गारंटी

## जी राम जी - है गारंटी काम की

**मृत्युंजय दीक्षित**

संसद के शीतकालीन सत्र में विकसित भारत -जी राम जी; गारंटी फार रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक -2025 पारित होने के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी मिल जाने के साथ ही विधिवत कानून बन चुका है। संसद के दोनों सदनों में इस विधेयक के प्रावधानों के स्थान पर इसके नाम पर तीखी बहस हुई। लोकसभा से पारित होते समय इस विधेयक की प्रतियां फाड़ी गयीं और राज्यसभा मे बहस पूरी होने और विधेयक पारित होने के बाद विपक्ष रात्रि में धरने पर बैठ गया। बहस के दौरान महात्मा गाँधी सभी पक्षों के लिए महात्मा बने रहे किंतु प्रभु श्रीराम, राम विरोधी दलों के सांसदों के निशाने पर आ गये। अभी तक चल रही मनरेगा योजना के नाम में सबसे पहले महात्मा गांधी का नाम आता था और इसका पूरा नाम था महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना। नए विधेयक में सरकार ने योजना के लिए नया नाम जी राम जी प्रयुक्त किया है। विधेयक के नाम मे जी राम जी आता है इसलिए कांग्रेस सहित अन्य दलों की नजर में यह विधेयक मजदूर विरोधी और संविधान विरोधी हो गया। सदन में बहस के दौरान आप सांसद संजय सिंह सहित कई सांसदों ने मयार्दा ध्वस्त करते हुए प्रभु श्रीराम के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया।

नया कानून जी राम जी, पुरानी मनरेगा योजना की अपेक्षा कई कई दृष्टियों से नया है। यह मात्र नाम बदलने की प्रक्रिया नहीं है। तेजी से बढ़ते भारत के लिए नए प्रावधानों की आवश्यकता थी जिसे जी राम जी योजना पूरा करेगी। जी राम जी, का उददेश्य विकसित भारत- 2047 के विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास की अवसंरचना तैयार करना है। जहाँ मनरेगा 100 दिन काम की गारंटी देती थी वहां जी राम जी, 125 दिन काम देगी। इसमें साप्ताहिक भुगतान और कटाई -बुआई के सीजन के दौरान 60 दिन कोई काम न कराने का भी प्रावधान है ताकि खेतों पर काम करने के लिए मजदूरों की कमी न हो। सरकार का कहना है कि इस कानून का उद्देश्य ग्रामीण सशक्तीकरण तथा समावेशी योजनाओं का बेहतर तरीके से समन्वय करना है। इस योजना का लक्ष्य सशक्तीकरण एवं विकास को बढ़ावा देकर समृद्ध और सक्षम ग्रामीण भारत का निर्माण करना है। योजना में केंद्र सरकार का खर्च का हिस्सा 60 प्रतिशत व राज्य का हिस्सा 40 प्रतिशत होगा जबकि मनरेगा में केंद्र सरकार ही अधिकांश खर्च वहन किया करती थी।

नए कानून के अंतर्गत रोजगार और परिसंपत्ति निर्माण को चार प्राथमिक कार्य क्षेत्रों मे विभाजित किया गया है ताकि ग्रामीण विकास और आजीविका दोनों को मजबूत किया जा सके। यह नई योजना जल संचयन, भूजल स्तर सुधार, बाढ़ जल निकासी, पानी की उपलब्धता और प्रबंधन के काम में भी लागू कर दी गई है। इससे पानी संबंधी समस्याओं का समाधान और कृषि उत्पादकता बढ़ाने का भी प्रयास किया जाएगा।

ग्रामीण सड़कों के रखरखाव एवं निर्माण, पुल पगडंडी, नाला आदि के निर्माण व सड़क कनेक्टिविटी जैसे कार्यों को भी योजना से जोड़ लिया गया है जिससे गांवों मे आवागमन और बाजार तक पहुंच आसान हो सकेगी। कृषि उत्पादन भंडारण सुविधाओं, बाजार से जुड़ाव और बिक्री केंद्र, सहकारिता और आजीविका संवर्द्धन परियोजनाओं को भी योजना में स्थान दिया गया है। इससे ग्रामीण व्यवसायीयों और किसानो के लिए अतिरिक्त आय के स्रोत बनेंगे। नये कानून में मृदा सरंक्षण और सुधार, बाढ़ नियंत्रण के उपाय, पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कई कार्य, जलवायु अनुकूलता और जोखिम प्रबंधन गतिविधियो को भी योजना में शामिल कर लिया गया है। इन कार्यो से स्थानीय जलवायु संतुलन और कृषि पैदावर में मजबूती आएगी।

नया विकसित भारत जी-राम जी कानून लागू हो चुका है अतः अब मनरेगा पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी। छह माह के भीतर राज्यों को अपनी नई योजनाएं बनानी होंगी। राज्यों को नई पंजीकरण व्यवस्था बनानी होगी जो पूर्णतया डिजिटल और बायोमैट्रिक पर आधारित होगी। सभी बनाए गए संसाधनो के डिजिटल रिकार्ड का अनुश्रवण किया जाएगा जिससे पारदर्शिता और योजना निर्माण में सुधार होगा। ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाएं तैयार होंगी जो राष्ट्रीय विकास ढांचे से जुड़ी होंगी। यदि 15 दिनो में मजदूरों को काम नहीं मिल पाता है तो उन्हें बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी रखा गया है।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि विगत 20 वर्षों में मनरेगा ने ग्रामीण परिवारों को रोजगार दिया पर गांवो में सामाजिक -आर्थिक बदलाव को देखते हुए इसे मजबूत करना जरूरी है। मनरेगा के संचालन में समय के साथ कई संरचनात्मक कमियां आ गयी थीं। कई राज्यों में फर्जी कार्य समेत अन्य विसंगतियों की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। बंगाल के 19 जिलों में फंड के दुरुपयोग और फर्जी काम का मामला सामने आने के बाद केंद्र ने पूरे ढांचे पर पुनर्विचार किया और नया विधेयक तैयार किया। सरकार का यह भी मत है कि योजना के डिजिटल हो जाने से योजना पारदर्शी हो जाएगी। कृषि मंत्री शिवराज सिह चौहान ने स्पष्ट किया कि महात्मा गांधी भी रामराज्य की बात करते थे और सरकार जी -राम- जी स्कीम लाकर बापू के सपनों को ही पूरा करने का काम कर रही है इसलिए विपक्ष को माहत्मा गांधी के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

**प्रेषक - मृत्युंजय दीक्षित**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# अंधेर नगरी चौपट राजा: बिल्डर की मनमानी पर प्राधिकरण की चुप्पी

**समाज जागरण**

गौतमबुद्ध नगर, 25 दिसंबर 2025: बरौला गांव, हनुमान मूर्ति के पीछे, चल रहे फ्लैट निर्माण को लेकर नोएडा विकास प्राधिकरण पर सवाल कई सवाल उठ रहे है। रेहडी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन ने आईजीआरएश में शिकायत दर्ज कर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश और अधिकारियों का ध्यान इस ओर खींचा। एसोसिएशन ने नोएडा प्राधिकरण निर्माण के संबंध मे कई सवाल पूछे थे लेकिन नोएडा प्राधिकरण ने साफ-साफ लिखिथ मे जबाब दिया है। जिसमे कहा गया है कि नोएडा प्राधिकरण नोएडा के गाँव मे बन रहे बड़े बड़े बिल्डिंग के लिए जिम्मेदारी नही है। न इस बिल्डिंग के लिए अनुमति देती है। अब कई सवाल उठ रहे है। अगर प्राधिकरण इस बिल्डिंग को बनाने के अनुमति नही दिया है तो आखिर किसके अनुमति से यह बिल्डिंग बनाई जा रही है। इसके सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है ?

मुख्य बिंदुः बिल्डर द्वारा उठाई गई ऊंची-ऊंची इमारत की असली अनुमति है या नहीं, इसका कोई जवाब अधिकारी नहीं दे रहे।

शिकायतकर्ता का आरोपः "क्या नोएडा प्राधिकरण केवल पैसे के लिए आम लोगों की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहा है?"

गांव में हादसे का खतराः स्थानीय लोग चिंता में, अधिकारी मौन।

नोएडा प्राधिकरण ने जवाब दिया कि यह निर्माण प्राधिकरण की अनुमति के बिना हो रहा है।

### IGRS में दर्ज शिकायत में क्या कहा गया:

क्या निर्माण के लिए एनएससी या अन्य अनुमति मिली है?

भूमि और सुरक्षा की जांच कैसे हुई?

वर्क सर्कल-3 अधिकारी क्यों जवाब नहीं दे रहे?

अब सवाल यही हैः क्या नोएडा विकास प्राधिकरण और बिल्डर आम जनता की सुरक्षा को नजर-अंदाज कर रहे हैं? क्या बरौला गांव में कोई बड़ा हादसा होने से पहले कार्रवाई होगी?

*सावधान! इस मामले में सुरक्षा की गंभीर चेतावनी है। स्थानीय लोगों और IGRS शिकायतकर्ताओं की मांग है कि मुख्यमंत्री और उच्च अधिकारी इस मामले में संज्ञान लें और तुरंत कार्रवाई करें।*

## एक दिवसीय बाल मनोवैज्ञानिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**समाज जागरण**

जनपद बलरामपुर पार्टिसिपेटरी एक्शन फॉर कम्युनिटी एंपावरमेंट (पेस) संस्था द्वारा संचालित टीडीएच परियोजना के तत्वाधान में जनपद बलरामपुर के तुलसीपुर ब्लॉक अंतर्गत एस एस इण्टर कालेज आह्लाद डीह में एक दिवसीय बाल मनोवैज्ञानिक चिकित्सा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बाल चिकित्सा समूह के सदस्य एवं युवा समूह के बच्चों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का संचालन पेस संस्था की सचिव राजविंदर कौर जी ने किया एवं प्रशिक्षक अश्वनी कुमार द्विवेदी जी ने बच्चों को बाल मनोवैज्ञानिक चिकित्सा के बारे में विस्तृत जानकारी साझा किया तथा प्रशिक्षित बच्चों को संस्था की तरफ से उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया। प्रशिक्षण से बच्चों ने बाल मनो-विज्ञान के विषय में बहुत सारी जानकारी प्राप्त किया एवं संस्था के कार्यों की सराहना किया। कार्यक्रम में पेस संस्था से संस्था की सचिव राजविंदर कौर जी, सुमित रंजन जी, अमरीश जी, विनोद कुमार पांडेय जी,फकरुद्दीन जी, पुनीता पांडेय जी तथा प्रशिक्षक अश्वनी कुमार द्विवेदी जी एवं यूथ क्लब के बच्चे तथा बाल चिकित्सा समूह के सदस्य मौजूद रहे।

## लोनी में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर हुए कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण**

लोनी, 25 दिसंबरः भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री परम श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर पुनीत एनक्लेव वार्ड नंबर 38 स्थित मंगल बाजार में गुरुवार को बलराम नगर मंडल अध्यक्ष राहुल श्याम सुंदर जी के निदेर्शानुसार, शक्ति केंद्र संयोजक सौरभ अग्रवाल जी की शक्ति केंद्र 17 के बूथ संख्या, 192,193, 194,195, 196,197 पर सभी सम्मानित बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ता के साथ पूरे उत्साह के साथ मनाया गया।



कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि कपिल पांचाल, उपाध्यक्ष बलराम नगर मंडल, लोनी एवं शक्ति केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कपिल पांचाल ने श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के त्याग, बलिदान एवं समर्पण के गुणों के बारे में उपस्थित कार्यकताओं को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से होरी लाल कुशवाहा, श्री रमेश चंद ठाकुर, श्री नीरज त्यागी, अंशित पाल, श्री प्रवीन कुमार, श्री प्रिंस त्यागी, सचिन कुमार, उमेश सिंह, उपस्थित रहे।

# एसआर एंजेल्स प्लेवे स्कूल में हुआ तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन

### (व्यक्ताओं के बीच छाया रहा तुलसी पौधे की महत्ता का विषय)

**समाज जागरण**

लोनी, 25 दिसंबरः गुरुवार को एसआर एंजेल्स प्लेवे स्कूल में तुलसी पूजन कार्यक्रम बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर तुलसी के महत्व पर प्रकाश डालने वालो में शामिल कई व्यक्ता मूल विषय से भटककर अपने निजी विषय पर चर्चा करते नजर आए। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।



स्कूल प्रबंधक पं0ओमवीर भारद्वाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम का श्री गणेश दीप प्रज्वलित के साथ मंत्र उच्चारण करते हुए विधिवत रूप से किया गया। सभी ने जल व पुष्प अर्पित करने के उपरांत तुलसी जी की आरती के साथ ही परिक्रमा करते हुए धर्म लाभ उठाया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सतपाल प्रधान (पूर्व गा.बाद जिला अध्यक्ष भाजपा) तुलसी जी के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति व्यक्त करने के साथ ही क्षेत्र में लावारिस घूम रही गौ माता पर चिंता जताई। उन्होंने हर सक्षम व्यक्ति से ऐसी पांच गाये गोद स्वरूप लेने की अपील की।

डॉ0 प्रमेंद्र जांगड़ा( भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष-ओबीसी मोर्चा) ने कहा कि तुलसी सिर्फ एक पौधा नहीं, बल्कि साक्षात लक्ष्मी का स्वरूप और भगवान विष्णु की प्रिय प्रिया हैं, जो घर-आँगन में सुख-समृद्धि, सकारात्मक ऊर्जा व आरोग्य लाती हैं; इनकी पूजा से सभी पाप नष्ट होते हैं और इन्हें अर्पित भोग भगवान स्वीकार करते हैं, इसलिए इन्हें हर घर में पूजनीय माना गया है। उन्होंने तुलसी को साइंस की दशा से भी अति उत्तम होना बातया।

ब्राह्मण समाज से राष्ट्रीय अध्यक्ष पं0प्रवेश दत्त भारद्वाज ने 25 दिसंबर को क्रिसमस डे के रूप में मनाने का विरोध करते हुए कहा कि ईसाइयों ने हमारे हिंदू धर्म को बांटने का काम किया है। जिन्होंने ईसाई धर्म की स्थापना की और पैसों के बलबूते हिंदुओं को ईसाई बनाने का काम किया। हमें इस परंपरा को तोड़कर सनातन धर्म को बचाना होगा जिसके लिए हमारे संतों ने लड़ाई लड़ी है। भारद्वाज ने पिछली सरकार पर ईसाई धर्म को बढ़ाने का आरोप भी लगाया हैं।

**पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष** डॉ0विनोद बंसल ने बताया कि तुलसी केवल धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से ही महत्वपूर्ण नहीं, बल्कि वैज्ञानिक रूप से भी इसके अनेक स्वास्थ्य लाभ हैं, जो तनाव कम करने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, संक्रमण से बचाने और कई पुरानी बीमारियों में राहत देने में मदद करते हैं जिसे आधुनिक विज्ञान भी स्वीकार करता है।

हिंदू रक्षा दल नेता अमित प्रजापति ने 25 दिसंबर को मनाया जाने वाले क्रिसमस डे पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि आज देश में एक बड़ी संख्या में लोग पश्चिमी परंपरा अपना कर अपने सनातन धर्म को भूलते जा रहे हैं, देशवासियों को ऐसी सोच से बचना होगा। उन्होंने स्कूलों में बच्चों को सांता बनाए जाने पर रोक लगाने, तथा 25 दिसंबर को तुलसी पूजन और माता-पिता पूजन के रूप में मनाये जाने की बात पर जोर दिया।

भाजपा नेता ईश्वर मावी ने कहां की तुलसी मानसिक और शारीरिक दोनों तरह के तनाव को कम करती है और कई औषधीय गुणों से भरपूर हैं। मगर इसके अलावा अन्य और भी ऐसी बातें और तनाव है जिन्हें दूर करना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा आने वाले समय में वह फिर उनके बीच आकर इसकी चर्चा करेंगे।

उपरोक्त के अलावा राजकुमार धामा पंडित अतुल शर्मा, सभासद रामनिवास त्रिपाठी, महिपाल जांगिड़, देवेंद्र मुखिया सभासद रूपा चौधरी मैं संजीव शर्मा आदि ने भी तुलसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उसे हर घर के आंगन में लगाने के साथ-साथ, प्रतिदिन उसे (रविवार का दिन छोड़कर) जल अर्पण करने के लिए कहा। सभी ने कार्यक्रम के आयोजक पंडित ओमवीर भारद्वाज की इस पहल का स्वागत करते हुए उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की।

हालांकि इस दौरान कुछ व्यक्ताओं ने अपने संबोधन के दौरान वास्तविक विषय से भटकते हुए जहां अपनी निजी उपलब्धियां का बखान करने में समय लगा वहीं दूसरी ओर बिना किसी का नाम लिए जनप्रतिनिधि की कार्य प्रणाली पर उंगली उठाने का काम भी किया। कार्यक्रम के अंत में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से विनोद चौधरी, हरिओम शर्मा, इंद्रपाल जांगिड़, सलीम पहलवान, अतुल शर्मा व सचिन शर्मा, आदि सहित सैकड़ो महिला व पुरुष कार्यक्रम के साक्षी बने. जिसके संचालन कार्य की भूमिका गौरी शंकर पांडे ने सफलता पूर्वक निभाई।

# नकली नोट कांड में फँसा मजदूर पुलिस हिरासत में

### (तीन दिन से पीड़ित परिवार देख रहा है पुलिस निर्णय के इंतजार)

**समाज जागरण**

लोनी, 25 दिसंबरः लोनी पुलिस का एक और नया कारनामा, मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाला अंजलि विहार कॉलोनी निवासी सुनील, नकली नोट के मामले में पिछले तीन दिनों से पुलिस हिरासत में है। उसके परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने ना तो उसे जेल भेज रही है और न ही रिहा कर रही है, जबकि कानूनी रूप से किसी भी व्यक्ति को इतने समय तक बिना



कोई कारण बताए थाने में नहीं रखा जा सकता।

परिजनों का कहना है कि मंगलवार रात सुनील अपने पड़ोसी विनोद के साथ गढ़ी कटिया, राम पार्क मार्ग स्थित शराब के ठेके पर शराब लेने गया था। वहीं मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने सुनील को 500-500 रुपये के दो नोट दिए और अपने लिए भी शराब मंगाने को कहा। जैसे ही उसने नोट ठेका कर्मचारी को दिए, वे नकली मिले। कर्मचारी ने इसकी सूचना 112 नंबर पर दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुँची और सुनील व विनोद को हिरासत में लेकर थाने ले आई।

परिजनों का कहना है कि सुनील शराब का आदी है और नशे की हालत में उसने अनजान व्यक्ति से नोट ले लिए, पर नकली नोट गिरोह से उसका कोई संबंध नहीं है। परि-वार का आरोप है कि "गुड वर्क" दिखाने के लिए पुलिस एक गरीब मजदूर को बलि का बकरा बनाने कि फिराक में है। इतना ही नहीं, तीन दिन बीत जाने के बाद भी न तो उसे अदालत में पेश किया गया और न ही छोड़ा गया, जबकि परिजन लगातार थाने के चक्कर काट रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि, सुनील से उस अज्ञात व्यक्ति के बारे में पूछताछ की जा रही है जिसने उसे नकली नोट दिए थे, जबकि वह मौके से फरार हो गया था। अब ऐसी स्थिति में यह चर्चा जोरों पर है कि क्या सुनील वास्तव में किसी गिरोह से जुड़ा है, या फिर वह नशे में किसी साजिश का शिकार बन गया ? अब हकीकत चाहे जो भी हो, परिजनों ने मामले में निष्पक्ष जाँच के लिए गौहर लगाई हैं।

## बाल विवाह मुक्ति श्रावस्ती बनाने हेतु जागरूकता रथ को खण्ड विकास अधिकारी हरिहर पुर रानी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**समाज जागरण**

जनपद श्रावस्ती महिला कल्याण विभाग, श्रावस्ती तथा एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (नीति आयोग) व देहात इंडिया संस्था के तत्वाधान में जनपद श्रावस्ती में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक हरिहरपुर रानी के खंड विकास अधिकारी राम बरन जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया गया।

इस अवसर पर बाल विवाह को रोकने एवं समाज को जागरूक करने हेतु उपस्थित लोगों को बाल



विवाह न करने व रोकने की शपथ भी दिलाई गई। यह जागरूकता कार्यक्रम ब्लॉक हरिहरपुर रानी के सभी ग्राम पंचायतों गांवों में बाल वि-वाह की रोक थाम हेतु प्रचार प्रसार करेगा

कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों एवं बच्चों के अधिकारों की जानकारी दी गई तथा लोगों से अपील की गई कि वे बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने में सहयोग करें।

इस अभियान में देहात इंडिया संस्था से हंसराम, रमेश कुमार शुक्ला एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना मय टीम विकास खंड हरिहर पुर रानी के ग्राम विकास अधिकारी की सक्रिय सहभागिता रही। सभी ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित, शिक्षित एवं सशक्त भविष्य प्रदान करना तथा बाल विवाह मुक्त जनपद बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

# सूरजपुर मंडल में सुशासन दिवस एवं अटल बिहारी वाजपेयी जन्म जयंती का आयोजन

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा (25 दिसंबर 2025)। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती तथा सुशासन दिवस गुरुवार को सूरजपुर मंडल के अजायबपुर गांव स्थित किसान मजदूर आदर्श इंटर कॉलेज में बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

मुख्य कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मनोज मावी एवं जिला मंत्री सतपाल शर्मा ने अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने अटल जी के जीवन, उनके




विचारों और देश के लिए किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति में ईमानदारी, सादगी और सिद्धांतों के प्रतीक थे। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में देश को स्थिरता और तेज विकास दोनों मिले। वे एक संवेदनशील कवि और ओजस्वी वक्ता भी थे। उनका नारा "सबका साथ, सबका विकास" आज भी हर नागरिक के लिए प्रेरणा स्रोत है।

कार्यक्रम में सुशासन दिवस के महत्व को भी रेखांकित किया गया। सभी ने अटल जी के आदर्शों को अपनाने तथा प्रशासन व समाज में पारदर्शिता, ईमानदारी और जनसेवा के मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भाटी, सांसद प्रतिनिधि बलराज भाटी, सतपाल शर्मा, विजय रावल, रकम भाटी, भगवत भाटी, बीरपाल मावी, शेखर नागर, रवि जिंदल, शक्ति रावल, हेमंत त्यागी, कपिल भाटी, सतीश, पवन भाटी, जयविंद, गुलशन, मनोज डॉक्टर, दिनेश भाटी, अनिल मास्टर,आदेश भड़ाना सहित मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर अटल जी के विचारों और योगदान को याद किया तथा उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

## परजनपुर में सुशासन दिवस का आयोजन, निबंध प्रतियोगिता में 55 प्रतिभागियों ने लिया भाग

**समाज जागरण**

वाराणसी। परजनपुर में मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी यतेंद्र कुमार के नेतृत्व में आज 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 55 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे अश्वनी कुमार मौर्य (रिसर्च स्कॉलर), विनोद मौर्य (सामाजिक कार्यकर्ता), बाबूलाल मौर्य (सामाजिक कार्यकर्ता), अंकित



मौर्य, धीरज मौर्य अध्यापक एवं प्रीतम मौर्य अध्यापक की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्पूर्ण कार्यक्रम का युवा मंडल परजनपुर, अजय कुमार पटेल, अजय कुमार मौर्य (युवा मंडल अध्यक्ष, अयोध्यापुर) तथा पूर्व एनवाईवी परवेश कुमार मौर्य की देखरेख में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सुशासन, राष्ट्र निर्माण एवं अटल जी के विचारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा, जिसे उपस्थित युवाओं एवं अतिथियों ने सराहना किया।

## महाराज बलवंत सिंह की पुण्यतिथि पर श्लोक वाचन प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने किया जीत हासिल

**समाज जागरण**

वाराणसी। आज गुरुवार को महाराज बलवंत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पूज्य संस्थापक डॉ0 विभूति नारायण सिंह महाराज की पुण्य तिथि पर संस्थापक स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में सुंदरकांड और श्लोक वाचन प्रतियोगिता का आयोजन गंगापुर परिसर में किया गया।

भारतीय संस्कृति के अनुरूप सर्वप्रथम प्रभु श्री राम दरबार का पूजन कर सुंदरकांड का पाठ सामूहिक रूप से किया गया, तत्पश्चात स्मृतिशेष डॉ0 विभूति नारायण सिंह की प्रतिमा पर प्राचार्य और सभी शिक्षकों के द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

श्लोक वाचन प्रतियोगिता में सत्य, विद्या और धर्म पर कई छात्र-छात्राओं ने श्लोक वाचन किया



जिसमें अमीषा पटेल ने प्रथम स्थान, रीमू सेठ ने द्वितीय स्थान और सुहानी उपाध्याय एवं किशन मौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पुरुषोत्तम सिंह ने अपने उद्बोधन में पूर्व महाराज के सद्विचारों की चर्चा की और उनके संस्कृत और संस्कृति प्रेम से सीखने की सलाह दी। प्राचार्य प्रोफेसर पुरुषोत्तम सिंह, प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह और प्रोफेसर आलोक कुमार कश्यप के द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जन्मशताब्दी के उपलक्ष में उनके चित्र पर पुष्पार्चन करते हुए उनकी कविताओं का पाठ और उनके अच्छे कार्यों की चर्चा की गई।तत्पश्चात महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने पुष्प अर्पित करके उनको स्मरण किया।

कार्यक्रम में सभी कर्मचारी गण और महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।

# अटल प्रदर्शनी का फीता काटकर एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने किया शुभारम्भ

**समाज जागरण**

वाराणसी। भाजपा जिला कार्यालय केशरीपुर रोहनिया वाराणसी में 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर उनके जीवन-वृत्त पर आधारित एक भव्य प्रदर्शनी का सदस्य विधान परिषद एवं भाजपा जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ करते हुए अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा कर



बंदेमातरम का उद्घोष किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश मौर्या ,भाजपा जिला महामंत्री, प्रवीण सिंह गौतम , संजय सोनकर , अरविंद प्रधान , जिला मंत्री श्रीमती उषा मौर्या , अश्वनी पांडेय एवं अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# बहजोई में श्रद्धा और उल्लास के साथ मना क्रिसमस पर्व

**समाज जागरण**

बहजोई। ग्लोबल मेथाडिस्ट चर्च इन इंडिया संस्था के अंतर्गत डिवाइन फैथ फेलोशिप चर्च, बहजोई में क्रिसमस पर्व बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चर्च परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो उठा।




क्रिसमस के पावन अवसर पर चर्च के पादरी रेव्ह० डॉ० राहुल उठवाल ने प्रभु यीशु मसीह के जन्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यीशु मसीह का जन्म मानवता के लिए प्रेम, आशा और उद्धार का संदेश लेकर आया। उन्होंने कहा कि सत्य और ईमानदारी के मार्ग पर चलना ही सच्चा मसीही जीवन है, चाहे इसके लिए कोई भी मूल्य क्यों न चुकाना पड़े।

अपने उपदेश में उन्होंने बाइबल के लूका 2:10-11 का उल्लेख करते हुए कहा कि "आज दाऊद के नगर में तुम्हारे लिए एक उद्धारकर्ता जन्मा है" का संदेश संपूर्ण मानव जाति के लिए महान आनंद का शुभ समाचार है। यह संदेश भय, अंधकार और निराशा के बीच आशा की किरण बनकर जीवन को नई दिशा देता है। उन्होंने कहा कि क्रिसमस केवल बाहरी उत्सव नहीं, बल्कि आत्मिक नवीनीकरण और सेवा भाव को आत्मसात करने का पर्व है।

कार्यक्रम के दौरान कैंडिल जलाकर विश्व शांति के लिए विशेष प्रार्थना की गई। बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सांता क्लॉज ने बच्चों को उपहार वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। सजे हुए क्रिसमस ट्री और जगमगाते चर्च परिसर ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। विशेष प्रार्थना सभा में पादरी प्रवीन कुमार उठवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिला-पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांति, प्रेम और सद्भाव की कामना के साथ हुआ।

# यातायात व्यवस्था सुधार को लेकर संभल में चला विशेष चेकिंग अभियान

**समाज जागरण**

संभल। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में जनपद संभल में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़, सुरक्षित एवं अनुशासित बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात प्रभारी संभल द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान कोतवाली संभल क्षेत्र में बिना पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) संचालित ई-रिक्शाओं, नाबालिगों द्वारा चलाए जा रहे ई-रिक्शाओं तथा अनाधिकृत रूप से सवारी ढोने वाले वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के तहत सख्त कार्रवाई की गई। नियमों का



उल्लंघन करने वाले कई वाहनों को मौके पर ही सीज किया गया।

यातायात पुलिस ने कोहरे और कम दृश्यता को ध्यान में रखते हुए वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान चालकों को वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने की हिदायत दी गई तथा दुर्घटनाओं से बचाव के लिए मौके पर ही रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। अभियान से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधारने के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर सका-

# चन्दौसी में तुलसी पूजन एवं सत्संग का आयोजन

**समाज जागरण**

चन्दौसी। श्री गीता सत्संग महिला मंडल एवं गीता युवा महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में, किरण वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से गीता सत्संग भवन में तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तुलसी माता की विधिवत पूजा-अर्चना से हुआ। पूजन के पश्चात भजन-कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें मंडल की बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संयोजिका इंदु अग्रवाल ने तुलसी माता के औषधीय गुणों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि तुलसी सर्दी-खांसी, जुकाम, बुखार, श्वसन रोगों से राहत देने के साथ-साथ प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने एवं वातावरण को शुद्ध करने में अत्यंत लाभकारी है। उनके विचारों को उपस्थित महिलाओं ने ध्यानपूर्वक सुना।



कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। सभी बहनों ने तुलसी माता से परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलकामना की प्रार्थना की। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।
इस अवसर पर मंडल की अध्यक्ष जल्पा अग्रवाल सहित सदस्य निमिषा, प्रज्ञा, कामना, शिखा, निधि, दीपिका, सोनम, सोनल, शालिनी सहित अन्य बहनें उपस्थित रहीं।

# रामा टैलेंट हंट 2.0 का सफल आयोजन किया गया

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर किरतपुर।रामा इंस्टिट्यूट आफ हायर एजुकेशन किरतपुर के प्रांगण में रामा टैलेंट हंट 2.0 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद बिजनौर के विभिन्न स्कूलों में कक्षा बारह में अध्यनरत विद्यार्थिओं ने प्रतिभाग किया।प्रतियोगिया में सामान्य ज्ञान, विज्ञान,गणित,हिंदी, अंग्रेजी, सामजिक अध्ययन, अर्थशास्त्र आदि के प्रश्न पूछे गये।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।रामा टैलेंट हंट प्रतियोगिता में 7280 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिनमें से 2437 विद्यार्थियो ने परीक्षा में प्रतिभाग किया।टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन एम.ए.एस. प्रवक्ता देवेन्द्र सिंह के दिशा-निर्देशन में कोर्डिनेटर पूजा पाल ,शिवम गुड़वाल व पृथ्वीराज के सहयोग से आब्जर्वर डॉ. रोहित



चौधरी और प्राचार्य डॉक्टर डबलेश कुमार की प्लानिंग के अनुसार हुआ।अनुशासन का दायित्व चीफ प्रॉक्टर डॉक्टर रवीश कुमार के निर्देशन में जितेंद्र कुमार , नितिन कुमार व रूचि शर्मा ने संभाला। परीक्षा कराने की जिम्मेदारी डीन डॉ. सी.डी.शर्मा , पीयूष शर्मा व कामेंद्र सिंह ने संभाली।सिटिंग प्लान बी.एड.प्रवक्ता निखिल भारद्वाज ने तैयार कराया।वैशाली शर्मा व कृतिका वाष्णेय ने छात्र-छात्राओं को कालेज विजिट कराई।कैलेंडर वितरण का दायित्व मंजू जैन , श्वेता सरकार ने संभाला।कालिज प्रमोशन का दायित्व एफ. एम. कोर्डिनेटर नीलम वर्मा , रचना चौधरी व योगेश राजपूत ने संभाला। टैलेंट हंट प्रतियोगिता को सफल बनाने पर ट्रस्टी श्री अरुण गोयल जी ने रामा परिवार के सभी विभागाध्यक्ष , कॉर्डिनेटर , प्राध्यापको एवं कर्मचारियो को बधाई दी।

# बिजनौर में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र के क्रम में जानकारी देते हुए बताया कि ह्यनो हेलमेट नो फ्यूलह्न विषयक प्रदेशव्यापी विशेष अभियान पूर्व में 01 सितंबर 2025 से 30 सितंबर 2025 तक सफलतापूर्वक संचालित किया गया था, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए और दोपहिया वाहन चालकों में हेलमेट के प्रयोग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसी क्रम में सड़क सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से उक्त अभियान को पुनः लागू करने का निर्णय लिया गया है, जो अब 17 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा।
जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों और उनके पीछे बैठने



वाले पिलियन राइडर द्वारा हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग को सुनिश्चित करना है। यह अभियान मोटर वाहन अधिनियम-1988 की धारा 129, जिसमें हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है, तथा धारा 194-डी, जिसमें उल्लंघन की स्थिति में दंड का प्रावधान है, के अनुरूप है। साथ ही यह सुप्रीम कोर्ट सड़क सुरक्षा समिति (SCCORS) की भावना के अनुरूप जनहित में उठाया गया कदम है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और गंभीर चोटों को रोका जा सके।
जिलाधिकारी ने जनपद बिजनौर के सभी फ्यूल पंप संचालकों और स्वामियों को निर्देशित किया है कि वे ऐसे किसी भी दोपहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय न करें, जिसके चालक और पिलियन ने हेलमेट नहीं पहना हो। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि सभी फ्यूल पंप परिसरों में सीसीटीवी कैमरे हर समय सक्रिय अवस्था में रहें, ताकि किसी भी प्रकार के विवाद या शिकायत की स्थिति में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तथ्यात्मक और आवश्यक निर्णय लिया जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि इस अभियान के पालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# दुधवा जंगल से बाहर निकल रहे बाघ-तेंदुए, ग्रामीणों में दहशत

**समाज जागरण**
**कुलदीप सिंह लखीमपुर-खीरी।**

दुधवा राष्ट्रीय उद्यान से सटे इलाकों में बाघ और तेंदुए जैसे हिंसक वन्य जीवों के जंगल से बाहर निकलकर आबादी क्षेत्रों में पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। शिकार की तलाश में ये वन्य जीव गन्ने के खेतों और गांवों के आसपास खुलेआम घूमते देखे जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।
ताजा मामला निघासन क्षेत्र के ग्राम सिंगहा कलां का है, जहां ग्रामीण रामशंकर वर्मा के गन्ने के खेत में तेंदुए के चार शावक दिखाई दिए। एक साथ चार शावकों को देखकर गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। विभाग ने बच्चों और ग्रामीणों को अकेले खेतों में न



जाने तथा आवश्यक कार्य समूह में करने की सलाह दी है।
इससे पूर्व गोविंदपुर फार्म निवासी एक ग्रामीण के घर में घुसकर तेंदुए ने पालतू कुत्ते को अपना शिकार बना लिया था। अगले दिन भी इसी क्षेत्र में एक अन्य कुत्ते का शिकार किया गया। वहीं, तीन दिन पूर्व फरदहिया गांव में तेंदुए ने घर में घुसकर एक बछड़े को निवाला बना लिया था।
दुधवा बफर जोन की दक्षिण निघासन रेंज, लुधौरी, मंझगई और बेलरायां सहित आसपास के इलाकों में बाघ और तेंदुए की सक्रियता लगातार बढ़ रही है। वर्तमान में गांवों में गन्ने की कटाई और गेहूं की बुवाई का कार्य जोरों पर है, लेकिन हिंसक वन्य जीवों के भय के चलते किसान खेतों में जाने से डर रहे हैं, जिससे कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहा है।
ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# कोहरे ने धीमी की ट्रेनों की रफ्तार

## पांच घंटे लेट रहीं पैसेंजर, पौने तीन घंटे देरी से पहुंची एक्सप्रेस

**समाज जागरण**
**लखीमपुर, संवाददाता।**

घने कोहरे और बर्फीली हवा के चलते लखनऊझपीलीभीत रेल प्रखंड पर संचालित ट्रेनों की रफ्तार थम सी गई है। सर्दीले मौसम में यात्रियों को घंटों स्टेशन पर इंतजार करना पड़ रहा है। लखीमपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के ठहरने के समुचित इंतजाम न होने से परेशानी और बढ़ गई है।
रेल प्रखंड पर संचालित एकमात्र एक्सप्रेस ट्रेन लगभग पौने तीन घंटे की देरी से पहुंच रही है, जबकि पैसेंजर ट्रेनें करीब पांच घंटे तक लेट हो रही हैं। कोहरे और ठंडी हवा के बीच यात्रियों को कंपकंपाते हुए ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है।




गुरुवार को गोरखपुर से इज्जतनगर जाने वाली गोमती एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह 8.45 बजे के स्थान पर लगभग तीन घंटे की देरी से 11.17 बजे लखीमपुर पहुंची। वहीं, लखनऊ से पीलीभीत जाने वाली पैसेंजर ट्रेन 55086 अपने निर्धारित समय 10.37 बजे के बजाय करीब पांच घंटे देरी से अपराह्न 3.55 बजे स्टेशन पर पहुंची।
गुरुवार को दिनभर हल्की धूप तक नहीं निकल सकी, जिससे यात्रियों को ठंडी हवा में ही घंटों स्टेशन पर इंतजार करना पड़ा। इसके अलावा लखनऊझमैलानी, मैलानीझसीतापुर और सीतापुरझमैलानी रेल सेवाएं भी देरी से संचालित रहीं।

# सुशासन दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण**

चन्दौसी/संभल। केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय मुरादाबाद (भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय) द्वारा सुशासन दिवस के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल, ग्राम पथरा, चन्दौसी, जनपद सम्भल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती लता वार्ष्णेय, नगर पालिका अध्यक्ष, चन्दौसी ने कहा कि सरकार की विकसित भारत परिकल्पना के अंतर्गत ग्रामीण रोजगार की नई गारंटी योजनाओं से लोगों को लाभ मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और परिवार का भरण-पोषण बेहतर ढंग से हो सकेगा।
इस अवसर पर ग्राम पथरा की श्रीमती पूनम ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़कर जिम्मेदार नागरिक बनना चाहिए। विद्यालय के प्रबंधक श्री महानन्दन गौतम ने बताया कि




सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे बैंक खातों में भेजा जा रहा है, जिससे पारदर्शिता बनी है और आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है।
कार्यक्रम में श्रीमती आशा रानी (प्रधानाचार्या), श्री प्रवीण कुमार, श्री शामिल खान (ग्राम प्रधान पति), श्रीमती ब्रजबाला, रचना वार्ष्णेय, श्री देवराज सहित अन्य गणमान्यजनों का सहयोग रहा।
सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में रंगोली, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें अनुष्का, मदीहा, सायमीन, नगमा, पिया, आरुषि, कविता एवं अंशिका को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कृत किया गया।
कार्यक्रम में बंधन नृत्य नाटक संस्था, बरेली के कलाकारों द्वारा नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित दर्शकों ने सराहा। अंत में श्री धर्मेन्द्र कुमार, प्रभारी, केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय मुरादाबाद ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# पुलिस प्रशासन और संबंधित पक्षों के बीच वार्ता,मामला शांत

## 23 दिसंबर को पुलिस द्वारा अभियुक्त को थाने से न्यायालय में ले जाने के दौरान बढ़ गया था मामला

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर किरतपुर।एक जानलेवा हमने में नामजद अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने ले जाने के दौरान किरतपुर थाने में कुछ युवकों द्वारा पुलिस के काम में बाधा डाली गई।बाद में पुलिस प्रशासन और संबंधित पक्षों के बीच वार्ता के बाद मामला शांत हो गया।
प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 23 दिसंबर की शाम पुलिस अभियुक्त कुलदीप पुत्र जागीर सिंह निवासी इस्लामपुर सादात को थाने से न्यायालय में पेश करने ले जा रही थी।इसी दौरान पंकज पुत्र राजवीर (ग्राम चौराहा)सौरभ पुत्र लोकेंद्र ( ग्राम भरेकी) एवं अंकित पुत्र विजय (ग्राम मिठारी) ने अभियुक्त को ले जाने का विरोध किया और गाड़ी के आगे बैठने का प्रयास किया। पुलिस




का कहना है कि सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न होने के कारण तीनों युवकों को हिरासत में लिया गया था।युवकों की हिरासत की सूचना मिलने पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत)से जुड़े कार्यकर्ता थाने पहुंचे और अपनी बात रखने लगे।इस दौरान थाने पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे। देर रात एडिशनल एसपी व सीओ नजीबाबाद ने किसान प्रतिनिधियों से वार्ता की। वार्ता के दौरान युवकों द्वारा भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न करने का आश्वासन दिया गया।इसके बाद स्थिति सामान्य हो गई और एकत्रित लोग शांतिपूर्वक लौट गए।
पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।वही किसी भी पक्ष को अपनी शांतिपूर्ण और कानूनी तरीके से रखने का अधिकार है। अंत में विरोध कर रहे तीनों युवकों को गणमान्य लोगों की सुपुर्दगी में दे दिया गया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार,हिंदू संगठनों में रोष, जिलाधिकारी के नाम थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा

## संगठन के कार्यकताओं ने बांग्लादेश के राष्ट्रपति और सरकार का पुतला फूंका

**समाज जागरण अजमल अंसारी**

किरतपुर।नगर में हिंदू सुरक्षा सेवा संघ और अन्य हिंदू संगठनों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में प्रदर्शन किया कार्यकताओं ने स्टेशन चौराहे पर बांग्लादेश के राष्ट्रपति और सरकार का पुतला फूंका।
यह प्रदर्शन बांग्लादेश में 5 दिन पहले दीपू दास नामक एक दलित व्यक्ति को जिंदा जलाकर मार दिए जाने की घटना को लेकर किया गया। पदाधिकारी और कार्यकर्ता गुरुवार सुबह 11 बजे स्टेशन चौराहे पर एकत्रित हुए। उन्होंने बांग्लादेश के राष्ट्रपति और सरकार का पुतला फूंका,और जमकर नारेबाजी की इस घटना को लेकर पूरे भारत में बांग्लादेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। पुतला दहन के



बाद बांग्लादेश हाय हाय के जोरदार नारे लगाते हुए सभी कार्यकर्ता थाना परिसर पहुंचे यहां हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के प्रदेश संगठन महामंत्री अवधेश शर्मा, नगर अध्यक्ष सोनू तोमर, और हिंदूवादी नेता अंशुल राजपूत के नेतृत्व में थाना प्रभारी को जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा।
ज्ञापन में सरकार में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और देश में रह रहे रोहिग्याओ को बाहर निकालने की मांग की गई। इससे दिल्ली में हुए हालिया बम विस्फोट कांड में बिजनौर जिले का नाम आने का भी जिक्र किया गया। ज्ञापन में रात के अंधेरे में कश्मीर में यात्रियों को लाने ले जाने वाले वाहनों और उनसे जुडे लोगों की जांच करने की मांग की गई। पुतला दहन के समय थाना प्रभारी और कस्बा इंचार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।


# बिजनौर में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र के क्रम में जानकारी देते हुए बताया कि ह्यनो हेलमेट नो फ्यूलह्न विषयक प्रदेशव्यापी विशेष अभियान पूर्व में 01 सितंबर 2025 से 30 सितंबर 2025 तक सफलतापूर्वक संचालित किया गया था, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए और दोपहिया वाहन चालकों में हेलमेट के प्रयोग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसी क्रम में सड़क सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से उक्त अभियान को पुनः लागू करने का निर्णय लिया गया है, जो अब 17 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा।
जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों और उनके पीछे बैठने वाले पिलियन राइडर द्वारा हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग को सुनिश्चित करना है। यह अभियान मोटर वाहन अधिनियम-1988 की धारा 129, जिसमें हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है, तथा धारा 194-डी, जिसमें उल्लंघन की स्थिति में दंड का प्रावधान है, के अनुरूप है। साथ ही यह सुप्रीम कोर्ट सड़क सुरक्षा समिति (रउउडफ्र) की भावना के अनुरूप जनहित में उठाया गया कदम है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और गंभीर चोटों को रोका जा सके।
जिलाधिकारी ने जनपद बिजनौर के सभी फ्यूल पंप संचालकों और स्वामियों को निर्देशित किया है कि वे ऐसे किसी भी दोपहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय न करें, जिसके चालक और पिलियन ने हेलमेट नहीं पहना हो। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि सभी फ्यूल पंप परिसरों में सीसीटीवी कैमरे हर समय सक्रिय अवस्था में रहें, ताकि किसी भी प्रकार के विवाद या शिकायत की स्थिति में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तथ्यात्मक और आवश्यक निर्णय लिया जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि इस अभियान के पालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।


# थाना नजीबाबाद पुलिस टीम ने जल्द हत्या का खुलासा कर अभीयुक्तो को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद पुलिस टीम ने एक हत्या के मामले का खुलासा करते हुए 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया और घटना में प्रयुक्त वाहन भी बरामद किया।



21.12.2025 को नजीबाबाद क्षेत्र के जलालाबाद में अज्ञात वाहन द्वारा मोटरसाइकिल सवार युवक समीर (उम्र 25 वर्ष) की मौत हो गई थी। पहले इसे सड़क हादसा समझा गया, लेकिन पोस्टमार्टम में यह हत्या निकली। इसके आधार पर थाना नजीबाबाद में मुकदमा दर्ज हुआ।
थाना नजीबाबाद पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण 1. रफीक पुत्र सफीक, 2. राहत व 3. रफत पुत्रगण रफीक समस्त निवासीगण मौहल्ला अहमद खेल कस्बा व थाना किरतपुर जनपद बिजनौर व 4. अरशद पुत्र राशिद निवासी मौ० मुगलूशाह थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि मृतक समीर नशे का आदी था और उसने अभियुक्त राहत की बहन को प्रेमजाल में फँसा लिया था। इसको लेकर अभियुक्तों द्वारा समीर को कई बार समझाया व धमकाया गया तथा एक बार विवाद बढ़ने पर मृतक समीर का थाना किरतपुर से चालान भी हुआ था, लेकिन वह नहीं माना।
अभियुक्तों ने बताया कि लगभग 07-08 माह पूर्व जैनुल पुत्र नफीस अहमद निवासी सीलमपुर दिल्ली, जो झाड़-फूंक का कार्य करता है, से संपर्क किया गया और समीर को रास्ते से हटाने की योजना बनाई गई। इस कार्य के लिए जैनुल को 20 लाख रुपये देने का वादा किया गया, जिसमें से 03 लाख रुपये नगद तथा लगभग 02 लाख रुपये बैंक खाते के माध्यम से दिए गए तथा शेष धनराशि काम पूरा होने के बाद देने का वादा किया गया। जैनुल ने इंस्टाग्राम पर फर्जी महिला आईडी बनाकर समीर को विश्वास में लिया और अपने साथियों अरशद, आरिफ पुत्र इब्राहिम हाल निवासी उ556 वैलकम दिल्ली जो मूल रूप से सम्भल का रहने वाला है तथा सलीम मूल निवासी मुरादाबाद के साथ मिलकर समीर को रास्ते से हटाने की योजना बनाई।
योजना के अनुसार दिनांक 20.12.2025 की रात्रि में समीर को नजीबाबाद बुलाकर अभियुक्तगण अरशद, जैनुल, आरिफ व सलीम ने एक राय होकर जैनुल के मफलर से समीर का गला घोंटकर हत्या कर दी तथा मृतक समीर के शव व मोटरसाइकिल को हाईवे किनारे फेंक दिया। अभीयुक्तो के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहन स्विफ्ट कार संख्या वङ1533204 व मृतक समीर का टूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद किया गया
घटना में वांछित अन्य 03 अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे थाना प्रभारी राहुल सिंह नजीबाबाद सचिन मलिक प्रभारी स्वाट टीम उप निरीक्षक सुनील कुमार प्रभारी सर्विलांस टीम उप निरीक्षक सौरभ सिंह थाना नजीबाबाद उप निरीक्षक नक्षत्रपाल सिंह थाना उप निरीक्षक नरेंद्र शर्मा थाना नजीबाबाद उप निरीक्षक समयपाल सिंह थाना नजीबाबाद आदि पुलिस टीम मौजूद रही

# उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न

**समाज जागरण**
**कुलदीप सिंह लखीमपुर-खीरी।**

उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था का द्विवार्षिक अधिवेशन लखीमपुर-खीरी में डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। अधिवेशन में प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे।
कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्निहोत्री, प्रांतीय महामंत्री ओंकार नाथ तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वनाथ दीक्षित सहित अन्य प्रांतीय पदाधिकारी शामिल हुए। अधिवेशन में जिले तथा ग्रामीण अंचलों से सैकड़ों सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।
कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। संस्था के संरक्षक अशोक कुमार श्रीवास्तव ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुशीला सिंह ने किया। महामंत्री नरेश चंद्र वर्मा ने गत दो वर्षों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि महताब अली ने आय-व्यय विवरण रखा।
इस अवसर पर प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया। शाश्वत श्रीवास्तव को गीता प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर, श्रेयान वर्मा को मैथमेटिक्स ओलंपियाड में बरेली मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर तथा डॉ. श्रेयांश वर्मा को बी.ए.एम.एस. की डिग्री प्राप्त कर चिकित्सक बनने पर सम्मानित किया गया।
अधिवेशन को रघुनंदन झा, रामटहल




वर्मा, अरविंद कुमार वर्मा, के.पी. त्रिपाठी, नाम बहादुर मित्र, संत कुमार वर्मा, उमेश चंद्र श्रीवास्तव, रामगोपाल, ओमप्रकाश श्रीवास्तव सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। अधिवेशन में धौरहरा, निघासन, पलिया, गोला, मोहम्मदी, मितौली, लखीमपुर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।
दिसंबर माह में जन्म लेने वाले पेंशनर साथियों का जन्मोत्सव माल्यार्पण कर मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. सुशीला सिंह एवं अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बधाई गीत प्रस्तुत कर शुभकामनाएं दीं। प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा पेंशन कम्यूटेशन से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसके पश्चात प्रांतीय महामंत्री एवं प्रांतीय अध्यक्ष ने संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन किया।
अधिवेशन में सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न कराया गया, जिसमें डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव को अध्यक्ष, नरेश चंद्र वर्मा को महामंत्री, रामटहल वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महताब अली को कोषाध्यक्ष तथा रामगोपाल को ऑडिटर चुना गया। साथ ही 21 सक्रिय कार्यकताओं को सम्मानित किया गया।
सभी प्रांतीय पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह, बुके, उत्तरीय एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। नवचयनित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। अंत में अध्यक्ष डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन सहभोज के साथ हुआ।

# शाहजहाँपुर में ट्रेन की चपेट में आने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत, दो मासूम भी शामिल

**समाज जागरण**
**कुलदीप सिंह शाहजहाँपुर।**

शाहजहाँपुर जनपद के रोजा रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया, जहां ट्रेन की चपेट में आने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में दो मासूम बच्चे भी शामिल हैं। इस हादसे में लखीमपुर खीरी जनपद का एक युवक भी जान गंवा बैठा, जबकि अन्य मृतक उसके रिश्तेदार बताए जा रहे हैं।
मिली जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान हरिओम, निवासी ग्राम बनकागांव, थाना उचौलिया, ब्लॉक पसगवां, जनपद लखीमपुर खीरी के रूप में हुई है। हरिओम के साथ उसके साढ़ू, साढ़ू की पत्नी तथा उनके दो छोटे बच्चे (एक पुत्र और एक पुत्री) की भी इस हादसे में मौत हो गई।
जीआरपी शाहजहाँपुर के अनुसार, मृतकों में केवल हरिओम ही लखीमपुर खीरी जनपद का निवासी था, जबकि अन्य चार लोग शाहजहाँपुर निवासी उसके ससुराल पक्ष के रिश्तेदार थे।
घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस एवं जीआरपी मौके पर पहुंची और सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# खेत में पानी लगाने गए युवक का संदिग्ध हालात में मिला शव

**समाज जागरण कुलदीप सिंह शाहजहाँपुर।**

मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के बंजरिया गांव के बाहर बुधवार को खेतों में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान ग्राम बंजरिया निवासी रामशरण उर्फ लल्ला (36), पुत्र रामेश्वर के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार रामशरण मंगलवार रात खेतों में पानी लगाने मजदूरी पर गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। बुधवार सुबह गांव के बाहर खेतों में उसका शव पड़ा होने की सूचना मिली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। ग्राम प्रधान द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।
इस संबंध में सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मृतक खेत में पानी लगाने गया था और उसकी मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से परिजनों में शोक का माहौल है।

# आरएसएस बाल सेवकों ने निकाला बाल पंथ संचलन

**समाज जागरण कांधला।**
विकासखंड क्षेत्र के गांव नाला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वा वधान में बाल सेवकों द्वारा बाल पंथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव में अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण रैली निकालकर सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। रैली गांव की विभिन्न गलियों से होती हुई पुनः प्राथमिक विद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई।गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय नंबर एक, गांव नाला से बाल पंथ संचलन की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का संचालन खंड संचालक रवि कुमार द्वारा किया गया, एवं जिला संपर्क प्रमुख विजय पवार के नेतृत्व में बाल सेवकों ने रैली में भाग लिया। बाल सेवक हाथों में ध्वज लेकर अनुशासनबद्ध ढंग से चलते हुए नारे लगाते रहे और गांववासियों को संस्कार, अनुशासन व सामाजिक एकता का संदेश दिया। रैली के दौरान बाल सेवकों ने गांव की गलियों में भ्रमण करते हुए लोगों को जागरूक किया तथा राष्ट्रभक्ति, सेवा और सामाजिक समरसता का भाव जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने भी रैली का स्वागत करते हुए बच्चों के उत्साह की सराहना की। कार्यक्रम के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। रैली के समापन पर प्राथमिक विद्यालय परिसर में सभी बाल सेवक एकत्र हुए और कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। आयोजकों ने बताया कि बाल शहीद दिवस के अवसर पर पंथ संचालक का आयोजन किया गया है।इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य बच्चों में अनुशासन, देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है, ताकि वह भविष्य में एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बन सकें।




# ट्रिपल मर्डर में तमंचा व कारतूस उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी ट्रिपल कांड के हत्या आरोपी को कारतूस उपलब्ध कराने वाले आरोपी को पुलिस ने कारतूस सहित गिरफ्तार करते हुए अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी फारूक पुत्र दाऊद ने अपनी पत्नी ताहिरा की बुर्का ना पहनने के कारण गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्याकांड को अंजाम देते हुए उसकी पुत्री आफरीन व सहरीन ने आरोपी को देख लिया था। आरोपी ने अपनी दोनों बेटियों की भी हत्या कर तीनों शवों को अपने घर के आंगन में गड्ढा खौद कर उसमें दफन कर दिया था। पुलिस ने हत्या आरोपी के पिता व ग्राम प्रधान की शिकायत पर मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लिया था। और उसकी निशानदेही पर गड्ढा खुदवा कर तीनों शवों को बरामद कर लिया था। और पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में कारतूस तीन तमंचे बरामद कर जेल भेजा था। हत्या आरोपी ने पुलिस पूछताछ में खुलासा किया था कि उसने दो तमंचे व कारतूस गांव गंदराऊ निवासी मुबारिक से खरीदें और कुछ कारतूस व तमंचा औदरी निवासी एक व्यक्ति से खरीदे थे। पुलिस ने तमंचा उपलब्ध कराने वाले एक आरोपी को जेल भेज दिया था। जबकि दूसरे आरोपी की तलाश कर रही थी। गुरुवार को पुलिस ने झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव औदरी निवासी नौशाद को गिरफ्तार कर लिया जिसके कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा,चार कारतूस बरामद करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है।




# आरएसएस ने नगर में निकाला बाल पथ संचलन

**समाज जागरण**
कैराना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से नगर में गुरु गोविंद सिंह के 4 साहिबजादों के बलिदान की स्मृति में बाल एवं शिशु पथ संचलन निकाला गया। जिसमें 5 वर्ष से 15 वर्ष की आयु के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकाला गया। नगर में विभिन्न स्थानों पर नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर बाल पथ संचलन का स्वागत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर संघ चालक कमल सैनी ने की एवं मुख्य वक्ता के रूप में विभाग सह कार्यवाह विकास का पाथेय हुआ। उन्होंने बताया कि सन् 1704 दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में इस्लामिक आक्रांता औरंगजेब द्वारा उसके आतंक के विरुद्ध चट्टान बनकर खड़े गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादो की नृशंस हत्या कर दी गई थी। सनातन धर्म की रक्षा हेतु बलिदान करने वाले चार साहिबजादों की स्मृति में आरएसएस 25 दिसंबर को बाल दिवस मनाता है। कार्यक्रम की व्यवस्था में अमन, रजत, शुभम, मयंक, संजीव, संदीप, चिराग, वंशज, शगुन मित्तल, ध्यानसिंह, आशीष सैनी, अनमोल मित्तल आदि का सहयोग रहा।



# निमार्णाधीन मकान के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर श्रमिक की मौत

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के बधेव रोड स्थित एक निमार्णाधीन मकान के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से श्रमिक की दर्दनांक मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने श्रमिक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची थाना आदर्शमंडी पुलिस ने श्रमिक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कें लिए भेज दिया है। शहर के बधेव रोड स्थित गांव मुंडेट में एक व्यक्ति के यहां दुकानों और मकान का निर्माण चल रहा था। बताया जाता है कि गुरूवार को मकान और दुकान के ऊपर का लेंटर लगना था। जिसके लिए पानीपत से श्रमिक बुलाकर लेंटर लगाने के लिए मशीन लगाई गई थी। बताया जाता है कि दोपहर करीब 2 बजे जब लेंटर करीब आधा लग गया था तो इसी दौरान बदायु निवासी श्रमिक राजेश पुत्र राजेन्द्र कुमार छत के बराबर से गुजर रही 33 हजारी लाईन की चपेट में आ गया। जिससे श्रमिक बुरी तरह से झुलस गया और उसकी मौके पर ही दर्दनांक मौत हो गई। हादसे के बाद अन्य श्रमिकों में हडकंप मच गया। श्रमिकों ने किसी तरह बल्लियों की मदद से मृतक श्रमिक को नीचे उतारा और किसी उम्मीद से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची थाना आदर्शमंडी पुलिस ने पूछताछ करते हुए मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक राजेश कांधला क्षेत्र के गांव डुंडुखेडा निवासी विकास चौहान के साथ मजदूरी पर आया था। जो पानीपत से लाया गया था। बताया जाता है कि मृतक श्रमिक की कुछ दिन पहले ही शादी हुई थी। फिलहाल पुलिस ने परिजनों को मामले की जानकारी दी है, जिसके बाद परिजन शामली के लिए रवाना हो गए।



# घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) घने कोहरे और कड़ाके की ठंड ने गुरुवार को जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। दिनभर छाए रहे कोहरे के कारण दृश्यता में भारी कमी रही, जबकि तेज सर्दी से लोगों के शरीर में कंपकंपी दौड़ती रही। ठंड से बचाव के लिए लोगों को अलाव जलाने और गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। सुबह के समय तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई, जिससे जनवरी जैसी ठंड का अहसास हुआ। दोपहर में कुछ देर के लिए धूप जरूर निकली, लेकिन उसमें तपिश न के बराबर रही, जिससे ठंड से कोई खास राहत नहीं मिली। घने कोहरे के चलते अधिकांश लोग घरों में ही दुबके रहे, वहीं सड़कों और बाजारों में भी सामान्य दिनों की तुलना में चहल-पहल कम दिखाई दी। ठंड से बचने के लिए लोगों ने घरों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर भी अलाव जलाए। बाजारों में गर्म कपड़े, ऊनी शॉल और जैकेट की मांग बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना है, जिससे लोगों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। प्रशासन की ओर से भी नागरिकों को अत्यधिक ठंड से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की गई है। कड़ाके की सर्दी के चलते फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका भी जताई जा रही है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



# 28 दिसंबर को ईश्वर विरागी को मिलेगा मुनीर बख्श आलम स्मृति सम्मान

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। हिंदी साहित्य पत्रिका असुविधा व शहीद स्थल प्रवंधन टस्ट करारी सोनभद्र के तत्वावधान में रविवार 28 दिसम्बर को दिन में प्रख्यात शायर मुनीर बख्श आलम स्मृति सम्मान वरिष्ठ गीतकार ईश्वर विरागी को प्रदान किया जायेगा। जिसमें पूर्व आयुक्त गीतकार ओम धीरज, वरिष्ठ पत्रकार बनारस हिमांशु उपाध्याय, शिक्षा विद समाजसेवी डा, मार्कंडेय राम पाठक के अलावा डा, जितेंद्र सिंह संजय डा, लखन राम जंगली समेत जनपद के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार गण शिरकत करेंगे। उक्त आशय की जानकारी संपादक असुविधा रामनाथ शिवेन्द्र, प्रदुम्न त्रिपाठी कवि एवं खुर्शिद आलम ने संयुक्त रूप से दिया है।

उल्लेखनीय है कि पुरस्कार में ग्यारह हजार रुपये देकर सारस्वत अभिनंदन किया जाता है तथा दौरान कवि सम्मेलन सभी कवियों को सृजन सम्मान दिया जाता है।

# एचटी लाइन विवाद में दूसरे दिन भी जारी रहा धरना,

## --विधायक से लेकर डीएम तक को दी जा चुकी है शिकायत, फिर भी विद्युत विभाग पर मनमानी के आरोप

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**
थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में एचटी विद्युत लाइन बिछाने को लेकर चल रहा विवाद लगातार गहराता जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में दूसरे दिन भी सैकड़ों लोगों ने धरना देकर विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। बताया गया कि बीते करीब एक माह से विद्युत विभाग कस्बे के उत्तरी विकास नगर के निवासियों के बीच लाइन खींचने को लेकर विवाद बना हुआ है। विगत बुधवार को विद्युत विभाग की टीम मोहल्ले में पहुंचकर जबरन कार्य शुरू कराने लगी, जिस पर मोहल्लेवासियों ने एकजुट होकर विरोध करते हुए काम रुकवा दिया। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में धरना शुरू कर दिया। धरने में पूर्व चेयरमैन दीपा पंवार भी मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि एचटी लाइन को किसी भी हाल में आबादी वाली गली से नहीं गुजरने दिया जाएगा और जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक धरना जारी रहेगा।मामले को लेकर पूर्व में राष्ट्रीय लोकदल के विधायक प्रसन्न चौधरी, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत तथा शिकायतकर्ता जिलाधिकारी शामली से भी मुलाकात कर चुके हैं। सभी स्तरों पर समस्या के समाधान का आश्वासन मिलने के बावजूद विद्युत विभाग पर मनमानी रवैया अपनाने और जबरन लाइन डालने का प्रयास करने के आरोप लगाए गए हैं, जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है।धरने में भाकियू युवा जिलाध्यक्ष प्रभात मलिक ने भी पहुंचकर विभाग की कार्यशैली की कड़ी आलोचना की और कहा कि किसानों व आम जनता के हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। गुरुवार को भी सैकड़ों की संख्या में लोग धरने पर डटे रहे और विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी की।इस दौरान धरने में सुमैर सिंह, सुनीता पंवार, अरविंद मलिक, अमित पंवार, योगेंद्र चैयरमेन, जयकुमार सिंह, ब्रह्म सिंह नाला, विपुल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।




# बंदर व आवारा कुत्तों का आतंक, दो बालिकाओं पर हमला, गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव व कस्बा क्षेत्र में आवारा बंदर और कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए हमलों में दो बालिकाएं घायल हो गईं, जिन्हें उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों को एंटी रेबीज का टीका लगाया गया। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरु में गुरुवार सुबह 8 वर्षीय हुनर अपनी छत पर खेल रही थी। इसी दौरान एक बंदर ने अचानक उस पर हमला कर दिया, जिससे बालिका घायल हो गई। बालिका की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और डंडों की मदद से बंदर को खदेड़ा। बताया जा रहा है कि गांव गंगेरु में बंदरों का झुंड लंबे समय से उत्पात मचा रहा है और आए दिन ग्रामीणों पर हमला कर नुकसान पहुंचा रहा है। वहीं दूसरी घटना कस्बे के मोहल्ला रायजादगान की है, जहां 10 वर्षीय नायला ट्यूशन पढ़ने जा रही थी। रास्ते में एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया और काटकर घायल कर दिया। बालिका के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने कुत्ते को भगाया और परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे।दोनों ही मामलों में परिजनों ने एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई। नगर व ग्रामीण लोगों का कहना है कि बीते कई महीनों से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा बंदर और कुत्तों का आतंक बना हुआ है।
आए दिन लोग इनके हमलों का शिकार हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

# महाविद्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समापन पर समारोह आयोजित

**समाज जागरण कांधला।**

नगर के महिला स्नातकोत्तर महा विद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना, रेंजर्स विभाग, सांस्कृतिक परिषद एवं महिला कल्चर क्लब के संयुक्त तत्वा वधान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेंजर्स की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम का शुभारंभ अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा आयशा ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए अटल जी को एक महान कवि, विचारक और दूरदर्शी राजनेता के रूप में स्मरण किया। उनके ओजस्वी वक्तव्य ने सभी को प्रभावित किया।मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बृजेश कुमार राठी ने संबोधित करते हुए उनकी दूरदृष्टि तथा राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।कार्यक्रम में महा विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का कुशल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ. श्याम बाबू, रेंजर्स प्रभारी डॉ. अंकित त्यागी तथा सांस्कृतिक परिषद एवं सद्भावना कल्चर क्लब की संयोजिका डॉ. नयना शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



# महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) शहर के करनाल रोड स्थित राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के राष्ट्रीय संरक्षक प्रमेन्द्र सिंह नंबरदार के कैंप कार्यालय पर गुरूवार को महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बत्तीसा खाप के चौधरी शोकेन्द्र सिंह ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमेन्द्र सिंह नंबरदार ने कहा कि महाराजा सूरजमल अदम्य साहस और वीरता के प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में लगभग 80 युद्ध लड़े और सभी युद्धों में वीरता के साथ विजय प्राप्त की। भरतपुर रियासत कभी किसी के अधीन नहीं रही। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में अपने बच्चों को अपने पूर्वजों के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराना हम सभी का परम कर्तव्य है। राष्ट्रीय महासचिव सचिन चौधरी ने कहा कि आज के समय में बच्चों में अपने पूर्वजों के संस्कार डालना बेहद जरूरी है। वर्तमान में परिवारों का विघटन तेजी से हो रहा है और समाज के लोग स्वयं तक सीमित होते जा रहे हैं, जो कि सही नहीं है। यदि सभी लोग आपस में बैठकर समस्याओं का समाधान करें तो समाज दूसरों के लिए भी एक मिसाल बन सकता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन देवराज पहलवान ने किया। इस अवसर पर रामसुख चौधरी, चंद्रशेखर, प्रवीण निर्वाल, अंकित टिटौली, पंकज सरोहा, प्रो. विकास चौधरी, राजवीर सिंह, यशपाल, प्रभात मलिक, धीर सिंह, सचिन सरोहा, ब्रजपाल सिंह, सतबीर मौजूद रहे।



# रंजिशन मारपीट करने का आरोप, कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण कांधला।**
थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी एक व्यक्ति ने रंजिश के चलते चार लोगों पर उसके भतीजे के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जूठी हुई है। गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी इलियास पुत्र रईसु ने बताया कि गांव के कई लोग पीड़ित व उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। पीड़ित का भतीजा सलमान बाजार में सामान लेने के लिए गया था जहां पर चार लोगों ने उसको घेर लिया और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। किसी तरह वह जान बचाकर घर पर आ गया। आरोपी पीड़ित के घर पहुंचे और उसके भतीजे के साथ वहां पर भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई

**समाज जागरण**
शामली। भाजपा पदाधिकरियों द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर जिले के प्रत्येक बूथ पर भाजपा कार्य कताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर पालिका परिषद शामली परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन परिचय पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री सुरेश राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि सुरेश राणा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी देश के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्रियों में गिने जाते हैं। उन्हें उनकी ईमानदार भावनाओं, प्रभावशाली वक्तृत्व कला और संवाद क्षमता के लिए जाना जाता था। वे समावेशी राजनीति के प्रतीक थे और विरोधियों को भी साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता रखते थे। उनकी वाकपटुता और तर्कशक्ति के आगे कोई टिक नहीं पाता था। जिलाध्यक्ष श्री तेजेन्द्र निर्वाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था। उन्होंने हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी और राजनीति शास्त्र में शिक्षा प्राप्त की। इस अवसर पर दामोदर सैनी, अनुज राणा, ओम प्रकाश, विवेक प्रेमी, घनश्याम पारचा, सुखचैन वालिया, बादल गौतम, सचिन जैन, सतीश धीमान, नेत्रपाल मौजूद रहे।



# मुठभेड़ का फरार आरोपी तमंचे के साथ गिरफ्तार

**समाज जागरण**
कैराना।(फुरकान जंग) मुठभेड़ के दौरान फरार हुए आरोपी को पुलिस ने तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। गांव गंदराऊ मार्ग पर बीते 23 दिसंबर को पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध कार को रूकने का इशारा किया, तो उसमें सवार बदमाशों ने पुलिस की गाड़ी में टक्कर मार दी थी। इसके बाद बदमाश गाड़ी से उतरकर गन्ने के खेत में भाग रहे थे, तभी घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग की गई थी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की थी, जिसमें लूट के मामले में वांछित 25 हजार का इनामी बदमाश उजैफा निवासी मोहल्ला आलखुर्द पैर में गोली लगने से घायल हो गया था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। जबकि उसके साथी फरार हो गए थे। बाद में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने बताया कि उक्त मामले में वांछित चल रहे रिजवान उर्फ भिंडी निवासी मोहल्ला भूरा चुंगी आलखुर्द को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद किया है। वहीं, पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।



# मारपीट कर युवक को किया घायल

**समाज जागरण**
कैराना। मोहल्ला इस्लामनगर निवासी ताहिर ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बुधवार रात करीब आठ बजे उसका भाई तैय्यब घर के बाहर गली में जा रहा था। इस दौरान मोहल्ले के ही चार युवकों ने उसके भाई के साथ मारपीट की। घटना के दौरान पास ही जल रहे अलाव में उसके भाई का पैर भी जल गया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि घायल का मेडिकल कराने के साथ ही आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# बांग्लादेश में हिन्दू समाज पर हो रही हिंसा को लेकर मौन विरोध प्रदर्शन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) अखिल भारतीय अग्रवाल समाज रजिस्टर्ड ट्रस्ट द्वारा बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे निरंतर अत्याचार, अमानवीय हिंसा एवं निर्मम हत्याओं के विरोध में एक शांतिपूर्ण कैंडल श्रद्धांजलि सभा एवं मौन विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया।
गत बुधवार देर रात्रि शहर के वर्मा मार्केट में एण्क कैंडल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा उन निर्दोष हिंदू भाई-बहनों की स्मृति को समर्पित रही, जो केवल अपने धर्म और पहचान के कारण हिंसा एवं अन्याय का शिकार बनाए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान दिवंगत आत्माओं को कैंडल जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। उपस्थित लोगों ने शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से विश्व समुदाय का ध्यान बांग्लादेश में हो रहे गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों की ओर आकर्षित किया और यह संदेश दिया कि मानवता के विरुद्ध हो रहे अन्याय पर समाज मौन नहीं रहेगा। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज रजिस्टर्ड ट्रस्ट ने सभी संवेदनशील नागरिकों से मानवता, न्याय और सत्य के पक्ष में एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की। इस अवसर पर प्रवीण संगल, राहुल तायल, आकाश गुप्ता, आशीष गर्ग, सचिन गर्ग, विनीत गर्ग, संजीव संगल, पंकज संगल, उत्तम जिंदल, मनीष मित्तल, नितिन एवं सन्नी मंगल उपस्थित रहे।



# फरार गैंगस्टर फिरोज खान की 30 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**समाज जागरण झिंझाना। (फुरकान जंग)**
कस्बे के गैंगस्टर में फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर बदमाश फिरोज खान की अवैध सम्पत्ति पर चला शासन प्रशासन का चाबुक।शासन प्रशासन ने भारी पुलिस फोर्स के साथ फिरोज खान द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी सम्पत्ति लगभग तीस करोड़ के आसपास को कुर्क किया।फिरोज खान पर संगीन धाराओं में 21 मुकदमे दर्ज जो फरार चल रहा है। बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह, एडिशनल एसपी सुमित शुक्ला, एसडीएम ऊन संदीप कुमार त्रिपाठी,सीओ कैराना हेमंत कुमार के नेतृत्व में कोतवाल झिंझाना विरेन्द्र कसाना,कोतवाली प्रभारी कैराना समयपाल अत्री पुलिस फोर्स व ढोल नगाड़े के साथ हिस्ट्रीशीटर बदमाश फिरोज खान की अवैध रूप से अर्जित की गयी लगभग तीस करोड़ रुपए से अधिक की सम्पत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की गयी। जिसमें सबसे पहले फिरोज खान के आवास पर कार्रवाई को लेकर टीम नोटिस तामील कराने पहुंची जहां पर परिजनों ने हंगामा किया और नोटिस तामील नहीं किया। जिसके बाद टीम मेरठ करनाल हाईवे पर गांव रजाकनगर के सामने पड़े प्लाट खसरा नंबर 68/2 रकबा 0.0669 हैक्टेयर जिसकी कीमत लगभग 11लाख पर पहुंची, जहां सरकारी सम्पत्ति का बोर्ड लगाया। उसके बाद गाडीवाला चौक के पास तीन दुकानों पर कार्रवाई के बाद ऊन रोड पर स्थित बैंकट हाल,वाटर पार्क व सत्ररह दुकान ओर खाली प्लाट के बाद कस्बे के बिडौली बस स्टैंड के पास प्लाट,एवं कृषि की लगभग पोने दो बीघे भूमि सहित कुल चौदह जगह सम्पत्ति पर कार्रवाई की गयी है।

# खेलकूद प्रतियोगिता में रेड हाउस बना ओवर ऑल चैम्पियंन

**ब्लू हाऊस दूसरे और ग्रीन हाऊस तीसरे स्थान पर विजेताओं को प्रतीक चिन्ह और मेडल पहनाकर किया पुरस्कृत**



**समाज जागरण बिनौली।**
ग्वालीखेड़ा के मां अंबा बालिका डिग्री कॉलेज और चौधरी दलीप सिंह इंटर कॉलेज की संयुक्त चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का बृहस्पतिवार को समारोह पूर्वक समापन हो गया। प्रतियोगिता में रेड हाउस सार्वधिक अंक लेकर ओवर ऑल चैम्पियंन बना। ब्लू हाऊस ने दूसरा और ग्रीन हाऊस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक कबड्डी में रेड हाउस के आशीष की टीम प्रथम, ब्लू हाऊस के अंश की टीम द्वितीय, बालिका में ग्रीन हाऊस की जिज्ञासा की टीम प्रथम, रेड हाऊस की खुशी टीम द्वितीय। खो खो में रेड हाऊस की साक्षी की टीम प्रथम, ब्लू हाऊस की दीपा की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक रस्साकसी में ब्लू हाऊस के वंश तोमर की टीम प्रथम, ग्रीन हाऊस के सौरभ शर्मा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका में रेड हाऊस के खुशी की टीम प्रथम, ब्लू हाऊस के प्रिंजल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्रिकेट में रेड हाऊस के केश खान की टीम प्रथम और ब्लू हाऊस मोहमद खान की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वालीबॉल में रेड हाउस के वंश तोमर की टीम प्रथम, ब्लू हाऊस के श्रेयांस की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जागेश चौधरी, विशिष्ट अतिथि डॉ.अर्जुन शर्मा, संस्था प्रबंधक ब्रजपाल सिंह शास्त्री, अध्यक्ष कालूराम धामा, सचिव डॉ. रवि पंवार ने विजेता हाऊस के खिलाड़ी छात्र छात्राओं और टीमों को प्रतीक चिन्ह और मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। कॉलेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजीव गुप्ता, प्रधानाचार्य देशपाल सिंह तोमर, चौधरी कृष्णपाल सिंह, डॉ. शबाना, प्रधान दीपक शर्मा, करण सिंह नम्बरदार, डॉ. रेखा राणा, गुलबीर सिंह, राजबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के द्वारा बड़ौत आवास विकास कॉलोनी स्थित शिव पार्क में यज्ञ किया गया

**समाज जागरण**
बड़ौत। बृहस्पतिवार को पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती धूमधाम से मनाई गई । इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पंडित आदित्य भारद्वाज 84 देश खाप ब्राह्मण समाज के द्वारा की गई। राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के जिला अध्यक्ष आचार्य प्रवीण पुलस्त्य ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा मालवीय को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। महात्मा गांधी के द्वारा उनको महामना की उपाधि प्रदान की गई । राधेश्याम एड वोकेट ने कहा कि शिक्षा, पत्रकारिता, और वकालत के क्षेत्र में पंडित मदन मोहन मालवीय जी प्रतिभा के धनी थे उन्होंने सदैव सादगी के साथ जीवन व्यतीत किया। भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष नीरज कौशिक ने कहा कि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना मालवीय के द्वारा की गई और शिक्षा के द्वारा सर्व समाज को जोड़ने का काम मालवीय के द्वारा किया गया। यज्ञ यजमान पंडित जय भगवान शर्मा, धर्मवीर देवी रहे। मंच संचालन आचार्य उमेश कौशिक के द्वारा किया गया ।इस अवसर पर जिला संरक्षक जयकुमार शर्मा, राजकुमार शर्मा, जिला महामंत्री नीरज वत्स, जिला उपाध्यक्ष सुबोध शर्मा, आचार्य संजय कौशिक, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप शर्मा, जिला मंत्री अनंत शर्मा, अश्वनी, सुनील शर्मा, योगेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा , सीताराम शर्मा, शिवम शर्मा, शोभित शर्मा, डॉ दीपक गौतम , एडवोकेट अमित वशिष्ठ, राधेश्याम दरोगा, संजय शर्मा, डॉ रामकुमार शर्मा, सुनील फौजी , हरिओम शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में मनाई गई पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती

**समाज जागरण बागपत।**
ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल मवीकलां खेकड़ा बागपत में भारत रत्न से सुशोभित श्रद्धेय पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। विद्यालय के प्रिंसिपल ब्रिजेश कुमार शर्मा ने मालवीय जी के चित्र के सामने




दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया। साथ ही बच्चों को पंडित मदन मोहन मालवीय जी द्वारा देश व समाज के लिए किये गये कार्यों को गिनाया। बताया कि मालवीय जी ने बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय की स्थापना की। शिक्षा के क्षेत्र में सर्व समाज को शिक्षित करने का कार्य किये। उनके कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर रामकिशोर शर्मा, ओमबीरी, संगीता शर्मा, मानसी ठाकुर,रवि मलिक, दीपाली, सोनिका, शालू धामा, राखी शर्मा, मंजू , कोमल पांचाल, शिवानी कश्यप, दीपा जैन, इंदु शर्मा एवं सभी बच्चें उपस्थित रहे।

# उन्नाव रेप कांड को लेकर नगर में जुलूस निकालकर प्रदर्शन

**समाज जागरण बड़ौत।**
नगर में उन्नाव रेप मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी की महिलाओं ने नगर में जुलूस निकालकर भारी संख्या में प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के दिशा निर्देश अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महिला प्रदेश अध्यक्ष भारती के आवाह्न पर उन्नाव रेप मामले को लेकर कांग्रेस कमेटी महिला जिला अध्यक्ष बागपत उर्मिला सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला गया। सोनिया गांधी जिंदाबाद राहुल गांधी जिंदाबाद कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद और उन्नाव में रेप के आरोपियों को गिरफ्तार करो गिरफ्तार करो के नारे लगाए। कांग्रेस पार्टी कार्यालय दिल्ली बस अड्डे से बडौली रोड तक नारेबाजी की गई। कांग्रेसियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उन्नाव रेप के आरोपियों को गिरफ्तार करके उन्हें सजा दिलाए जाने की मांग की। इसी के साथ पीड़ित पक्ष को न्याय और मदद की मांग की गई। इस मौके पर महिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष बागपत उर्मिला सिंह ने कहा की प्रदेश में लगातार महिलाओं पर अत्याचार हो रहे है। जिसे कांग्रेस पार्टी सहन नहीं करेगी। प्रदर्शन करने वालों में अमरीश, बबली देवी, पूनम, चौधरी सरिता चौधरी, पूजा चौधरी, तानिया, भावना सिंह, अंजू चौधरी आदि मौजूद रही।




# कांग्रेसियों ने पंडित मदनमोहन मालवीय की जयंती मनाई

**समाज जागरण**
शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर कांग्रेस कमेटी बड़ौत कार्यालय दिल्ली बस स्टैंड पर कांग्रेस पदाधिकारीयो कार्यकताओं भारत रत्न महामना पंडित मदनमोहन मालवीय की जयंती महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारत रत्न प्रथम गवर्नर राजगोपालाचारी की पुण्यतिथि व महाराजा बिजली पासी के फोटो पर श्रद्धा सुमन अर्पित श्रद्धा भाव सम्मान गर्व के साथ मनाई शत शत नमन किया। उनके आदर्शों पर चलना का संकल्प लिया। विचार गोष्ठी का आयोजन कर उनके देश हित मे किये गये कार्यो को याद किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष बागपत चौधरी रामकुमार सिंह ने सभी महापुरुषों के विषय मे जानकारी करायी। महामना पंडित मदनमोहन मालवीय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद की कमान संभाली महान शिक्षा विद होने के साथ बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना करायी। उच्च कोटि की वकालत मे उपाधि प्राप्त कर स्वतंत्रता संग्राम मे बडी भागीदारी कर पत्रकारिता समाज सुधार के क्षेत्र मे अभूतपूर्व योगदान दिया। महाराजा सूरजमल ने देश के लिए अपना सब कुछ बलिदान किया देश सदैव रीणी रहेगा। वरिष्ठ नेता किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व कमिश्नर बेगराज सिंह ने सभी महापुरुषों के जीवन के विषय मे विस्तार से जानकारी करायी। कहा कि महाराजा बिजली पासी ने देश के लिए प्राणों की न्योछावर कर दिया प्रथम गवर्नर सी राजगोपालाचारी को याद किया। बड़ौत शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा पार्टी का प्रतिदिन जनाधार बढ रहा है। आगामी चुनावों मे पार्टी अपना परचम लहरायेगी संचालन याकूब अहमद ने किया। इस अवसरपर महिला जिला अध्यक्ष उर्मिला सिंह, शोकेन्द्र तोमर, जयप्रकाश, ब्रजमोहन शर्मा, रविन्द्र तोमर, अरूण तोमर, रामरंग पंवार, औमबीर दुहण, बिजेन्द्र शर्मा, डा सुभाष शर्मा, सोनू त्यागी, सोमपाल, नन्दकिशोर, जावेद, औकारदत्त आदि रहे।



# क्रिसमस डे पर सेंटा बने बच्चे, प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**-ग्रोवैल स्कूल को-एड विंग में हुआ आयोजन**

**समाज जागरण**
बड़ौत। नगर के ग्रोवैल स्कूल को-एड विंग में गुरुवार को क्रिसमस डे का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय परिसर पूरी तरह उत्सवमय वातावरण में नजर आया, जहां नन्हे-मुन्ने बच्चों की चहल- पहल और मुस्कान ने कार्यक्रम को खास बना दिया। इस अवसर पर बच्चे सांता क्लॉज की लाल रंग की आकर्षक वेशभूषा में सजे-धजे बेहद मनमोहक लग रहे थे। बच्चों की मासूम प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सविता शर्मा ने बच्चों को क्रिसमस डे के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए प्रेम, करुणा और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने बच्चों को सिखाया कि यह पर्व खुशियां बांटने और दूसरों की मदद करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने क्रिसमस के मधुर गीतों पर रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियां दीं। तालियों की गूंज और बच्चों के उत्साह ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने एक-दूसरे को टॉफिया बांटकर क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। बच्चों के चेहरों पर उल्लास और उमंग साफ झलक रही थी।

# ग्राम प्रधान पर श्मशान घाट मरम्मत न कराने का आरोप

## पूर्व ग्राम प्रधान ने कराया श्मशान घाट मरम्मत का कार्य शुरू

**समाज जागरण बड़ौत।**
कोताना गांव में श्मशान घाट की दीवार काफी दिनों से टूटी हुई पड़ी थी। इसका मेन गेट भी टूटा हुआ काफी लंबे समय से पड़ा हुआ था। जिसके लिए अंदर आने जाने में बहुत परेशानी का सामना लोगों को करना पड़ रहा था। इसके लिए पंचायत सचिव को भी अवगत कराया गया था। मगर कोई मरम्मत ग्राम प्रधान द्वारा नहीं कराई गई। समस्या का समाधान करते हुए गांव के समाजसेवियों ने इस समस्या को पूर्व प्रधान शीला देवी प्रतिनिधि बालेश्वर प्रधान के सामने रखी गई तो उन्होंने इसकी मरम्मत का कार्य निर्माण करवाने के लिए ग्राम वासियों को आश्वासन दिया और जल्द ही निर्माण कार्य को तुरंत ही चालू करवा दिया। इसके लिए शिवा, राजेंद्र सिंह, गुल्लू, कालूराम उपाध्याय, विनीत शर्मा, तेजवीर सिंह, मुकेश कुमार, राजेंद्र सिंह, मिंटू सिंह आदि समाजसेवी लोगों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बालेश्वर प्रजापत का आभार जताया।



# दहेज हत्या में पुलिस ने आरोपित पति को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण खेकड़ा।**
गोठरा गांव में 10 लाख रुपये न देने पर महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। दो साल गोठरा के सचिन पुत्र फिरे सिंह से गौतमबुद्धनगर के बढ़पुरा गांव की ईशू से शादी हुई थी। ईशू का बुधवार दोपहर को कमरे में पंखे पर दुपट्टे से लगे फंदे पर शव लटा मिला था। ईशू के चाचा भूपेंद्र ने सात लोगों के विरुद्ध भतीजी की 10 लाख रुपये नहीं देने पर फांसी लगाकर हत्या करने की तहरीर दी थी। पुलिस ने आरोप लगाया था कि ईशू के साथ परिवार की ही शिवानी की शादी उसके साथ ही सचिन के भाई नवीन से की थी। छह माह से मारपीट के कारण शिवानी अपने मायके में है। भूपेंद्र की तहरीर दी। पुलिस ने ईशू के पति सचिन, नवीन, मांगे पुत्रगण फिरे सिंह, परमाली पत्नी फिरे सिंह व तीन नंद सरिता, पिंकी और प्रीति के विरोध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने हत्यारोपित सचिन को गिरफ्तार किया है।

# बुजुर्ग ने वृद्धाश्रम में की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**
सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के लोढ़ी स्थित एक वृद्धाश्रम में 65 वर्षीय राम जियावन ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वृद्धाश्रम के केयरटेकर ने पुलिस को सूचना दी कि राम जियावन का शव बाथरूम में फांसी के फंदे से लटका मिला है। बताया गया है कि राम जियावन अपनी पत्नी के साथ कई वर्षों से लोढ़ी स्थित इस वृद्धाश्रम में रह रहे थे। उनकी सरहज भी यहीं पर रहती थीं। घटना की सूचना मिलने पर फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि उन्हें सुबह 9:07 बजे संचालक द्वारा घटना की जानकारी दी गई। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित किया और सीओ व डीएम से भी बात की। वृद्धाश्रम में रह रहे अन्य बुजुर्गों ने बताया कि राम जियावन मानसिक रूप से परेशान रहते थे। पारिवारिक तनाव को इसका कारण बताया जा रहा है, हालांकि उनकी पत्नी ने कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया है। वृद्धाश्रम में रह रही एक बुजुर्ग महिला ने बताया कि उन्होंने सुबह 4 बजे पानी लेने के दौरान बाथरूम में शव देखा। शव सफेद धोती में लिपटा हुआ था, जिससे वह डर गईं। धीरे-धीरे अन्य लोगों को भी घटना की जानकारी हुई। मृतक सभी से प्रेम से बात करते थे।

# गैंगस्टर फिरोज खान की कुर्क सम्पत्ति का विवरण

**समाज जागरण झिंझाना**
वर्तमान अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 30 करोड़ रुपये है जिसमें कृषि भूमि, खसरा संख्या 2319/1, रकबा 0.0692 हे0, स्थित झिंझाना। इस भूमि पर स्वीमिंग पूल एवं बारात घर का निर्माण है।कृषि भूमि, खसरा संख्या 1374, रकबा 0.1571 हे0, स्थित ग्राम झिंझाना ऊन-झिंझाना रोड पर। इस भूमि पर स्वीमिंग पूल एवं बारात घर का निर्माण है।कृषि भूमि, खसरा संख्या 1374, रकबा 0.1256 हे0, स्थित झिंझाना ।इस भूमि पर स्वीमिंग पूल एवं बारात घर का निर्माण है।आवासीय प्लॉट, अभियुक्त की पत्नी शाइस्ता के नाम, क्षेत्रफल 57.15 वर्ग मीटर, खसरा संख्या 1374, स्थित झिंझाना ऊन झिंझाना रोड पर है। इस भूमि पर स्वीमिंग पूल एवं बारात घर निर्मित है।आवासीय प्लॉट, अभियुक्त की पत्नी शाइस्ता के नाम, क्षेत्रफल 42.37 वर्ग मीटर, खसरा संख्या 1374, झिंझाना ऊन झिंझाना रोड पर है। इस भूमि पर स्वीमिंग पूल एवं बारात घर निर्मित है।आवासीय प्लॉट, क्षेत्रफल 371.91 वर्ग मीटर, खसरा संख्या 880, स्थित झिंझाना ऊन झिंझाना रोड पर है। इस भूमि पर 17 दुकानें निर्मित हैं।आवासीय प्लॉट, क्षेत्रफल 134 वर्ग मीटर, स्थित ग्राम जमालपुर में है। इस भूमि पर 03 दुकानें निर्मित हैं।कृषि भूमि, खसरा संख्या 68/2, रकबा 0.1840 हे0, गांव रज्जाक नगर। ० अंश रकबा 0.0920 हे0 सम्मिलित है। 0.0251 हे0 भूमि विक्रय की जा चुकी है तथा शेष 0.0669 हे0 भूमि पर बाउंड्रीवाल निर्मित है।कृषि भूमि, खसरा संख्या 893, रकबा 0. 3760 हे0, स्थित झिंझाना ऊन झिंझाना रोड पर है । इस भूमि पर कोल्हू स्थापित है।आवासीय प्लॉट, क्षेत्रफल 84.90 वर्ग मीटर, स्थित ग्राम झिंझाना ऊन झिंझाना रोड पर पेट्रोल पम्प के पास है। प्लॉट खाली है।आवासीय प्लॉट, क्षेत्रफल 83.61 वर्ग मीटर, स्थित ग्राम जमालपुर। प्लॉट खाली है।आवासीय प्लॉट, क्षेत्रफल 74.36 वर्ग मीटर, स्थित मोहल्ला तलाही, कस्बा झिंझाना ऊन रोड पर है प्लॉट खाली है। कृषि भूमि, खसरा संख्या 893, रकबा 0.1253 हे0, स्थित झिंझाना ऊन झिंझाना रोड पर है। इस भूमि पर कोल्हू स्थापित है।कृषि भूमि, विभिन्न खसरों में कुल रकबा 0.1142 हे0, स्थित ग्राम झिंझाना। यह खेती योग्य भूमि है।कुल 14 चौदह जगह सम्पत्ति कुर्क की कार्रवाई की गयी है।



# भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं ने म्योरपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल किए वितरित

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**
म्योरपुर/ सोनभद्र। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार (25 दिसंबर 2025) को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने म्योरपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरित किए। भाजपा कार्यकताओं ने सुशासन दिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए अस्पताल के वार्डों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों का हाल-चाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए ताजे फल बांटे। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे एससी-एसटी आयोग के उपाध्यक्ष जीतसिंह खरवार ने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व और उनकी जनसेवा की भावना हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके पदचिह्नों पर चलते हुए ही भाजपा कार्यकर्ता दीन-दुखियों की सेवा के लिए निरंतर समर्पित रहते हैं। अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके तीमारदारों ने पार्टी कार्यकताओं के इस सेवा भाव की सराहना की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रणजीत पनिका, ब्लाक प्रमुख मानसिंह गोड़,सीएचसी अधीक्षक डा० पीएन सिंह, मोहरलाल खरवार गणेश जायसवाल, सुजीत सिंह, बबई मरकाम, अमरकेश सिंह, भाईलाल मिश्रा, होरी लाल पासवान सुधीर कुमार, फार्मासिस्ट विरेंद्र कुमार, दीपक अग्रहरी सहित बूथ स्तर के कार्यकताओं समेत स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



# ओपी राजभर के बयान पर सपा का विरोध प्रदर्शन, महिलाओं ने झाड़ू-बेलन से जताया गुस्सा, सेंगर की जमानत पर भी जताई नाराजगी

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**
सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर के एक बयान के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने प्रतीकात्मक रूप से झाड़ू, बेलन और चिमटा लेकर अपना गुस्सा व्यक्त किया। यह प्रदर्शन राजभर के उस बयान के खिलाफ था जिसमें उन्होंने उन्नाव रेप पीड़िता से जुड़े सवाल पर ठहाके लगाए थे। यह घटना 25 दिसंबर, 2025 को हुई, जब ओम प्रकाश राजभर से उन्नाव रेप पीड़िता के बारे में सवाल पूछा गया। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इस संवेदनशील मुद्दे पर ठहाके लगाए, जिसे 'बेशर्मी भरा बयान' बताया गया। सपा नेताओं ने इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा के सहयोगी दल लगातार महिलाओं के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत मिलने का भी जिक्र किया, जिस पर प्रदेश के परिवहन मंत्री ने 'न्याय मिलने' की बात कही थी। सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष गीता गौर ने आरोप लगाया कि भाजपा केवल महिलाओं का अपमान कर रही है। सपा नेता मनीष त्रिपाठी ने कहा कि 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' का नारा केवल एक नारा बनकर रह गया है, जबकि उत्तर प्रदेश में हत्या और लूट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और सरकार इस पर आंखें मूंदे बैठी है। माया भारती ने भी राजभर के बयान और उनके ठहाकों को भाजपा की महिलाओं के प्रति गंभीरता की कमी का संकेत बताया। प्रदर्शन के दौरान प्रमोद यादव ने कहा कि भाजपा सरकार और उसके सहयोगी दल लगातार महिलाओं पर आपत्तिजनक बयान दे रहे हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर का जिक्र किया, जिन्होंने उन्नाव पीड़िता के मामले में कथित तौर पर ठहाके लगाए और महिलाओं पर विवादित टिप्पणी की। यादव ने संजय निषाद पर भी निशाना साधा, जिन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं के दुपट्टे खींचने की घटना पर कथित तौर पर विवादित बयान दिया था। प्रमोद यादव ने सवाल उठाया कि क्या यही 'अमृत काल' है, जैसा कि भाजपा दावा करती है। प्रदर्शनकारियों ने उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के मामले में दोषी कुलदीप सेंगर को दिल्ली हाई कोर्ट से मिली जमानत का भी विरोध किया। उन्होंने बताया कि पीड़िता दिल्ली में प्रदर्शन कर रही थी, जहां पुलिस प्रशासन ने उसे कथित तौर पर घसीटा। प्रमोद यादव ने ओमप्रकाश राजभर के बयान का उल्लेख किया, जब पत्रकारों ने उनसे सेंगर की जमानत पर सवाल किया तो उन्होंने हंसते हुए कहा कि "वह उन्नाव की है, यहां क्या कर रही है?" उन्होंने उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री के उस बयान का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने सेंगर को न्याय मिलने पर न्यायालय को बधाई दी थी। प्रदर्शनकारियों ने भारतीय जनता पार्टी से महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना बंद करने और उनका सम्मान करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि जब प्रदेश का मुखिया ही विवादित बयान दे रहा है, तो मंत्री क्यों नहीं देंगे।

इस विरोध प्रदर्शन में सुरेश अग्रहरी, कलावती देवी, शीला भारती, जुनैद अंसारी और अरविंद पटेल सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।




# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जयंती हर्षोल्लास से मनाया गया

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**
डाला/ सोनभद्र। विधानसभा रावटसगंज 401 मंडल डाला के बूथ संख्या 293 के डाला चढ़ाई पर स्थित पर डीह बाबा मंदिर के पास संतोष कुमार बबलू जिला कार्य समिति सदस्य भाजपा के नेतृत्व में पुर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती बड़े ही हर्षोल्लास से मनाते हुए दिव्यांग जनों को मिष्ठान खिलाकर उनको बीच कंबल वितरित किया गया। वहीं जहां कड़ाके के ठंड को मद्देनजर रखते हुए 11 दिव्यांग के साथ गरीब बुजुर्ग महिला व पुरुष को लगभग 30 कंबल वितरित किया गया इस दौरान सुशील तिवारी आलोक कुमार, उमा अग्रहरि, मुन्ना, पन्ना सिंह, छोटेलाल, उर्मिला देवी, मीना देवी, आदि लोग उपस्थित रहे।

# APK फाइल भेज 11.40 लाख की साइबर ठगी का खुलासा, दो गिरफ्तार, 8.40 लाख रुपये बरामद

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**
सोनभद्र। पुलिस ने एक बड़े साइबर धोखाधड़ी का खुलासा किया है। पुलिस ने शादी के निमंत्रण कार्ड के नाम पर APK फाइल भेजकर 11.40 लाख रुपये की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 8.40 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के विशेष अभियान के तहत की गई। एसपी ने खुलासा करते हुए बताया कि यह मामला अभिषेक कुमार सिंह की शिकायत के बाद सामने आया था। उन्होंने साइबर थाने में बताया था कि उन्हें व्हाट्सएप पर शादी के निमंत्रण कार्ड का एक मैसेज मिला था। जैसे ही उन्होंने उस मैसेज को खोला, उनका बैंक खाता हैक हो गया और उनके अकाउंट से लगभग 90 हजार रुपये की धनराशि कट गई। पुलिस ने जब मामले की जांच शुरू की, तो पता चला कि 'शादी का निमंत्रण' नाम की एक एपीके फाइल (एंड्रॉयड ऐप्स डाउनलोड करने के लिए इस्तेमाल होने वाली) व्हाट्सएप के माध्यम से अभिषेक कुमार को भेजी गई थी। ठगी गई धनराशि एक सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) खाते में पहुंची थी। पूछताछ में महेंद्र सिंह नामक व्यक्ति के सर्विस सेंटर के वॉलेट में यह पैसा आने का पता चला। महेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी यूजर आईडी और पासवर्ड किसी काम के लिए दिए गए थे, जिसका दुरुपयोग करके यह धनराशि उनके खाते में आई। गहन जांच के बाद अरुण कुमार और सतीश कुमार नामक दो व्यक्तियों के नाम सामने आए, जिनके पास सीएससी की आईडी थी। इन दोनों ने शुभम जायरो नामक एक व्यक्ति (जो मूलतः कोलकाता का निवासी है) के माध्यम से यह धनराशि अपने वॉलेट में मंगवाई थी। कुल मिलाकर, विभिन्न तिथियों में सीएससी सेंटर की आईडी में 11 लाख 40 हजार रुपये की साइबर ठगी की गई थी, जिसका गलत इस्तेमाल अरुण कुमार और सतीश कुमार ने अपने कोलकाता के साथी के साथ मिलकर किया। पुलिस ने इस मामले में 8 लाख 40 हजार रुपये बरामद कर लिए हैं। शेष 1 लाख 40 हजार रुपये एक जिला समन्वयक द्वारा निकाल लिए जाने की बात सामने आई है, जिसकी भूमिका संदिग्ध है और इस पर जांच चल रही है। इस मामले में कोलकाता के कुछ अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया जाना बाकी है। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। अरुण कुमार डाक विभाग में संविदा कर्मी के पद पर तैनात थे, जबकि सतीश कुमार एक सीएससी चालक थे। पुलिस अन्य विभिन्न पहलुओं पर भी गहनता से जांच कर रही है, क्योंकि यह अपराध बहुत ही संगठित तरीके से किया गया था।



# नशे से बचाने और नशा छोड़ मानवीय मूल्यों से जोड़ने को लेकर वीरवार तीसरे दिन भी अभियान जारी रहा

## श्रीअलख आश्रम के महंत बाल योगी बाबा विकास गिरी महाराज ने नशा व्यसनों के खात्मे व स्वच्छता अभियान को लेकर कस्बे में जगा रहें हैं अलख

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 25 दिसंबर। श्रीअलख आश्रम के महंत बाल योगी बाबा विकास गिरी महाराज ने कस्बे में नशा व्यसनों के खात्मे व स्वच्छता अभियान को लेकर अलख जगा रहें हैं और इस अभियान में कस्बे के युवा बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। महंत बाबा विकास गिरी ने नशे के कुप्रभाव व स्वच्छता की अच्छाइयों को लेकर अब 1 जनवरी तक पूरे कस्बे में अभियान चलाकर संदेश देंगे। समाज की युवा पीढ़ी में तेजी से फैलते नशे से बचाने और नशा छोड़ मानवीय मूल्यों से जोड़ने को लेकर वीरवार तीसरे दिन भी अभियान जारी रखा। महंत व स्वयं सेवकों ने ब्रह्मलीन तपस्वी बाबा रति गिरी महाराज की समाधि पर माथा टेक 23 दिसंबर को इस अभियान की शुरूआत की थी। महंत बाबा विकास गिरी महाराज ने कहा कि समाज के उत्थान की खातिर नशा व्यसनों की जगह कतई नहीं होनी चाहिए और स्वच्छता स्वस्थ रहने के लिए जरूरी होती है। नशे से मुक्त समाज और स्वच्छता से लगाव रखने वाला समाज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रह सकता। इस अभियान में कस्बे के जागरूक युवाओं को जोड़ना और सामाजिक संगठनों के माध्यम से घर-घर पहुंचना प्राथमिकता होगी। अभियान के पहले बहुत सारे युवाओं ने स्वच्छता अभियान चलाया और कूड़े करकट का निस्तारण किया। इस अवसर पर मिस्त्री बजरंग जांगड़ा, दीपक पनिहार, सुरेश गर्ग पातवानिया सहित अनेक स्वयं सेवकों ने अभियान में श्रम की आहुति दी।



# गांव सलेमपुर का वीटा मिल्क चिलिंग सेंटर पशुपालकों की आय व रोजगार बढ़ाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा : पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**(महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 25 दिसंबर। प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि गांव सलेमपुर का वीटा मिल्क चिलिंग सेंटर पशुपालकों की आय व रोजगार बढ़ाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि लोहारू विधानसभा क्षेत्र के गांव सलेमपुर का वीटा मिल्क चिलिंग सेंटर का वर्चुअल माध्यम से केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा सहकारिता मंत्री डा.अरविंद शर्मा ने पंचकुला से गत सायं उद्घाटन किया गया। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने बताया कि करीब 3.30 करोड़ रुपए की लागत से दो एकड़ भूखंड पर इसका निर्माण किया गया है। इस चिलिंग सेंटर का 27 मई ,2023 को उनके द्वारा शिलान्यास किया गया था। इस चिलिंग सेंटर की 20 हजार लीटर प्रतिदिन दुग्ध संग्रहण क्षमता है। भविष्य में इसे बढ़ाकर 40-50 हजार लीटर प्रतिदिन दुग्ध संग्रह क्षमता करने की योजना है। इस विटा चिलिंग सेंटर में करीब 100 सरकारी समितियां से दुग्ध इकट्ठा किया जाएगा। करीब 20 से 25 बीएमसी इस केंद्र पर कार्यरत रहेंगे। इस चिलिंग सेंटर के चालू होने से बहल, सिवानी, लोहारू, तोशाम तथा कैरू खंड में वीटा की बंद पड़ी दुग्ध सहकारी समितियां को पुनः चालू किया जा सकेगा। जिसमें आमजन को सहकारिता के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह सेंटर चालू होने से इस क्षेत्र में वीटा के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ेगी।






उन्होंने कहा कि इससे वीटा के उत्पाद जिसमें दूध, दही, लस्सी, छाछ, बटर व अन्य उत्पाद की पहुंच देहात में आम जनता को उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही दूध उत्पादक किसानों को उनके दूध का उचित भाव मिलेगा, जिससे वह प्राइवेट कंपनियों के शोषण से मुक्ति मिलेगी और उनकी आय में भी वृद्धि होगी। भविष्य में यहां वीटा की मिठाईया बनाने की योजना है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सेनी व सहकारिता मंत्री डा.अरविंद शर्मा ने सहकारिता विभाग में आमजन, दुग्ध उत्पादको व किसानों के हित में अनेक फैसले लिए जा रहे है। दुग्ध उत्पादकों को 6 महिने दी जाने वाली मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि को पूरे वर्ष किया गया है। जिससे उनका आर्थिक विकास होगा। पंजीकृत सदस्यों के दुर्घटना बीमा को 5 लाख से बढाकर 10 लाख रुपये किया गया है। साथ ही छात्रवृति के रूप में 5100 व 2100 की गई है। बेटी के जन्म पर भी शगुन व कन्यादान के रूप में प्रोत्साहन दिया जाता है। मिल्क चिलिंग सेंटर सलेमपुर के प्रबंधक सुभाष शर्मा ने समिति प्रधान सचिवों को सहकारी समिति में पंजीकृत सदस्यों को बढाने के लिए प्रोत्साहित किया है।

# सुशासन दिवस पर डीएसपी सुनील कुमार जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित।

**समाज जागरण,**
**अश्विनी वालिया कुरुक्षेत्र।**

सुशासन दिवस के अवसर पर कुरुक्षेत्र जिला प्रशासन द्वारा डीएसपी सुनील कुमार को पराली न जलाने की दिशा में किए गए प्रभावी प्रयासों एवं पर्यावरण संरक्षण में अहम योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डीएसपी सुनील कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र में किसानों को पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान, वायु प्रदूषण और जनस्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को लेकर लगातार जागरूक किया गया। प्रशासनिक समन्वय और संवाद के माध्यम से किसानों को पराली प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए और पराली जलाने की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई।




सुशासन दिवस समारोह के दौरान जिला प्रशासन के अधिकारियों ने डीएसपी सुनील कुमार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहलें पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सुशासन की भावना को भी सशक्त करती हैं।

सम्मान प्राप्त करते हुए डीएसपी सुनील कुमार ने जिला प्रशासन, पुलिस टीम और किसानों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण और जनहित से जुड़े कार्यों को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# साहिबजादा जोरावर सिंह जी व साहिबजादा फतेह सिंह जी के सर्वोच्च बलिदान को समर्पित राज्य स्तरीय समारोह आज

**- हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी सीडीएलयू सिरसा में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में होंगे मुख्यातिथि**
**- विशेष प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाई जाएगी साहिबजादों की शौर्य गाथा**

**समाज जागरण,**
**सिरसा/कालांवाली 25 दिसंबर(सुरेश जोरासिया)**

हरियाणा सरकार द्वारा 26 दिसंबर को सिरसा में साहिबजादा जोरावर सिंह जी व साहिबजादा फतेह सिंह जी के सर्वोच्च बलिदान को समर्पित राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक समारोह का आयोजन चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में किया जाएगा। समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा राज्य स्तरीय समारोह को लेकर सभी पुख्ता इंतजाम किए हैं। उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत व पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने वीरवार को समारोह स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि समारोह में संगत को वीर साहिबजादों की शौर्य गाथा से परिचित करवाने के लिए सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई है। प्रदर्शनी में चित्रों, पोस्टरों और ऐतिहासिक संदर्भों के माध्यम से उस दौर के संघर्ष को जीवंत किया जाएगा। इस समारोह में वक्ताओं द्वारा साहिबजादों के बलिदान व त्याग पर प्रकाश डाला जाएगा।

उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत व पुलिस अधीक्षक ने समारोह स्थल पर सुरक्षा, पार्किंग, पेयजल और बैठने की व्यवस्था व अन्य प्रबंधों का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह में आने वाली संगत को कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जा रहे हैं और यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन का प्लान भी तैयार किया गया है। समारोह स्थल पर जाने के लिए सीडीएलयू के गेट नंबर दो (मिनी बाइपास) से प्रवेश करवाया जाएगा। इसी गेट से वाहनों को प्रवेश करवा कर सीवी रमन भवन के पीछे व डा. अंबेडकर भवन के पास पार्किंग बनाई गई है। इसी प्रकार मीडिया की पार्किंग आईटी सेंटर के सामने बनाई गई है।

# पारदर्शिता के साथ योजनाओं का लाभ देना ही सुशासन : जेपी दलाल

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता (महेंद्र जावला बहल)**

बहल, 25 दिसंबर। प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा पात्र लोगों को पारदर्शिता के साथ अंतोदय की भावना से योजनाओं का लाभ देना ही सच्चा सुशासन है। उन्होंने सुशासन दिवस पर अधिकारियों व कर्मचारियों से ईमानदारी एवं समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया। गांव चैहड़ खुर्द की व्यायामशाला में आयोजित प्रशासन गांव की ओर एवं सुशासन दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेपी दलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि आज योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रहा है और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है।



उन्होंने कहा कि ई-गवर्नेंस, सीएम विंडो, अटल सेवा केंद्र, ऑनलाइन सेवाओं और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से शासन व्यवस्था मजबूत हुई है। किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की जा रही हैं।

इस अवसर पर एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को घर-द्वार पर सरकारी योजनाओं का लाभ देना है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं।

कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर में अटल जी व मालवीय जी की जयंती एवं तुलसी पूजन

**लखीमपुर-खीरी।**

विद्या भारती से संबद्ध डॉ. हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर, आवास-विकास, लखीमपुर-खीरी में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक महापुरुष पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती तथा तुलसी पूजन कार्यक्रम श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की आचार्या विमलेश ने तुलसी पूजन के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भैया-बहिनों एवं आचार्य परिवार द्वारा विधिवत तुलसी पूजन एवं आरती की गई।

विद्यालय के आचार्य सर्वेश कुमार वाजपेई ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र के लिए उनके अमूल्य योगदान से सभी को अवगत कराया। वहीं आचार्या वर्षा ने पं. मदन मोहन मालवीय के जीवन एवं उनके शैक्षिक और सामाजिक योगदान पर विस्तार से जानकारी दी।




विद्यालय के प्रधानाचार्य राममणि मिश्र ने जयंती समारोहों की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए भैया-बहिनों से महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में संस्कार, राष्ट्रप्रेम एवं नैतिक मूल्यों का विकास करते हैं।

कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ। इसके पश्चात कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के भैया-बहिनों की तृतीय मासिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का अभिभावकों द्वारा अवलोकन कराया गया। इस दौरान शिशुओं के शैक्षिक विकास एवं उन्नयन को लेकर कक्षा अध्यापकों एवं अभिभावकों के मध्य संवाद हुआ तथा अभिभावकों की समस्याओं का समाधान भी किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, भैया-बहिन एवं आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

# जेसीआई लखीमपुर का 51वां अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न

## सचिन अग्रवाल बने अध्यक्ष, तीन नए सदस्य संगठन से जुड़े

**समाज जागरण,**
**कुलदीप सिंह लखीमपुर-खीरी।**

अंतरराष्ट्रीय व्यक्तित्व विकास एवं समाजसेवी संगठन जेसीआई की लखीमपुर इकाई का 51वां अधिष्ठापन समारोह शहर के एक सभागार में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर सचिन अग्रवाल ने वर्ष 2026 के लिए अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की। उन्हें निवर्तमान अध्यक्ष शुभम टण्डन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इसके पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। महिला शाखा की कमान शोभना गुप्ता को सौंपी गई, जबकि क्रियांश बरनवाल ने जेजे चेयरमैन का दायित्व संभाला।

इससे पूर्व अध्यक्ष 2025 शुभम टण्डन ने वर्षभर के कार्यों पर आधारित अध्यक्षीय प्रतिवेदन सदन में प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्यों, मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए अध्यक्षीय मान्यताएं वितरित की गईं तथा पुरस्कार वितरण समारोह भी संपन्न हुआ। वर्ष 2025 के लिए सर्वश्रेष्ठ जेसी का खिताब सचिन अग्रवाल एवं विश्वास सेठ को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न श्रेणियों में 16 अन्य पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के पूर्व राष्ट्रीय निदेशक राममोहन गुप्ता, की-नोट स्पीकर के रूप में पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विशाल सेठ तथा अधिष्ठापन अधिकारी के रूप में पीलीभीत से पधारे मंडल उपाध्यक्ष सूरज बग्गा उपस्थित रहे। विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में कौशल जोशी (जेसीआई कोलकाता) भी कार्यक्रम में शामिल हुए।




इस अवसर पर पुलक अग्रवाल, लव पुरी एवं जितेन्द्र अवस्थी ने जेसीआई की सदस्यता ग्रहण कर संगठन में पदार्पण किया।

कार्यक्रम का संचालन लेखनी सेठ एवं मीता गर्ग ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में पूर्वाध्यक्ष आर्येन्द्र पाल सिंह, दिनेश कुमार गुप्ता, अमर सिंह, कुलदीप गुप्ता, विकास टण्डन, तुषार गर्ग सहित कार्यक्रम निदेशक कुशाग्र अग्रवाल, अंकित मित्तल, सचिव राहुल अग्रवाल तथा दिलीप बरनवाल, अर्चित महेन्द्र, राहुल माथुर, स्पर्श अग्रवाल, असद हुसैन, देवऋषि नागर, पारुल पटेल, आरती सिंह, सोनी गुप्ता, समीक्षा टण्डन, मुक्ति अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्य, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश उत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

**समाज जागरण, कुलदीप सिंह लखीमपुर-खीरी।**

सिख धर्म के दशम गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव के अवसर पर लखीमपुर खीरी में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से भव्य नगर कीर्तन एवं शोभायात्रा निकाली गई।

विशाल नगर कीर्तन का आयोजन गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के प्रधान कुलवंत सिंह खैरा, महामंत्री गुरजीत सिंह जुनेजा, सदस्यों एवं संगत के सहयोग से किया गया।





नगर कीर्तन में पंच प्यारे एवं श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पावन छत्रछाया में गुरबाणी के शब्द-कीर्तन गाते हुए संगत ने नगर का भ्रमण किया। इस दौरान रागी जत्थों द्वारा गुरबाणी का कीर्तन प्रस्तुत किया गया। प्रचारक अनंत पाल सिंह ने गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन, त्याग और बलिदान पर प्रकाश डाला। नगर कीर्तन के मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह संगत के लिए प्रसाद वितरण किया गया। बस अड्डा रोड स्थित पंजाब टेंट हाउस के सामने दलजीत सिंह बग्गा एवं सुरेंद्र सिंह धीर ने मत्था टेककर संगत को प्रसाद वितरित किया।

इस अवसर पर स्त्री सत्संग सेवा दल की महिलाओं ने श्रद्धाभाव के साथ नगर कीर्तन मार्ग में झाड़ू लगाकर गुरु ग्रंथ साहिब के मार्ग को स्वच्छ किया और कीर्तन करती हुई आगे बढ़ीं। वहीं गुरु नानक बालक सभा के बच्चों ने पंच प्यारे बनकर नगर कीर्तन में सहभागिता की। शहर के कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी नगर कीर्तन में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

नगर कीर्तन शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हुआ।

# लखीमपुर डिपो के अधिकारियों-कर्मचारियों की हुई स्वास्थ्य जांच

**कुलदीप सिंह लखीमपुर खीरी।**

सुरक्षित एवं निर्बाध यात्री सेवाओं के उद्देश्य से लखीमपुर बस स्टैंड परिसर में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में परिवहन विभाग से जुड़े कुल 153 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विभिन्न संक्रामक एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई।




मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि शिविर में एआरएम, बस संचालक, परिचालक, सफाई कर्मी एवं अन्य कर्मियों की एचआईवी, सिफिलिस, एचसीवी, हेपेटाइटिस-बी (HBsAg) तथा टीबी की स्क्रीनिंग की गई। जांच के दौरान किसी भी व्यक्ति में हेपेटाइटिस-बी, सिफिलिस अथवा एचआईवी रिएक्टिव का कोई भी पॉजिटिव मामला सामने नहीं आया। इसके अतिरिक्त शिविर में 35 लोगों का एक्स-रे, 32 का स्पुटम परीक्षण तथा 30 लोगों का नेत्र परीक्षण भी किया गया।

सीएमओ ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य परिवहन सेवाओं से जुड़े कर्मियों के स्वास्थ्य की समय रहते जांच कर उन्हें स्वस्थ रखना है, जिससे यात्रियों को भी सुरक्षित एवं बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. पंकज, एनटीईपी स्टाफ, डीएसआरसी व आईसीटीसी काउंसलर, लैब टेक्नीशियन, जिला चिकित्सालय लखीमपुर खीरी तथा ग्राम विकास सेवा समिति के कर्मचारी मौजूद रहे। परिवहन विभाग के सहयोग से शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

# प्रधानमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की

**समाज जागरण**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन सुशासन और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा, उन्हें न केवल एक प्रखर वक्ता के रूप में बल्कि एक ओजस्वी कवि के रूप में भी हमेशा याद किया जाएगा। उनका व्यक्तित्व, कार्य और नेतृत्व देश के सर्वांगीण विकास का पथ-प्रदर्शक बना रहेगा।

**प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया:**

"देशवासियों के हृदय में बसे पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी जयंती पर सादर नमन। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सुशासन और राष्ट्र निर्माण को समर्पित कर दिया। वे एक प्रखर वक्ता के साथ-साथ ओजस्वी कवि के रूप में भी सदैव स्मरणीय रहेंगे। उनका व्यक्तित्व, कृतित्व और नेतृत्व देश के चहुंमुखी विकास के लिए पथ-प्रदर्शक बना रहेगा।"

# राष्ट्रपति ने संथाली भाषा में भारत का संविधान जारी किया

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज (25 दिसंबर, 2025) राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में संथाली भाषा में भारत का संविधान जारी किया।



इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि यह सभी संथाली लोगों के लिए गर्व और खुशी की बात है कि भारत का संविधान अब संथाली भाषा में, ओल चिकी लिपि में उपलब्ध है। इससे वे संविधान को अपनी भाषा में पढ़ और समझ सकेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि इस वर्ष हम ओल चिकी लिपि की शताब्दी मना रहे हैं। उन्होंने विधि एवं न्याय मंत्री और उनकी टीम की प्रशंसा की, जिन्होंने शताब्दी वर्ष में भारत के संविधान को ओल चिकी लिपि में प्रकाशित करवाया।

इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन और केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल शामिल थे।

संथाली भाषा, जिसे 2003 के 92वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था, भारत की सबसे प्राचीन जीवित भाषाओं में से एक है। यह झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और बिहार में बड़ी संख्या में आदिवासी लोगों द्वारा बोली जाती है।

# सुशासन सप्ताह के समापन पर 'अटल स्मृति पार्क' जनता को समर्पित

**समाज जागरण संभल।**

सुशासन सप्ताह (19 से 25 दिसंबर 2025) के अंतिम दिन एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती/जन्म शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर नगर पालिका परिषद संभल द्वारा अटल स्मृति पार्क का लोकार्पण किया गया। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी/उप नगर आयुक्त डॉ. मणि भूषण तिवारी द्वारा अतिक्रमण मुक्त कर विकसित किए गए इस पार्क का लोकार्पण जिलाधिकारी डॉ. पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने किया। भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्र में विकसित यह पार्क बच्चों, महिलाओं एवं वृद्धजनों के लिए विश्राम व भ्रमण का बेहतर स्थल बनेगा तथा नई पीढ़ी को राष्ट्रबोध, लोकतांत्रिक मूल्यों व सुशासन की प्रेरणा देगा।




इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, सभासदगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इसके बाद अधिकारियों ने चंदौसी चौराहा सौंदर्यीकरण एवं बीआरसी केंद्र संभल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# विशेष हथकरघा प्रदर्शनी - साड़ी महोत्सव देश की हथकरघा विरासत

**समाज जागरण**

वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी) की ओर से नई दिल्ली के जनपथ स्थित हथकरघा हाट में विशेष हथकरघा प्रदर्शनी - साड़ी महोत्सव चल रहा है। यह प्रदर्शनी 20 दिसंबर 2025 से 2 जनवरी 2026 तक प्रतिदिन सुबह 11:00 बजे से रात 8:00 बजे तक जनता के लिए खुली रहेगी।

इस वर्ष इस साड़ी महोत्सव में देशभर से 90 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इनमें से 72 स्टॉलों में हथकरघा उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई है, जिनमें मुख्य रूप से साड़ियां शामिल हैं। इसके साथ ही सलवार सूट, दुपट्टे, स्टोल, बेडशीट और ड्रेस मटेरियल भी प्रदर्शनी में रखे गए हैं, जबकि 18 स्टॉलों पर हस्तशिल्प वस्तुएं उपलब्ध हैं।



इस पहल का उद्देश्य भारत की समृद्ध हथकरघा विरासत को बढ़ावा देना, बुनकरों और कारीगरों को बाजार के अवसर प्रदान करना तथा पारंपरिक शिल्प क्षेत्र को मजबूत करना है। एनएचडीसी हथकरघा क्षेत्र में आजीविका बढ़ाने में मदद करने और भारत की सांस्कृतिक तथा वस्त्र परंपराओं के संरक्षण को सुनिश्चित करने पर लगातार ध्यान केंद्रित कर रहा है।

# जिले के अंतर्गत बैगा बाहुल्य ग्रामों में जय जोहार कार्यक्रम

**समाज जागरण विजय तिवारी**

गौरेला । जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही की कलेक्टर श्री मति लीना कमलेश मडावी की नई पहल विशेष पिछड़ी जन जाति बाहुल्य बैगा ग्रामों में जय जोहार कार्यक्रम से समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा रहा है जिससे वर्षों बाद बैगा परिवार के चेहरों में मुस्कान देखने को मिल रहा है । केवची में




आयोजित कार्यक्रम में इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्री रावते,प्रशिक्षु IFS प्रभारी फॉरेस्ट एसडीओ,तहसीलदार ,जिला महिला बालविकास अधिकारी जिले के समस्त विभाग के विभाग प्रमुख उपस्थित थे विभागीय योजनाओं की जानकारी विभागवार दी गई साथ ही मौके पर ही प्राप्त आवेदन का निराकरण किया गया सतत जय जोहार कार्यक्रम जिले के सभी बैगा ग्रामों में आयोजित की जा रही है विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों को शासन की योजनाओं का त्वरित लाभ मिले इसके लिए कलेकटर द्वारा जय जोहार के माध्यम से विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है।लगातार बैगा ग्रामों में हो रहा है इसके पहले पंडरी, पानीबानघाट पीड़ा में हो चुका है।

# धनौली में मनाया गया सुशासन दिवस

**समाज जागरण**

गौरेला। ग्राम पंचायत धनौली के अटल चौक में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जयंती के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस मनाया गया जिसमें पूर्व मंडी



अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र उपाध्याय, सेमरा मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी,जनपद सदस्य प्रतिनिधि मुरारी धुर्वे उपसरपंच सुखलाल बैगा,सरपंच प्रतिनिधि पवन कोल,सचिव रमेश यादव, पंच अर्पित उपाध्याय, नरेश धुर्वे, राधेश्याम शर्मा, चंद्रिका गुर्जर, अमीर सिंह, राहुल गुर्जर, संदीप गुर्जर एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

# खाखी के शह पर धनगवा में रेत का अवैध साम्राज्य, सोन नदी की खुली लूट, कानून बेबस

**समाज जागरण**

शहडोल ।जिले में शासन की खुलेआम अवहेलना करते हुए धनगवा-नवलपुर क्षेत्र में सोन नदी से रात-दिन अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिले में एक भी वैध रेत खदान स्वीकृत नहीं है, फिर भी शहडोल का बाजार अवैध रेत से भरा पड़ा है।सूत्रों के मुताबिक धनगवा निवासी कोमल और प्रताप, अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर नवलपुर सोन नदी के रपटा घाट से रेत की खुलेआम लूट कर रहे हैं और उसे शहडोल शहर तक सप्लाई किया जा रहा है।

# ट्रक से ट्रांसपोर्ट हो रहा था गांजा

### जबलपुर एसटीएफ व जैतहरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई ट्रक से 6 क्विंटल गांजा जप्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण**

(जैतहरी) जबलपुर एसटीएफ एवं जैतहरी पुलिस की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक ट्रक से 6 क्विंटल गांजा जप्त किया है। इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गांजा उड़ीसा से तस्करी कर लाया जा रहा था, जिसे ट्रक क्रमांक JH 02 BL 7103 के माध्यम से परिवहन किया जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर जैतहरी थाना क्षेत्र में संयुक्त टीम द्वारा घेराबंदी कर ट्रक को रोका गया, जहां तलाशी के दौरान भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने ट्रक चालक एवं उसके सहयोगी को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। पूछताछ में तस्करी से जुड़े अन्य नेटवर्क एवं सप्लाई चेन की जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।

# मैहर में बांग्लादेशी संदिग्ध का खुलासा फर्जी दस्तावेजों से बना स्थानीय निवासी, सिस्टम की सुरक्षा पर उठे सवाल

**समाज जागरण**

मैहर। देशभर में बांग्लादेशी घुसपैठ व बांग्लादेश में सनातनियों पर हो रहे अत्याचार के बीच मैहर जिला के मुकुंदपुर तहसील स्थित मदरसे में पढ़ने के नाम से रह रहे पश्चिम बंगाल (बांग्लादेश) से आए एक मुस्लिम व्यक्ति की पहचान उजागर हुई है। जिसके बाद से संबंधित व्यक्ति के खिलाफ हरकत में आया और उसकी जांच की तो सामने आया कि वह बिना किसी एनओसी व अन्य दस्तावेजों के प्रमाणीकरण कराए बगैर ही मैहर जिला का स्थानीय निवासी के तौर पर वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, समग्र आईडी समेत बीपीएल योजना का हितग्राहीधारक कार्ड पंजीकरण कर योजनाओं का लाभ ले रहा था। जबकि वह भारत देश का नागरिक भी नहीं है। खैर, जानकारी लगने के बाद जनपद पंचायत सीईओ अमरपाटन द्वारा उसकी समग्र आईडी निरस्त करते हुए उसकी रिक्वेस्ट भोपाल मुख्यालय भेजी गई। इसके साथ ही उसके गरीबी रेखा का हितग्राही होने की जानकारी तहसीलदार को भेजी गई है।

**दरगाह में शिक्षक और झाड़-फूंक का काम-ः**

कौसल आलम नाम का बांग्लादेशी नागरिक बीते पांच से छह वर्षो से मुकुंदपुर की दरगाह में बतौर शिक्षक के रूप में किराए से रह रहा है। इसके अलावा वह आस-पास के क्षेत्र में झाड़-फूंक जैसे काम भी करने के लिए जाना जाता है। सूत्रों की मानें तो उसके जांच के दौरान उसके माता-पिता भी अन्य बाहरी मुल्कों से जुड़े मिले है। हालंकि जांच के बाद इतना सब कुछ पाए जाने के उपरांत भी जिला प्रशासन ने उसके खिलाफ कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं अपनाई और वह फिलहाल वहीं रह रहा है।

**आधार कार्ड में अभिभावक का परिवर्तन कर बना स्थानीय निवासी-ः**

पश्चिम बंगाल से आए बाहरी मुस्लिम व्यक्ति को मुकुंदपुर जिला मैहर का निवासी बनाने के लिए उसके आधार कार्ड में अभिभावक के नाम का परिवर्तन किया गया। कौसर आलम नामक व्यक्ति के आधार में केयर आफ में सुल्तान अली निवासी मुकुंदपुर करने के बाद उसके आधार में निवास में बदलाव करते हुए निवासी मुकुंदपुर बना दिया गया। जिसके बाद संबंधित व्यक्ति का वोटर आईडी कार्ड, समग्र आईडी एवं गरीबी रेखा का बीपीएल कार्ड जैसे अन्य लाभ भी हासिल कर लिए।

**एसआईआर में अनमैप्ड होने के बाद हुआ खुलासा-ः**

पश्चिम बंगाल से आकर मुकुंदपुर में बतौर स्थानीय निवासी के रुप में रह रहे कौसल आलम की पहचान का खुलासा तब हुआ जब वह एसआईआर सर्वे के दौरान के अनमैप्ड हो गया यानी मतदाता नहीं रहा। जिसके बाद इंटरनेट मीडिया के जरिए उसकी जानकारी प्रशासन को लगी और जांच के दौरान उसके बाहर के होने की जानकारी सामने आई।

**एसपी ने मांगी कलेक्टर से जानकारी-ः**

इस संबंध में यह जानकारी भी सामने आई है कि पुलिस अधीक्षक मैहर के पास उसके पासपोर्ट का आवेदन का एनओसी की जानकारी भी सामने आने के बाद कलेक्टर से उसके संबंध में पूरी जानकारी के संबंध में बात की है और साथ ही इसके लिए भी बात कि है कि आखिर उसके अन्य दस्तावेज कैसे तैयार कर दिए गए? इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह से संपर्क किया गया, लेकिन उनके द्वारा कोई जवाब नहीं आया।

**अधिकारियों का पक्ष-ः**

एसआईआर में अनमैप्ड हो जाने के बाद सामने आया। जिसके बाद समग्र आईडी निरस्त करते हुए उसकी रिक्वेस्ट भोपाल मुख्यालय भी भेज दिया गया है।

**- वेदमणि मिश्रा, सीईओ जनपद अमरपाटन**

हमारे द्वारा संबंधित व्यक्ति का गरीबी राशन कार्ड नहीं बनाया गया, जानकारी सामने आने के उपरांत उसे निरस्त कर दिया गया है। - आरडी साकेत, तहसीलदार, अमरपाटन

# बाइक से मालिक के साथ जा रहे युवक को ट्रक ने मारी टक्कर, सिर बुरी तरह कुचला; मौत

**समाज जागरण**

रीवा। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बीहर उन्नत पुल पर बीती रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। शहर में भारी वाहनों के लिए नो-एंट्री खुलते ही एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में 18 वर्षीय युवक समीर जायसवाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी बाल-बाल बच गया। घटना मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात लगभग 11:30 से 12 बजे के बीच की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मृतक समीर जायसवाल मूल रूप से मैहर जिले के ताला थाना के ग्राम सिमरिया (रामगढ़) का निवासी था। रीवा के खैरी इलाके में रहकर एक टेंट हाउस में काम करता था। रात को वह अपने मकान मालिक के बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहा था। उनकी बाइक कबाड़ी मोहल्ले के समीप बीहर उन्नत पुल पर पहुंची। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि समीर सीधे ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आ गया,

जिससे उसका सिर बुरी तरह कुचल गया। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बाइक चला रहा दूसरा युवक छिटककर दूर जा गिरा, जिसे उसको मामूली चोटें आई हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि रात में नो-एंट्री खुलते ही शहर के भीतर ट्रकों की लंबी कतार लग जाती है। ट्रक चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हैं, जो अक्सर ऐसे हादसों का कारण बनता है। घटना के बाद मौके पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। हादसे की सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

**पुलिस ने शुरू की जांच-ः**

पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया और परिजनों को सूचित किया।

टेंट हाउस संचालक विनोद ताम्रकार ने बताया कि समीर रात 8 बजे काम खत्म करके निकला था और बाद में उन्हें फोन से इस दुखद घटना की जानकारी मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घटिया निर्माण कर लाखों उडाने के फिराक में ग्राम पंचायत बेली

### नाबालिगों के सहारे लगा रहे बेड़ा गर्क

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- उमरिया जिले के पाली जनपद पंचायत के बेली ग्राम पंचायत में चल रहे 100 मीटर बन रही नव निर्मित क्रांकीट सडक निर्माण में घटिया पन की झलक साफ दिखाई दे रही है। बताया जाता है की निर्माण कार्य में जो मानक तय किये गए हैं उनकी धज्जियां उड़ा कर शासकीय धन राशि को हजम करने की तैयारी की जा रही है ।विदित होवे की 15 वां वित्त से बेली ग्राम पंचायत में क्रांटेक्शन आफ रोड क्र 126515411 में पंजीकृत दिनांक 3-9-25 के मानअनुमानित लागत राशि 5,34000=00 में बनायी जानी हैं , लेकिन इस नव निर्मित मार्ग पर नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। नियमानुसार इस मार्ग की विधिवत खुदाई कर बेलन से कम्प्रेशन कर आगे की आधार शिला रखी जानी चाहिए, लेकिन इसका रत्ती भर पालन नहीं किया गया। हुआ यूँ की पूर्व से बने मार्ग पर सीधे खानापूर्ति कर काली पन्नी बिछाकर क्रांकीट की सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया गया उसके पहले की सारी औपचारिकताओं को भष्ट्राचार के हवन कुंड में स्वाहा कर दिया गया। नव निर्मित सडक बनने के बाद इन अपारदर्शी कार्यो को कौन देखता है। नव निर्मित सडक निर्माण में 14 तगाडी गिट्टी 10 तगाडी रेत और 02 तगाडी सीमेंट का प्रयोग कर बनायी जा रही है,उसके घनत्व और सुद्दढ़ीकरण के लिये चलाये जाने वाले ब्राइवेटर के स्थान पर दो मजदरो से बांस की लकड़ी से ढसाई की जा रही है ।इस तरह से नव निर्मित सडक निर्माण कार्य में पूरी तरह से गुणवत्ता के मानको की खुलेआम धज्जियां उड़ा कर खानापूर्ति करते हुए लाखों रूपयों की शासकीय धन राशि को हडपने की योजना से काम किया जा रहा है।

**नाबालिगों के सहारे पूरी हो रहा निर्माण कार्य**

नव निर्मित सडक निर्माण कार्य में भले ही हाजरी वयस्कों की भरी जा रही हो लेकिन मोके पर कार्य स्थल पर लगभग आधा दर्जन नाबालिगों को कार्य करते देखा गया। यद्यपि कार्य एजेंसी के कार्य कताओं ने पत्रकारों की टीम को देखते ही नाबालिगों को कार्य स्थल से फौरन भगा दिया, ताकि उनसे पूछताछ नहीं की जा सकी, तथापि नाबालिगों की फोटो को कैमरे में कैद कर लिया गया है। पीडा जनक कहा जाता है कि जिन आदिवासी बालिकाओं के हाथ में पुस्तक और दावात होनी चाहिए उन हाथों में फावड़ा और सिर पर तगाडी रखाने में पंचायत के जिम्मेदारों को बिलकुल झिझक और शर्म नहीं आती।

**अपर कलेक्टर को दी जानकारी**

बेली ग्राम पंचायत में चल रहे नव निर्मित क्रांकीट सडक निर्माण कार्य में नाबालिगों के काम में लगाने की जानकारी तत्काल जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी और अपर कलेक्टर अभय सिंह ओहरिया को तत्काल दी गई, साथ ही गुणवत्ता मानकों की उपेक्षा की वस्तु स्थित से अवगत कराया गया, जिस पर आपने दिखााने की बात कही पर उस पर अभी तक तो कोई अमल नही हुआ।

आगे क्या होगा वह गर्भ में छिपा हुआ है।

# पाली मंडल में मनायी अटल जयंती

### अटल जी को लेकर श्रद्धा सुमन अर्पित

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी की जंयती में आज पाली मंडल में सादे किन्तु गरिमा मय माहौल में संपन्न हुई। इस अवसर पर सर्व प्रथम भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया, तत्पश्चात भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा तिवारी, उपाध्यक्ष देवी सिंह, मंडल महामंत्री विमल अग्रवाल, ,नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष व कार्यक्रम के संयोजक राजेश पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता बहादुर सिंह उर्फ कालिका सिंह,ओंकार प्रसाद चतुवेर्दी, कार्यक्रम के सह संयोजक संतोष सिंह बैस , वरिष्ठ पार्षद घनश्याम साकेस, भरत प्रजापति, श्रीमती सविता सिंह, श्रीमती ममता सिंह, राजेश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदीप सोनी, अशोक उपाध्याय,अंबिका यादव,कामता विश्वकर्मा, संतोष यादव लल्ली भैया, भीम सिंह,गंगू बैगा, राम दयाल सिंह, समय लाल साहू, सुरेश विश्वकर्मा, प्रेम गुप्ता,अनुपम वर्मा इत्यादि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकत्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री विमल अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकताओं का स्वागत करते हुए देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नींव रखने वाले पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शो पर चलने की बात कही। वही पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बहादुर सिंह ने उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की एक अतुलनीय और अकथनीय युग पुरुष पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर हमें उनके बताये पदचिन्हों पर जरूरत है। उनकी निष्ठा, कुशल कार्यशैली, बिषम परिस्थितियों में भी जो धैर्यता और निर्णय लेने की जो असंभावी क्षमता उनमें थी वह बहुत ही विरली लोगों में मिलती है। प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने जो उपलब्धि उन्होंने कायम की उसकी झलक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के रूप में पूरे देश भर में फैली हुई है। मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा तिवारी जी ने अध्यक्ष की आंसदी से इस अवसर पर अपने उद्बोधन में बताया की भारतीय जनता पार्टी के जनक पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म मध्यप्रदेश के ग्वालियर में एक सामान्य परिवार में 25 दिसम्बर 1924 में हुआ था, जन्म से ही आप असहज प्रतिभा के धनी थे और आपने वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की। आपने अपने श्रम, साधन से जिस दल को सींचा वह आज विशाल वटवृक्ष के रूप में देश में ही नहीं पूरे विश्व भर में सबसे बड़े दल के रूप में जाना जाता है। आपके कृतित्व में वह ताकत थी की अन्य दलों के लोग भी उसका समान रूप से सम्मान करते थे।

# अटल जी का व्यक्तित्व और कृतित्व वर्तमान राजनीति के लिए अनुकरणीय और आवश्यकः दिलीप पांडे

### अटल जी भारतीय राजनीति के अमिट प्रतिबिंबः दिलीप पांडे

**समाज जागरण**

भारतीय राजनीति के अजातशत्रु और सर्व समाज के कल्याण की चिंता करते हुए अंत्योदय की परिकल्पना को सरकार करने वाले देश की राजनीति के इकलौते नेता थे अटल बिहारी वाजपेई जी ' सैद्धांतिक और नैतिक मूल्यों पर आधारित राजनीति सेवा का माध्यम बने इस निमित्त नए नवाचार करने के लिए जाने जाते थे अटल बिहारी वाजपेई जी ' उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी उमरिया के पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई भारतीय राजनीति का एक ऐसा चेहरा है जिसे सभी राजनीतिक दल के लोग सम्मान के साथ पसंद करते हैं ' भारत में स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के तहत गांव की सड़कों को शहर की सड़कों से जोड़ते हुए सड़क व्यवस्था को सुद्दढ़ करने में अटल जी का महत्वपूर्ण



योगदान रहा ' स्वर्णिम चतुर्भुज योजना अटल जी की ही देन है ' देश को परमाणु शक्ति संपन्न बनाते हुए सभी वैश्विक राजनीतिक दबावों को नजरअंदाज कर पोखरण का परमाणु परीक्षण अटल जी की द्दढ़ता और प्रतिबद्धता की देन है' अनुसूचित जाति वर्ग के लिए उनके कल्याण विकास और उन्नयन के लिए पृथक रूप से जनजातीय मंत्रालय बनाते हुए अनुसूचित जाति वर्ग कल्याण के लिए भी अटल जी के द्वारा अनुसूचित जाति कल्याण मंत्रालय बनाया गया ' अटल जी का जन्म दिवस सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है और वास्तव में सुशासन क्या होता है और कैसे किया जाता है यह अटल जी से हम सभी को सीखना चाहिए ' बेदाग छवि के सर्वमान्य नेता रहे अटल बिहारी वाजपेई ' श्री पांडे ने कहा कि आज का युवा अटल जी को अपना आदर्श मानते हुए वर्तमान राजनीतिक परिद्दश्य में अटल जी की बातों और कविताओं से अपने जीवन को सार्थक बना रहे हैं ' अटल जी ने मूल्य आधारित राजनीति करते हुए भाजपा को एक नई दिशा दी और उनकी गहन सोच और नेतृत्व क्षमता का परिणाम है कि आज वैश्विक पटल पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत का नाम संपूर्ण विश्व में हैं' निश्चित ही अटल जी का जीवन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा लेकिन उनकी दूरदर्शी सोच राजनीतिक प्रतिबद्धता अंत्योदय और एकात्मक मानववाद की परिकल्पना उनके राजनीतिक चरित्र और स्वीकार्यता को अमूल्य बनाती है '

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती

**समाज जागरण**

नौरोजाबाद // उमरिया जिले के नौरोजाबाद नगर परिषद के द्वारा स्थानीय बस स्टैंड मे भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई की 101 वां जन्म वर्ष बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, कार्यक्रम के मुख्य अथिति पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री ज्ञान सिंह तथा विशिष्ट अतिथि बांधवगढ़ विधायक शिव नारायण सिंह के द्वारा स्व अटल बिहारी बाजपेई के मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई, कार्यक्रम मे पधारे सभी भारतीय जनता पार्टी जेस्ट श्रेष्ट कार्यकर्ताओ के द्वारा भी भारत के पूर्व प्रधानमंत्री के मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए, तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम मे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्ञान सिंह ने कार्यक्रम मे उपस्थित सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की आज जहाँ यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जब वर्ष 1980 भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ था, तब मै भी नौरोजाबाद के अपने चार साथियों के साथ उस शख्सियत के साथ मौजूद था, और उनके द्वारा समता नगर मुंबई मे पार्टी के गठन के दौरान मुझे एक थैला भी प्रदान किया था, जो आज भी मेरे पास है और उसके अलावा जब पार्टी का गठन हुआ था, पार्टी गठन का समाचार समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ था वह समाचार पत्र भी मेरे आज तक सुरक्षित है और उनकी यादो को मेरे जहन मे जीवांत किए हुए है जब मुझे उनकी याद आती है तो मै उस थैले को प्रणाम कर लेता हूं तथा उस समाचार पत्र को देख लेता हूँ,चाहे वो 13 दिन की हमारी सरकार हो अथवा 13 महीने की सरकार हो मै दोनों सरकारो मे सांसद के रूप मे उनके साथ था, मै उनको बहुत ही करीब से जानता था, वे बेहद मृदु भाषी और मिलनसार एवं ईमानदार व्यक्ति थे,



उनके द्वारा अपने सरकार के कार्यकाल के दौरान कई योजनाओं की शुरूआत की गई थी, जिनका क्रियान्वयन आज भी धरातल में हो रहा है कार्यक्रम के दौरान अपने पूर्व साथी जो अब इस दुनिया मे नहीं है उनके परिजनों को पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री ज्ञान सिंह के द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेई के फोटो और शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया, साथ ही अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम के दौरान लगभग 29 करोड रुपए के विकास कार्यों लोकार्पण किया गया साथ ही लगभग 6 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया,कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा की मेरे लिए यह गौरव का विषय है की मेरे पिता जी स्व पंडित अटल बिहारी बाजपेई के साथी थे, और मै उनकी छवि अपने पिता जी मे देखता हूँ, मंचीय कार्यक्रम के समापन के बाद आज भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल विहारी बाजपेई के जन्म. जयंती के शुभ अवसर पर बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण. सिंह के द्वारा फीता काटकर सिद्ध आश्रम स्थित 14 करोड़ की लागत की नल. जल योजना का लोकार्पण किया गया, इस योजना के तहत नगर परिषद के प्रत्येक वार्ड को आज से सुगमता से पानी मिल. सकेगा,, कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा हितलाभ योजना के स्वीकृत प्रमाण पत्रभी वितरित किया गया,उक्त आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य रूप से पूर्व सांसद पूर्व मंत्री ज्ञान सिंह, बाँधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह, जिला अध्यक्ष आसुतोष अग्रवाल, मिथलेश पयासी,मनीष सिंह, अशोक तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष कुशल सिंह, मुख्य नगर अधिकारी शिवकरण धुर्वे, इंजिनियर शिवराम हिटपाचे, नौरोजाबाद मंडल. अध्यक्ष राजेश यादव, कोहका मंडल. अध्यक्ष शिवकुमार साहू, करकेली मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह , सहित तीनो मंडलो के हजारो कार्यकर्ता मौजूद थे,

# कन्नौजः बेलगाम आवारा गोबंश से फसलों और जानमाल का खतरा बढ़ा

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। जिले में गौशालाओं के बावजूद आवारा गौवंश सड़कों और खेतों पर दिखाई दे रहे हैं। शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में ये गौवंश मंडराते रहते हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में इनके झुंड फसलों को नष्ट कर रहे हैं। शहर में सुबह और शाम जहां अलाव जलते हैं, वहां सर्दी से बचने के लिए बड़ी संख्या में गौवंश एकत्र हो जाते हैं। सरायमीरा स्थित रोडवेज बस स्टैंड, सदर तहसील, तिर्वा क्रॉसिंग और रेलवे रोड के आसपास हर समय आवारा गौवंश घूमते रहते हैं। ये गौवंश अलाव ताप रहे लोगों को सींग मारकर चोटिल भी कर रहे हैं, जिससे राहगीरों को इनसे बचने के लिए इधर-उधर भागना पड़ता है। शहर से सटे गांवों का भी यही हाल है। दिन के समय गौवंशों के झुंड खेतों में नजर आने लगे हैं, जो आलू और सरसों की फसलों को भारी



नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे किसान अत्यधिक परेशान हैं। नारायनपुरवा गांव के निवासी अभिषेक कटियार ने बताया कि उन्हें दिन-रात आवारा गौवंशों से अपनी फसलों की रखवाली करनी पड़ रही है। हैबतपुर कटरा गांव के सुनील तिवारी ने कहा कि सर्दी के मौसम में फसलों की सुरक्षा के लिए उन्हें रात भर जागना पड़ता है। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि इतनी बड़ी संख्या में गौवंश कहां से आ जाते हैं। किसानों को फसल बचाने के लिए सर्दी का सामना करना पड़ता है, और सर्दी से बचने पर फसल नष्ट होने का डर रहता है।

# कन्नौजः नेशनल हाइवे पर ट्रकों की लंबी कतार

### पीएम मोदी के कार्यक्रम के चलते रोके गए वाहन, ड्राइवर परेशान

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। नेशनल हाइवे पर गुरुवार को ट्रकों की लंबी कतार लग गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लखनऊ में कार्यक्रम के कारण कानपुर और लखनऊ की ओर जाने वाले वाहनों को रोका गया। इस दौरान खाने-पीने की व्यवस्था न होने से ट्रक ड्राइवर और हेल्पर परेशान दिखे। सुबह से ही पुलिस और ट्रैफिक कर्मियों को हाइवे पर तैनात किया गया था। इन कर्मियों ने ट्रकों को हाइवे पर एक तरफ लाइन से लगवाया। यह व्यवस्था प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए की गई थी, ताकि यातायात सुचारु रहे और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। दिल्ली से बंगाल जा रहे ड्राइवर सुनील ने बताया कि कन्नौज में पुलिस ने उनका ट्रक रोक दिया। उन्हें शाम 5 बजे तक रुकने के लिए



कहा गया है। लंबी दूरी के साथ-साथ लोकल ट्रकों को भी रोका गया, जिससे कई ड्राइवर अनिश्चितता की स्थिति में हैं। हरदोई से गांगपुर जा रहे ड्राइवर जीत बहादुर ने बताया कि उन्हें भी कन्नौज में रोक दिया गया और कब तक रुकना होगा, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। एक अन्य ट्रक ड्राइवर ने आरोप लगाया कि कुछ पुलिसकर्मी 500 रुपये लेकर ट्रकों को आगे जाने दे रहे थे। जब उन्होंने पैसे देने से इनकार किया, तो उनके ट्रक को रोक दिया गया। हाईवे पर खाने-पीने की दुकानें और अन्य इंतजाम न होने के कारण ड्राइवरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि वे ट्रक में रखे सामान से ही काम चला रहे हैं और पीने का पानी भी मुश्किल से मिल रहा है। इस मामले पर यातायात प्रभारी रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि ट्रकों को सुबह से रोका गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि लखनऊ में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम समाप्त होते ही सभी ट्रकों को आगे जाने दिया जाएगा।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया। जिससे एक की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार थरियाव थाना क्षेत्र के परमी कुतुबपुर गांव निवासी संजय लोधी अपने मित्र सर्वेश के साथ बाइक से रीवा मध्यप्रदेश गया था। बुधवार की देर शाम वह दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार गोदौरा मोड के समीप पहुंचे की उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर के बाद बाइक सवार संजय लोधी ट्रक के नीचे आ गया। जिसे तेज रफ्तार ट्रक रौंदते हुए निकल गया। ट्रक के नीचे आने से संजय लोधी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार दूसरा व्यक्ति सर्वेश टक्कर लगने से दूसरी ओर छिटक गया। जिससे वह बाल बाल बच गया। थोड़ी देर बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार ट्रक टक्कर मारते हुए मौके से फरार हो गया। मामले में किशनपुर थानाध्यक्ष सत्यदेव गौतम ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## जेल में बंद कैदी की अचानक तबियत बिगड़ी, मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। जिला कारागार में एक माह पूर्व छेड़खानी के आरोप में जेल आये कैदी की बुधवार की शाम अचानक तबियत बिगड़ने पर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार धाता थाना क्षेत्र के ग्राम घोषी निवासी रामसजीवन सिंह का 45 वर्षीय पुत्र रविकरन उर्फ छोट्टन की जिला कारागार में बुधवार की शाम सात बजे अचानक तबियत खराब हो जाने पर उसकी मौत हो गयी। वहीं जेल प्रशासन पुलिस को सूचना देने के बाद शव को विच्छेदन हेतु भेजवा दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक का चाचा सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि उसका भतीजा एक साल से टीबी का मरीज था। छह माह का कोर्स होने के बाद पुलिस ने उसके भतीजे को छेड़खानी के आरोप में गिरफ्तार करते हुये न्यायालय भेजा। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मृतक के चाचा ने बताया कि कल शाम को परिजन उससे मिलकर आये थे। तब तो वह बिलकुल ठीक था अचानक उसकी मौत हो गयी। उसने बताया कि पोस्ट मार्टम रिर्पोट के बाद ही मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा।

## रेलवे प्लेटफार्म पर मिला लावारिस बैग, 20 बोतल शराब बरामद

**समाज जागरण**

फि रोजाबाद। राजकीय रेलवे पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक बैग पड़ा मिला। बैग में पुलिस ने काफी संख्या शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष जीआरपी अमित कुमार बुधवार को प्लेटफार्म नंबर एक पर पुलिस बल के साथ चैकिंग कर रहे थे। उसी दौरान प्लेटफार्म स्थित बाथरूम के पास से एक



लावारिस बैग पड़ा मिला। पुलिस को उसके बारे में पता चला था। पुलिस ने बेग को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने बेग को खोलकर देखा तो उसमें 20 बोतल शराब मिली। प्रत्येक बोतल में 750 एमएल शराब है। पुलिस ने बेग से संबंधित व्यक्ति की काफी तलाश की। काफी प्रयास के बाद भी उसके बारे में कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने मामले में धारा- 60, 63 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।पुलिस बेग वाले के बारे में जानकारी करने का प्रयास कर रही है।

## कन्नौजः कुल बारह लाख में से दस लाख मतदाताओं की मैपिंग हुईः डीएम

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने अवगत कराया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के शुद्धिकरण का कार्य सुचारु रूप से चल रहा है। जनपद में कुल 12,89,220 मतदाताओं के सापेक्ष 10,08,083 मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूर्ण कर लिया गया है तथा जनपद की मैपिंग लगभग 88 प्रतिशत हो चुकी है। अब तक कुल 8,84,966 का मैपिंग किया जा चुका है, जो 87.79 प्रतिशत है। विधानसभावार स्थिति के अनुसार विधानसभा क्षेत्र छिबरामऊ में कुल 4,80,359 मतदाताओं के सापेक्ष 3,56,430 गणना प्रपत्र डिजिटाइज किए गए हैं तथा 3,07,784 मतदाताओं की मैपिंग पूर्ण हो चुकी है, जो 86.35 प्रतिशत है। विधानसभा क्षेत्र तिर्वा में कुल 3,81,782 मतदाताओं के सापेक्ष 3,07,072 गणना प्रपत्र डिजिटाइज किए गए हैं तथा 271125 मतदाताओं की मैपिंग पूर्ण हो चुकी है, जो 88.29 प्रतिशत है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र कन्नौज (अ0जा0) में कुल 4,27,079 मतदाताओं के सापेक्ष 3,44,581 गणना प्रपत्र डिजिटाइज किए गए हैं तथा 306057 मतदाताओं की मैपिंग पूर्ण कर ली गई है, जो 87.79 प्रतिशत है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदेय स्थलों के समायोजन/सम्भाजन का प्रस्ताव निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर दिया गया है, जिसे आलेख्य प्रकाशन में सम्मिलित किया गया है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र छिबरामऊ में मतदेय स्थलों की संख्या 550 से बढ़ाकर 579 कर दी गई है, जिससे 29 नए मतदेय स्थल बढ़े हैं। विधानसभा क्षेत्र तिर्वा में मतदेय स्थलों की संख्या 487 से बढ़ाकर 505 कर दी गई है, जिसमें 18 नए मतदेय स्थल जोड़े गए हैं। विधानसभा क्षेत्र कन्नौज (अनुसूचित जाति) में मतदेय स्थलों की संख्या 485 से बढ़ाकर 514 कर दी गई है, जिससे 29 नए मतदेय स्थल बढ़े हैं। इस प्रकार जनपद में कुल मतदेय स्थलों की संख्या 1522 से बढ़कर 1598 हो गई है तथा कुल 76 नए मतदेय स्थलों का आयोग को भेजे गए प्रस्ताव का अनुमोदन मिल गया है। उन्होंने बताया कि यह समस्त कार्य भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न किया जा रहा है, जिससे आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक सुगम, व्यवस्थित एवं मतदाता-अनुकूल बनाया जा सके।

# दो महिलाओं ने किया आत्महत्या का प्रयास

**समाज जागरण**

फतेहपुर। जिले में अलग-थाना क्षेत्रो में दो महिलाओं ने जहरीलां पादर्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उनके परिजनों को हुई तो तुरन्त उनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जानकरीं के अनुसार राधा नगर थाना क्षेत्र के ढकौली गाँव निवासी टिंकू का अपनी 20 वर्षीय पत्नी विनीता देवी से मामूली कहा सुनी हो गई। पति की बात से क्षुब्ध होकर विनीता देवी ने जहरीलां पादर्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कुछ समय पश्चात जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो पति टिंकू को जानकारी हुई तुरन्त फोन कर घटना की सूचना सरकारी एम्बुलेन्स को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स ने विनीता देवी को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

इस तरह औंग थानां क्षेत्र के परशदेपुर गाँव निवासी शुभाष का अपनी 32 वर्षीय पत्नी गुड़िया देवी से किसी बात को लेकर आपसी विवाद हो गया। पति की बात से क्षुब्ध होकर गुड़िया ने जहरीलां पादर्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कुछ समय पश्चात जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो पति शुभाष को जानकारी हुई। तुरन्त उसने फोन कर घटना की सूचना सरकारी एम्बुलेन्स को दिया।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स ने गुड़िया देवी को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उनका इलाज कर रहे है। वही जिला अस्पताल पहुंचे विनीता देवी के पति टिंकू और गुड़िया देवी के पति शुभाष ने घटना की जानकारी दिया।

# पुलिस ने 111 गुमशुदा मोबाइल बरामद किएः CEIR पोर्टल से 18 लाख रुपये से अधिक के फोन मालिकों को लौटाए

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत 111 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। सर्विलांस सेल, एसओजी टीम और जनपद पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इन मोबाइलों को उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया। बरामद किए गए मोबाइलों की अनुमानित कीमत 18 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि यह कार्रवाई भारत सरकार के सीईआईआर (Central Equipment Identity Register) पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर की गई। आवेदकों द्वारा जनपद के विभिन्न थानों में दर्ज कराई गई मोबाइल गुमशुदगी की शिकायतों का संज्ञान लिया गया। सर्विलांस/एसओजी टीम ने थाना पुलिस के सहयोग से लगातार तकनीकी निगरानी और ट्रैकिंग के माध्यम से



मोबाइलों की बरामदगी सुनिश्चित की। एसपी सिटी के अनुसार, यह अभियान अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण में संचालित हुआ। सर्विलांस टीम ने सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज IMEI नंबरों का उपयोग कर मोबाइलों की लोकेशन ट्रेस की। गुम हुए मोबाइल वापस मिलने पर आवेदकों ने फिरोजाबाद पुलिस की कार्यशैली, तत्परता और तकनीकी दक्षता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। सीईआईआर पोर्टल भारत सरकार द्वारा संचालित एक मंच है, जिसका उद्देश्य देशभर में गुम या चोरी हुए मोबाइल की शिकायत दर्ज कराना है। नागरिक इस पोर्टल पर अपने मोबाइल के गुम होने की जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे पुलिस को ट्रैकिंग और बरामदगी में तकनीकी सहायता मिलती है। इस बरामदगी अभियान में शामिल पुलिस टीम में निरीक्षक प्रेम शंकर पाण्डेय, प्रभारी सर्विलांस/एसओजी, मय टीम, और जनपद के समस्त थाना प्रभारी, मय टीम शामिल थे।

# कन्नौजः 66.33 लाख की लागत से होगा बाबा विश्वनाथ मंदिर का कायाकल्प

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। जनपद कन्नौज के ग्राम पंचायत चौधरियापुर बांगर में स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर के पर्यटन विकास कार्यों के लिए शासन द्वारा प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह परियोजना धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।
इस विषय के संबंध में प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के प्रस्ताव पर शासन को प्रेषित प्रस्ताव के क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा गठित अप्रेजल समिति द्वारा परियोजना का मूल्यांकन किया गया, जिसमें कुल लागत रु० 66.33 लाख (जीएसटी सहित) आंकी गई है। यह परियोजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत मद संख्या-08 (मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों का विकास) से आच्छादित की गई है। परियोजना के अंतर्गत बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर एवं उसके आसपास श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों की सुविधाओं के विस्तार एवं सौंदर्यीकरण हेतु मल्टीपरपज हॉल का निर्माण, शौचालय ब्लॉक की स्थापना, सोलर पैनल की व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट्स, आरसीसी बेंच, ट्विन डस्टबिन, साइनिज, पेविंग कार्य, पेयजल सुविधा तथा हॉर्टीकल्चर एवं लैंडस्केपिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य कराए जाएंगे। इस संबंध में शासन द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को कार्यदायी संस्था नामित करते हुए कुल रु० 66.33 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही परियोजना के शीघ्र एवं सुचारु क्रियान्वयन हेतु प्रथम किश्त के रूप में रु० 50.00 लाख (पचास लाख रुपये मात्र) की धनराशि अवमुक्त किए जाने की भी स्वीकृति दी गई है। परियोजना के पूर्ण होने से बाबा विश्वनाथ मंदिर का समग्र विकास सुनिश्चित होगा, श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आधुनिक एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा स्थानीय स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी।

# दाऊ दयाल कॉलेज में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गई

## श्रद्धा, विचार और राष्ट्रसेवा के संदेश के साथ हुआ आयोजन

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। दाऊ दयाल कॉलेज में गरुवार देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महा विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों ने अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेई के राजनीतिक जीवन, राष्ट्र निर्माण में योगदान, लोकतांत्रिक मूल्यों और कवि हृदय व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि अटल जी ने अपने ओजस्वी भाषणों, दूरदर्शी सोच और सिद्धांतों से भारतीय



राजनीति को नई दिशा दी। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने विद्यार्थियों से अटल जी के जीवन से सत्यनिष्ठा, राष्ट्रप्रेम, समर्पण और सकारात्मक राजनीति के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रशासन द्वारा अटल बिहारी वाजपेई के विचारों को स्मरण करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर चर्चा के साथ किया गया।

## भारतीय लोक कल्याण समिति द्वारा मनाया गया विश्व तुलसी पूजन दिवस!

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! भारतीय लोक कल्याण समिति द्वारा समिति के प्रबंधक महासचिव सुनील दत्त गुप्ता की निर्देशन में गुरुवार को सुहाग नगर बालाजी हॉस्पिटल में समिति की मंडल उपाध्यक्ष डॉ अमिता चौरसिया ने समिति के पदाधिकारी सहित सदस्यों ने विश्व तुलसी दिवस बनाया गया इस शुभ अवसर पर तुलसी मैया का पूजन किया गया चुनरी रोरी तिलक लगाकर माला पहनाकर भारतीय संस्कृति के अनुसार पूजन किया गया आरती व भजन गाए गए इस अवसर पर समिति की प्रबंधक महासचिव सुनील दत्त गुप्ता ने संदेश दिया क्रिसमस डे भारतीय त्योहार नहीं



है यह एक विदेशी त्यौहार है भारतीय त्योहार आज का विश्व तुलसी दिवस है जो हर व्यक्ति को तुलसी माता की पूजा अर्चना करनी चाहिए तुलसी के धार्मिक, आयुर्वेदिक और पर्यावरणीय महत्व पर जोर दे सकते हैं, यह बता सकते हैं कि यह पर्व हमें प्रकृति से कैसे जोड़ता है और घर में सुख-शांति लाता है, और सभी को इस दिन तुलसी पूजा करके सात्विक जीवन अपनाने व पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव से बचने का संदेश दे सकते हैं, साथ ही समिति की मंडल उपाध्यक्ष अमिता चौरसिया ने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्दियों में रात्रियों को चाय वितरण कार्यक्रम किया जाएगा सभी पदाधिकारी सक्रिय रहे आज इस कार्यक्रम में उपस्थित सुनील दत्त गुप्ता, डॉक्टर अमित चौरसिया, तृप्ति गुप्ता, रजनी गुप्ता, प्राची गरिमा गुप्ता इत्यादि!

# कांग्रेसियों ने मदन मोहन मालवीय बिजली पासी और राजगोपालाचारी की जयंती धूमधाम से मनाई

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! कांग्रेस जिला कार्यालय पर भारतरत्न महामना पं. मदन मोहन मलावीय जी एवं महाराजा बिजली पासी जी की जयंती तथा भारतरत्न चक्रवर्ती राजगोपालाचारी जी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कांग्रेसियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गईं ' इस मोके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा कि भारतरत्न पं. मदनमोहन मालवीय ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना करके लोगो को उच्च शिक्षित कर देश सेवा के लिये तैयार कर गोरवान्वित किया ' प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी , भारत रत्न चक्रवर्ती राजगोपालाचारी स्वतंत्र भारत के प्रथम और एकमात्र गवर्नार जनरल थे उन्होंने बढ़े स्तर पर हिंदी का प्रचार और प्रसार किया तथा



समाज सुधार क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान किया ' महाराजा बिजली पासी 12 वीं सदी के शक्तिशाली और वीर राजा थे उन्होंने अवध के कई क्षेत्रों पर शासन किया तमाम किले बनवाये इन सभी महापुरुषों को सादर नमन करते हुये श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं ' कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव , जितेंद्र तिवारी , शैलेन्द्र शुक्ला , संदीप कुमार ओझा , शान्तिदास शंखवार , वलवीर सिंह आजाद , डॉ. एम. डी. पिप्पल , जगदीश वाल्मीकि , जमील अहमद खान , आरती देवी , विराट दिवाकर , संजू शंखवार , वीरभान लोधी , मो. आजम , कन्हैया शर्मा , अतेश कुमार , कमल सिंह आदि लोग मौजूद रहे '

# कन्नौजः सुशासन दिवस पर भव्य आयोजन में सम्मानित हुए छात्र, छात्राये, नेताओ ने अटल जी को याद किया

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल विहारी बाजपेयी की जंयती सुशासन दिवस के रूप में मनायी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद, विधायक तिर्वा, जिलाधिकारी, जिलाध्यक्ष भाजपा की उपस्थिति में देखा व सुना गया।
जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। जनप्रतिनिधिगण द्वारा भाषण एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार राशि का चेक तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। भारत रत्न स्व0 अटल विहारी बाजपेयी जी की जंयती सुशासन दिवस के अवसर पर जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, जिला ध्यक्ष भाजपा वीर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी व अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 देवेन्द्र सिंह ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्बोधन का सीधा प्रसारण जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में देखा व सुना गया। सुशासन दिवस के अवसर पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र प्रेरणा स्थल, लखनऊ में 230 करोड़ की लागत से 65 एकड़ में बनी भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं0 दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का लोकार्पण करते हुए राष्ट्र को समर्पित किया गया। इस अवसर पर विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत



ने अपने संबोधन में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई दी। उन्होंने भारत रत्न स्व0 बाजपेयी की राजनैतिक, समाजिक और आर्थिक सोच पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने कभी अपनी नीतियों और मूल्यों से समझौता नही किया। उनके कार्यकाल में शुरू हुई विकासगत योजनाओं जैसे स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान, अन्त्योदय सहित कुछ विशेष कार्यों का देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने स्व0 अटल बिहारी बाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि हम सबके प्रेरणास्त्रोत, देश के विकासगति को नई दिशा देने वाले कर्मयोगी स्व0 अटल बिहारी बाजपेयी जी ने अपने पूरे राजनैतिक जीवन में गरीबी उन्मूलन के लिए संघर्ष किया, संपूर्ण राजनैतिक कार्यकाल में वे हमेशा पूरी निष्ठा, इमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए संघर्षरत रहे। उनका बेदाग राजनैतिक सफर हम सबके लिए अनुकरणीय रहेगा। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सुशासन दिवस के अवसर पर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी को नमन करते हुए सभी को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी। जिलाध्यक्ष भाजपा वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि हम सबके प्रेरणास्त्रोत, सुशासन एवं पारदर्शिता के पक्षधर भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस को पूरा देश सुशासन दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मना रहा है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी ने अपना पूरा जीवन गरीबों की सेवा में समर्पित कर दिया। इस अवसर जनप्रतिनिधिगण व जिलाधिकारी द्वारा भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य प्रतियोगिता मे विजयीं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त नंदिनी दुबे (10000), द्वितीय स्थान स्मृति दुबे (5000) तृतीय स्थान काजल सिंह (2500) ने धनराशि का चेक प्राप्त किया। एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिज्ञा (10000), द्वितीय स्थान अली हसन (5000) एवं तृतीय स्थान वैष्णवी (2500) ने धनराशि का चेक प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हर्षित दुबे (5000), द्वितीय स्थान अमृतदीप कौर (3000) एवं तृतीय स्थान गरिमा पटेल (2000) ने धनराशि का चेक प्राप्त किया, साथ ही प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज पदेन उच्च शिक्षाधिकारी राजकीय महिला डिग्री कालेज की प्राचार्य डॉ. ऋतु सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारी व छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# कन्नौजः अटल जी की जन्म शताब्दी पर सदर तहसील में लगी प्रदर्शनी

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा अटल के जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी का आयोजन सदर तहसील में किया गया जिसमें अटल जी द्वारा कहे गए ध्येय वाक्य व उनके चित्रों को लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। पूर्व सांसद सुब्रत पाठक व जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया व पार्टी पदाधिकारियो ने भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर उनके प्रेरणादायी जीवन व व्यक्तित्व पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन कर अटल जी के विचारों एवं राष्ट्रसेवा के अद्भुत क्षणों को नमन किया। वही पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी एक नेता ही नहीं एक सोच भी थे अटल जी सभी के दिलों पर राज करते थे उन्होंने कहा कि अटल जी एक कुशल राजनीतिज्ञ भी थे लेकिन राजनीति और दल से बढ़कर उनके लिए देश था नेता विपक्ष रहते हुए भी जिनेवा सम्मेलन में भारत का पक्ष रखने व सरकार की ओर से गए थे और वहां उन्होंने बहुत ही कुशलता से देश का पक्ष रखा था। आज उनका जन्म दिवस हम लोग सुशासन दिवस के रूप में मना रहे है विकसित भारत की नींव रखने वाले अटल जी के सपने को साकार करने का काम मोदी जी कर रहे है। वही इस मौके पर जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा की अटल जी ने कहा था कि अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा ' कमल खिलेगा', आज ज्यादातर राज्यों में भाजपा गठबंधन की सरकार 1980 में भारतीय जनता पार्टी के गठन के बाद पार्टी का पहला अधिवेशन दिसंबर 1980 में मुंबई में हुआ था। इस अधिवेशन में भाजपा के पहले अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि 'भाजपा का अध्यक्ष पद कोई अलंकार की वस्तु नहीं है। ये पद नहीं दायित्व है। प्रतिष्ठा नहीं है परीक्षा है। ये सम्मान नहीं है चुनौती है। मुझे भरोसा है कि आपके सहयोग से देश की जनता के समर्थन से मैं इस जिम्मेदारी को ठीक तरह से निभा सकूंगा।'अपने भाषण के आखिर में उन्होंने कहा 'भारत के पश्चिमी घाट को मंडित करने वाले महासागर के किनारे खड़े होकर मैं ये भविष्यवाणी करने का साहस करता हूं कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा।' सालो पहले की गई अटलजी की ये भविष्यवाणी आज सच हो रही है आज देश के प्रधानमंत्री अटल जी के सपने को साकार कर रहे है और भारत को विश्व गुरु बनाने की ओर अग्रसर है। वही इस मौके पर मौजूद पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पंडित अटल बिहारी वाजपेई अमर रहे के नारे भी लगा रहे थे।
इस मौके पर शैलेंद्र द्विवेदी, सौरभ कटियार,जीतू तिवारी, रामवीर कठेरिया , श्यामू राजपूत , शरद मिश्रा ,हरिवक्स सिंग , समुद्र श्रीवास्तव, गोपाल चतुवेर्दी, प्रभात बाजपेई, मिथलेश बाथम, मनी अवस्थी, अखिलेश पांडे, कुलदीप दोहरे, पुष्पेंद्र प्रजापति, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कन्नौजः जाम के झाम से शहर को उबारने की कवायद, डीएम ने किया पूर्वी बाईपास का निरीक्षण

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। रोडवेज बस चालकों की मनमानी से लगने वाले जाम के स्थायी समाधान की तलाश शुरू हो गई है। इसी क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने दल-बल के साथ पूर्वी बाईपास का निरीक्षण किया। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और एसपी बिनोद कुमार शहर के पूर्वी बाईपास पर पहुंचे। उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) आरके चौधरी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) इज्या तिवारी और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्यामेन्द्र मोहन चौधरी भी मौजूद थे। अधिकारियों ने पुराने ओवरब्रिज के पास खाली जगह का मुआयना किया। इसके बाद टीम जिला अस्पताल के नजदीक स्थित रोडवेज डिपो पहुंची। यहां कानपुर-लखनऊ की ओर से आने वाली बसों को रोकने के इंतजामों पर विचार किया गया। प्रस्तावित योजना के अनुसार, सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक कन्नौज डिपो की बसों के अतिरिक्त अन्य डिपो की बसों को शहर में प्रवेश नहीं मिलेगा। इन बसों को जिला अस्पताल के पास रोडवेज डिपो में ही रोका जाएगा। यात्री बसों से उतरने और चढ़ने के बाद बाईपास के रास्ते आगे बढ़ेंगी। शहर में प्रवेश करने के लिए यात्रियों को ऑटो और ई-रिक्शा का सहारा लेना होगा। इस व्यवस्था से सरायमीरा में रेलवे रोड से सदर तहसील तक बसों के कारण लगने वाले जाम से राहत मिलने की उम्मीद है।

निरीक्षण के दौरान, एआरटीओ इज्या तिवारी ने डीएम आशुतोष मोहन से कहा कि जब वे ओवरलोडिंग वाले वाहनों को पकड़ते हैं, तो उन्हें डिपो में सुरक्षित खड़ा करवाते हैं। यदि बसों को भी यहीं रोका जाएगा, तो ओवरलोड वाहनों को खड़ा करने के लिए जगह की कमी हो सकती है।

इस पर डीएम ने स्पष्ट किया कि ओवरलोड वाहनों को पकड़ने के बाद कन्नौज या ठठिया मंडी में खड़ा कराया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जाएगा।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय चक्का के बच्चों ने लोकगीत में द्वितीय स्थान किया प्राप्त

## *बच्चों में जीत की खुशी बनी सबकी जीत।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी पूर्व माध्यमिक विद्यालय चक्का,हरहुआ ने बड़ालालपुर स्थित स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने कार्यक्रम की औपचारिक शुभारंभ की घोषणा की। दो दिवसीय आयोजित खेल प्रतियोगिता में 5000 से ज्यादा बच्चों ने प्रतिभाग किया।




कार्यक्रम में एडी बेसिक हेमंत राव , डीआईओएस भोलेंद्र प्रताप सिंह एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव मौजूद रहे। पूर्व माध्यमिक विद्यालय चक्का की प्रधानाध्यापिका डॉ0 सीमा सिंह, शिक्षकों व अभिभावकों ने बच्चो को सराहनीय प्रदर्शन एवं सफलता के लिए बधाई दी।

# सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को रोहनिया विधायक ने वितरित किए कम्बल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी विकासखंड क्षेत्र में कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच गुरुवार को कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। रोहनिया विधायक डॉ. सुनील पटेल ने गोसाईपुर स्थित पंचायत भवन में सैकड़ों गरीब, असहाय बुजुर्गों और डीएनटी समुदाय के लोगों को कंबल वितरित किए।राज्य सरकार की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। यह पहल भीषण ठंड से जूझ रहे लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी।इस अवसर पर विधायक डॉ. सुनील पटेल ने सरकार की विभिन्न योजनाओं का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों और असहायों की सेवा करना भगवान की सेवा के समान है।कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान अनिल कुमार राठौर, संजय यादव, नायब तहसीलदार संग्राम सिंह, लेखपाल राजेश्वर सिंह, लेखपाल इंद्रजीत पाल सहित नागेंद्र पटेल, जय प्रकाश पटेल, रवींद्र पटेल, मुन्ना, सुरेंद्र कुमार और बृजेश ,गोबिंद पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।





# पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की मनाई जयंती

**समाज जागरण वाराणसी ओंकार नाथ**

दानगंज, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती चोलापुर क्षेत्र के दानगंज बाजार स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में मनाई गई। मौके पर स्मरण करते हुए मौजूद लोगों ने कहा कि अटल जी




उनके लिए सदैव प्रेरणा का स्त्रोत हैं। उनका राष्ट्र प्रेम, ओजस्वी व्यक्तित्व और आज भी सबको सही दिशा दिखाता है। मौजूद सभी लोगों ने भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के उद्घोष के साथ वाजपेई जी के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा सांकेतिक रूप से मिष्ठान खिलाया। मौके पर प्रमुख रूप से प्रधानाध्यापक जितेंद्र सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, रामजीत राम, अनूप गुप्ता, अमित वर्मा, सीमा सिंह, शालू कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# अटल और मालवीय जी को किया याद

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। डॉ. राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय भैरवतालब राजातालाब में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 101वी जयंती सुशासन दिवस के रूप में मदन मोहन मालवीय की जयंती तथा काशी



नरेश विभूति नारायण सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। इन तीनों कार्यक्रमों को महाविद्यालय के प्रबंधक तोयज कुमार सिंह उर्फ सुशील की अध्यक्षता में मनाया गया।अपने विचार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक ने कहा कि अटल जी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के समर्थक थे। डॉ अखिलेश तिवारी ने कहा कि वैश्विक संदर्भ में अटल जी का कहना था कि हम युद्ध नहीं चाहते हैं लेकिन शांति हमारी कमजोरी नहीं है प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार ने कि अटल जी ने जय जवान जय किसान में जय विज्ञान का नारा जोड़ा था।इस दौरान प्रदीप कुमार सिंह,अखिलेश गुप्ता एडवोकेट, डॉ अजय कुमार मौर्य, डॉ हितेंद्र राय ,डॉ प्रिय रंजन ,चंद्रेश सिंह, पिंटू, सोनू ,विशाल ,पप्पू, कृपा शंकर पाठक आदि लोग उपस्थित रहे।

# समुदाय के साथ संवाद स्थापित कर अपने उत्तर दायित्वों का निर्वहन करेंगी प्रशिक्षित आंगनबाड़ी कार्यकत्री: विमल कुमार सिंह

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। माता - पिता और बच्चों की देखभाल करने वाले अभिभावकों के साथ पोषण व शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समुदाय के साथ संवाद स्थापित कर अपने उत्तर दायित्वों का निर्वहन करेंगी प्रशिक्षित नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में 19 दिसंबर से चल रहे नवनियुक्त आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सात दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने कही।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित करते हुए सत्र प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि सात दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्राप्त जानकारी के माध्यम से अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लेकर जाएं सभी आंगनबाड़ी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के सात दिवसों में मास्टर ट्रेनर पुष्पा सिंह व अमर सिंह द्वारा प्रशिक्षुओं को आईसीडीएस विभाग का परिचय, लाभार्थियों को दी जाने वाली सेवाओं, आंगनबाड़ी की भूमिका, पोषण का महत्व, पोषक तत्वों के प्रकार, जीवन के सुनहरे एक हजार दिन, गर्भावस्था के दौरान मातृ पोषण, अनुपूरक पुष्टाहार, प्रधानमंत्री वंदना योजना, वृद्धि निगरानी, पोषण ट्रैकर एप्लिकेशन, डेली ट्रैकिंग, बाल मैत्री, स्वच्छता सुविधाओं का मानक आदि के बारे में जानकारी दी गई और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अभ्यास कराया गया।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी डी. के. सिंह व बाल विकास परियोजनाधिकारी द्वारा समय समय पर प्रतिभागियों का मारदर्शन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना नगर क्षेत्र से 08, हरहुआ से 20 व काशीविद्यापीठ से 20 इस प्रकार प्रथम सत्र में कुल चयनित 48 नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित किया गया।

इस अवसर पर सुरेश तिवारी, नीरज कुमार, अजीत कुमार, निशा चौहान, मधुबाला, प्रियंका, श्वेता सिंह, पूजा, आंचल, सोनी, महिमा शुक्ला, सपना, सोनम, लालमनि, अल्का, सुमन, नेहा, खुशबू, प्रीती, अंतिमा, प्रगति, कोमल, सोनी, रानी, श्रृंखला, आकांक्षा, संतारा, मोनिका, ज्योति, अनपूर्णा, नीलू, रीतू, माधुरी, राधा, प्रतिमा आदि की उपस्थिति रही।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाचपेयी जी की जयंती मनाई गई

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती हरहुआ बाजार व्यापार मंडल की ओर से हनुमान मंदिर में मनाई गई।

मौके पर स्मरण करते हुए अध्यक्ष अनिल जायसवाल ,महामंत्री वीरेंद्र कुमार गुप्त ने कहा कि देश व समाज के लिए अटल जी सदैव प्रेरणा का स्त्रोत हैं। उनका राष्ट्र प्रेम, ओजस्वी व्यक्तित्व आज भी सबको सही दिशा दिखाता है।

हरहुआ भाजपा मण्डल अध्यक्ष आसुतोष मिश्रा 'अजय' उपाध्यक्ष अरुणेंद्र सिंह ने भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के उद्घोष के साथ वाचपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व्यक्तित्व व कृतित्व की चर्चा किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेन्द्र गुप्ता, अरविंद कुमार,अपरबल सिंहअनिल पांडेय,मनोज पटेल, विक्की गुप्ता,अनिल विश्वकर्मा सहित कई लोग शामिल रहे।

# छात्र राजनीति को राष्ट्र राजनीति का पर्याय बनाया था मारकंडेय सिंह :मनोज सिन्हा

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी।। मनोज सिन्हा ने गंगापुर में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष तथा जनता पार्टी के यूथ विंग के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव रहे मारकंडेय सिंह को नमन करते हुए कहा कि वह छात्र राजनीति के आदर्श थे। छात्र राजनीति को राष्ट्र राजनीति का पर्याय बनाया था।राजनीति में शुचिता,ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा मारकंडेय सिंह के बस की बात रही है। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गंगापुर में आयोजित मारकंडेय सिंह स्मृति न्यास में मारकंडेय सिंह के को याद करते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि मारकंडेय सिंह समाजवाद को धरातल पर जीते थे। संबंधों का निर्वहन देश के बड़े नेताओं के साथ साथ जन सामान्य के साथ भी निभाते थे।अपने संबोधन के दौरान मनोज सिन्हा ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय में अध्ययन और छात्र राजनीति के दौरान की अनेक प्रसंग का जिक्र किया।

इस दौरान समारोह को संबोधित करते हुए सूबेदार सिंह ने बताया कि किस तरह देश की राजनीति करते हुए भी मारकंडेय सिंह धन संपदा और वैभव से दूर रहे। पूर्व कुलपति हरिकेश सिंह ने कहा कि मारकंडेय सिंह सिर्फ छात्र नेता ही नहीं थे वह एक प्रतिभाशाली छात्र भी थे।शरीर सौष्ठव भी था और वह एक रेसर भी थे। पूर्व सांसद डॉ राजेश मिश्रा,डा बहादुर यादव,बिहार जहानाबाद से आए डॉ अरुण सिंह काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता रत्नाकर त्रिपाठी, अनिरुद्ध नारायण सिंह, अनिल श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। इन लोगों ने अनेक संस्करण संस्मरण बताये और काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता मारकंडेय सिंह को याद किया और नमन किया। उपस्थित लोगों ने पूर्व राजनेता मारकंडेय सिंह के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करउन्हें नमन किया।

इस दौरान यहां पर पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल, पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह, विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र राय, डॉक्टर विनोद राय, राजातालाब तहसील बार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश सिंह, उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह,डॉ हरेंद्र राय,गगन सिंह,सुरेश सिंह, प्रवीण सिंह गौतम,अंकुर सिंह, सदानंद राय अजय सिंह मुन्ना,शुभम सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आलोक सिंहने किया।

# यथार्थ कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में बहेरा की टीम बनी विजेता

**समाज जागरण**



राजगढ़ मीरजापुर/ विकासखंड राजगढ़ के जौगढ़ सक्तेसगढ़ में यथार्थ कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का गुरुवार को हुआ समापन। फाइनल मैच में बहेरा की टीम ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए हलिया के टीम को पराजित कर ट्राफी पर कब्जा जमाया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल मैनेजिंग डायरेक्टर शहनाई कंस्ट्रक्शन रामपुर सक्तेसगढ़ पुरस्कार वितरण समारोह का आगमन हुआ। जहां मुख्य अतिथि के द्वारा विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार पन्द्रह हजार नगद धनराशि एवं उपविजेता टीम हलिया को दस हजार रुपए नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल ने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है। खेल से शारीरिक मानसिक विकास के साथ-साथ हमारे मस्तिष्क का भी विकास होता है। ग्रामीण स्तर में खेल की भावना बहुत ज्यादा हो रही है और सभी प्रकार के खेल इस समय ग्रामीण क्षेत्र में युवा खेल रहे हैं और यह किसी से कम नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र के गांव में युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है बस उसे निखारने की जरूरत है। अच्छे खेलने वाले खिलाड़ी हमारे देश का नाम विश्व स्तर पर रोशन करते हैं। योगी मोदी की सरकार ग्रामीण स्तर पर खेल को बढ़ावा दे रही है। गांव गांव में स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। जहां गांव के गरीब बच्चे ग्राउंड पर जाकर अपने रुचि के अनुसार अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने अच्छा टूनार्मेंट कराने के लिए प्रतियोगिता के आयोजन करता राजकुमार यादव की तारीफ की। समापन में चौकी प्रभारी सक्तेसगढ़ राजेश पांडे, शहनाई परिवार से अजय कुमार सिंह, राजीव सिंह उर्फ गुड्डू पटेल, एकनाथ यादव, राकेश पटेल, विक्की यादव ग्रामीण रहे।

# स्थानीय व्यवसायिक गतिविधियों को अपनाने पर जोर से सीएलएफ

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी ।स्थानीय स्तर पर व्यवसायिक गतिविधियों को अपनाने पर जोर देकर कार्य करें सीएलएफ की दीदियां और अपने से जुड़े समूह सदस्यों को अधिक से अधिक व्यवसायिक गतिविधियों से जोड़ने का कार्य करे संकुल समिति जिससे कि समूह से जुड़ी दीदियां आर्थिक और सामाजिक रूप में सशक्त होगी। उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत चल रहे "व्यसाय विकास योजना (BDP) विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिला मिशन प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह ने संकुल समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त करने के लिए उसकी कार्ययोजना पर सबसे अधिक ध्यान देना होता है।

प्रशिक्षण के दौरान तीन दिवसों में डीआरपी राजेश कुमार द्विवेदी व घनश्याम प्रजापति द्वारा व्यवसाय विकास योजना की प्रक्रिया, ढाँचा व तैयारी के चरण पर विस्तार से जानकारी दी गयी और प्रशिक्षुओं से विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अभ्यास कराया गया।

इस अवसर पर सत्र प्रभारी संजय कुमार सिंह ने समूह की दीदियों को व्यवहारिक जीवन मे सीखे गए ज्ञान को अपनाएं।

प्रमुख रूप से सुरेश तिवारी, अजीत कुमार, नीरज, चन्दा देवी, ममता, आरती, सुनैना, मीरा, पूनम, गुड़िया, सरिता, पुष्पा, रूबी, सारिका आदि सहित विकास खंड काशीविद्यापीठ के नई दिशा सीएलएफ से 38 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट व ग्रुप फोटो वितरित कर प्रशिक्षण सत्र का समापन किया गया।

# प्रधान बेलवरिया कई कार्यकताओं सहित अपना दल कमेरावादी पार्टी में हुए शामिल

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। हरहुआ विकास खण्ड के बेलवरिया ग्राम पंचायत के प्रधान अशोक कुमार पटेल अपने कई कार्यकताओं के साथ गुरुवार को किसान मंच के प्रदेश अध्यक्ष राजेश प्रधान के नेतृत्व में अपना दल कमेरवादी की सदस्यता ग्रहण किया। अपना दल कमेरावादी के जिलाध्यक्ष संजय पटेल ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार चलाये जा रहे सघन सदस्यता अभियान के तहत बड़ी संख्या में जोड़कर आगामी 2027 विधानसभा चुनाव व पंचायत चुनाव की मजबूती से तैयारी की जा रही है।

सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में डॉ0 विनय पटेल, अजय पटेल, धीरज कुमार, रजनीश यादव, नित्यानंद, आकाश देव, अनिल, अमित, चंदन, जितेन्द्र आदि लोगों ने प्राथमिक सदस्यता ग्रहण किया। इस दौरान वाराणसी मण्डल अध्यक्ष उमेश चंद्र मौर्य, किसान मंच के मण्डल अध्यक्ष बलराम यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजकुमार पटेल, बलदेव पी जी महाविद्यालय, बड़गांव के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष योगीराज सिंह, विजय प्रकाश, अशोक कुमार मौजूद रहे।

# हिंदू महा सम्मेलन में हिंदुओं की एकता पर दिया जोर

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**




रामेश्वर वाराणसी।। जक्खिनी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होन पर हिंदू महासम्मेलन कार्यक्रम में वक्ताओं ने हिंदुओं को एकजुट होने पर बल दिया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता मुरली पाल सह करवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी ने कहा कि हिंदुस्तान एक व्यापक राष्ट्र था जो सिकुड़ते सिकुड़ते छोटे रूप में आ गया है। हिंदुस्तान और हिंदुओं के अस्तित्व को बचाने के लिए जाति-पात के भेद को मिटाकर एक होना पड़ेगा। कहां की विदेशी शक्तियां हिंदुओं के अस्तित्व को मिटाना चाहती है। एकजुट होकर मुकाबला करने से ही उसे चुनौती दे सकेंगे। मुख्य अतिथि दतिया के रामानुजन धाम से आए महंत माधव महेंद्र ने कहां कि युवाओं को अपने धर्म के उत्थान के लिए लगना चाहिए।अपनी पूजा पद्धति पर गर्व करना चाहिए।कहा कि हर घर में यज्ञ का अनुष्ठान भी होना चाहिए। इस दौरान यहां सम्मेलन को गौ रक्षा के प्रांत प्रमुख अरविंद सिंह, रेखा बिंद, हीरालाल कनौजिया,पद्मश्री चंद्रशेखर सिंह, मुसल्लम सिंह, प्रेम शंकर पाठक,ग्राम प्रधान प्रशांत उपाध्याय ने भी संबोधित किया। इन लोगों ने उपस्थित जन समुदाय से हिंदू संस्कारों को आगे बढ़ने का आह्वान किया।

सम्मेलन में भूपेंद्र राज सिंह, रवि सिंह, श्री प्रकाश शर्मा, कामेश्वरी प्रसाद सिंह , पीयूष कांत उपाध्याय , विनय प्रकाश शर्मा, मनीष सिंह, सर्वेश्वर नारायण सिंह आदि लोग उपस्थितरहे। अशोक सिंह की टीम ने राष्ट्रभक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मां भारती और गाय माता का पूजन भी हुआ।

# एकदिवासीय वॉलीबॉल की प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





राजगढ़ मीरजापुर /विकासखंड राजगढ़ के तेंदुआकला मे एकदिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन। कार्यक्रम का आयोजन राजेंद्र प्रसाद सिंह उर्फ टोपी प्रदेश सचिव अपना दल यश ने किया। तीन दर्जन से ज्यादा टीमों ने लिया प्रतिभाग। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि शहनाई कंस्ट्रक्शन के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अजय कुमार सिंह ने इसकी शुरूआत की इसके बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मुख्य अतिथि अजय कुमार सिंह छोटू पटेल ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन और गांव में होता है लेकिन आज के परिवेश में वॉलीबॉल बैडमिंटन का क्रेज बढ़ता ही जा रहा है। युवाओं को अच्छा अवसर होता है इसमें भी उन्हें भाग्य आजमाना चाहिए। वॉलीबॉल प्रतियोगिता होने से ग्रामीण इलाकों के बच्चे भी हिस्सा ले रहे हैं और अपने खेल का हुनर दिखा रहे हैं। वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच तेंदुआ कला और मरचईया के बीच खेला गया।जिसमे मरचईया की टीम विजई रही।वॉलीबॉल प्रतियोगिता में काशी विश्वनाथ की टीम और जिसमें काशी विश्वनाथ की टीम में वॉलीबॉल प्रतियोगिता जीत लिया। 28 टीमों ने पहली बार प्रतियोगिता में भाग लिया।कार्यक्रम का आयोजन पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी राजेंद्र सिंह उर्फ टोपी के द्वारा किया गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा राज बहादुर सिंह भी मौके पहुंचे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम का समापन ब्लॉक प्रमुख राजगढ़ गजेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। जहां पर विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार काशी विश्वनाथ सीनियर टीम ने पाँच हजार रुपए जीता। जीतने वाली टीम को ट्रॉफी पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी राजेंद्र सिंह उर्फ टोपी और ब्लॉक प्रमुख राजगढ़ गजेंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से दिया। दिया गया। साथी ट्रॉफी पर कब्जा भी जमा लिया। द्वितीय पुरस्कार काशी विश्वनाथ बी टीम तीन हजार रुपए को दिया गया। जहां पर वॉलीबॉल देखने के लिए सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उपस्थिति रही। जिसमें बच्चे भी शामिल है और उत्साहित रहे। इस मौके पर वॉलीबॉल कमेटी के अध्यक्ष बसंत लाल सिंह मनीष कुमार अजय कुमार संजय सिंह अनुज गुप्ता यस पटेल, कॉमेंटेटर सुजीत केसरी अभिषेक विश्वकर्मा रहे।

# पूर्व पीएम की याद



देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी बाजपेयी जी के जयंती पर वाराणसी पब्लिक स्कूल राजातालाब के नवमी की छात्रा जाह्नवी दुबे अपने हाथ से उनकी चित्र बना कर उन्हें नमन किया।

**फोटो रंजीत तिवारी**

# युवराज दत्त महाविद्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी समारोह संपन्न

**समाज जागरण लखीमपुर-खीरी।**

युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म-शताब्दी के समापन समारोह का आयोजन सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे आरंभ हुआ, जिसमें महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में अटल जी एवं सुशासन विषय पर विचार-विमर्श हुआ। विषय प्रवर्तन करते हुए हिन्दी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर धर्म नारायण ने सुशासन की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए अटल जी के कार्यकाल की नीतियों एवं निर्णयों को सुशासन के सशक्त उदाहरणों के रूप में प्रस्तुत किया। इसी क्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर विजय प्रताप सिंह ने अटल जी के व्यक्तित्व, विचारधारा, राष्ट्रवादी दृष्टिकोण एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। चीफ प्रॉक्टर प्रो. सुभाष चन्द्रा ने अटल जी को नए भारत की परिकल्पना का पुरुष बताते हुए कहा कि उन्होंने देश को स्थिरता और सुशासन का मॉडल दिया तथा समावेशी विकास की गारंटी दी। उन्होंने अटल जी को भारतीय राजनीति का अजातशत्रु भी बताया।

सांस्कृतिक समिति की संयोजक प्रो. नीलम त्रिवेदी ने अटल जी के साहित्यिक योगदान, काव्यात्मक संवेदना एवं मानवीय पक्ष को रेखांकित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) हेमंत पाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे शिखर पुरुष थे, जिन्होंने विचारों की दृढ़ता के साथ संवेदनशीलता और शालीनता को सदैव बनाए रखा। उनका जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत है। उन्होंने वर्षभर चले जन्म-शताब्दी कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करने वाले सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर यह भी जानकारी दी गई कि महाविद्यालय की छात्राएं सजल दीक्षित एवं लाइबा अंसारी ने जिला स्तर पर आयोजित कविता पाठ एवं भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

संगोष्ठी के उपरांत माननीय प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण का सीधा प्रसारण उपस्थितजनों को दिखाया गया। इसके बाद एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सौरभ वर्मा एवं एनसीसी प्रभारी डॉ. अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें एनएसएस, एनसीसी, रोवर्स-रेंजर्स स्वयंसेवकों सहित शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। दोपहर 1 बजे से स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ परिसर एवं स्वच्छ समाज का संकल्प लिया गया।

# शहनाई कंस्ट्रक्शन ने कराया नवीन सामुदायिक भवन एवं चबूतरा का निर्माण ग्रामीणों में हर्ष

**समाज जागरण**



राजगढ़ मीरजापुर/ राजगढ़ विकासखंड टेढिया रामपुर सक्तेसगढ़ में बरसों पहले बने सामुदायिक भवन व चबूतरा निर्माण का कार्य नहीं हुआ था। जिससे क्षेत्रीय लोगों को मांगलिक कार्य एवं वैवाहिक कार्यक्रम में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्रीय लोगों की मांग पर अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल मैनेजिंग डायरेक्टर शहनाई कंस्ट्रक्शन रामपुर सक्तेसगढ़ द्वारा ग्रामीणों की मांग पर लाखों रुपए से अधिक की धनराशि खर्च कर निशुल्क सामुदायिक भवन व चबूतरे का नव निर्माण कार्य पूर्ण कराया । जिसका गुरुवार को दोपहर में अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल ने निर्माण के पश्चात लोकार्पण किया। भजन कीर्तन के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित गरीब महिलाओं को कार्यक्रम के आयोजक छोटू पटेल द्वारा साड़ी देकर सम्मानित किया गया। हजारों लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल द्वारा क्षेत्र में जन सेवा एवं सामाजिक कार्य निर्बाध रूप से पूरे जनपद में लगातार जारी है। जिसका क्षेत्रीय लोगों ने सराहना किया है। उद्घाटन समारोह में अजय कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह उर्फ गुड्डू पटेल, शिबू पटेल, अमरेश चंद्र, पीयूष पटेल, सत्येंद्र पटेल सहित हजारों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शिक्षकों की लंबित मांगो को लेकर बीएसए से मिला राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्रतिनिधिमंडल

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। शिक्षकों और शिक्षामित्रों से जुड़ी लंबित मांगों को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सोनभद्र का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष अशोक कुमार त्रिपाठी, जिला महामंत्री इन्दुप्रकाश सिंह तथा जिला मीडिया प्रभारी सौरभ कार्तिकेय श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने चयन वेतनमान शीघ्र जारी किए जाने और शिक्षामित्रों के समायोजन व स्थानांतरण से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष ने चयन वेतनमान की सूची अब तक जिला स्तर से जारी न होने पर असंतोष व्यक्त किया। साथ ही कुछ विकासखंडों में सभी कार्यरत शिक्षामित्रों से आवेदन मंगाए जाने के मामले को उठाते हुए इसे असंगत बताया। जिला महामंत्री इंदुप्रकाश सिंह ने यह भी अवगत कराया कि कुछ स्थानों पर चयन वेतनमान के लिए ऑफलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं, जबकि प्रक्रिया ऑनलाइन निर्धारित है। इस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय ने स्पष्ट किया कि चयन वेतनमान की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है। उन्होंने बताया कि पत्रावलियों के निस्तारण में जिले स्तर पर तकनीकी दिक्कतें सामने आई हैं, जिनके समाधान के लिए शासन स्तर पर मार्गदर्शन मांगा गया है। समस्या के शीघ्र समाधान के बाद सूची जारी कर दी जाएगी। शिक्षामित्रों के आवेदन के संबंध में उन्होंने स्पष्ट किया कि आवेदन केवल उन्हीं अभ्यर्थियों से लिया जाना है, जो स्थानांतरण चाहते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कड़ाके की ठंड और शीतलहर के चलते जनपद में शिक्षकों के साथ-साथ बच्चों को भी राहत दिए जाने का विषय उठाया, जिस पर बीएसए द्वारा सकारात्मक रुख दिखाया गया।

# सपा जिला कार्यालय पर बहुजन नायक वीर शिरोमणि बिजली पासी की मनाई गई जयंती

**ब्यूरो चीफ, विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**




सोनभद्र। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय सोनभद्र पर बहुजन नायक वीर शिरोमणि बिजली पासी की जयंती भी मनाई गई एवं उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए शत-शत नमन किया गया और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि बहुजन नायक वीर शिरोमणि बिजली पासी जिन्हें महाराजा लाखन पासी भी कहा जाता है। 12वीं शताब्दी के अवध क्षेत्र के एक शक्तिशाली पासी शासक थे जिन्होंने मुगलों के अत्याचारों का विरोध किया और लखनऊ बिजनौर की स्थापना की और अपने समाज को एकजुट किया। वह साहस स्वाभिमान और नेतृत्व के प्रतीक माने जाते हैं।पासी समुदाय के गौरवशाली इतिहास को दशार्ती है और सामाजिक न्याय के लिए प्रेरणा देती है। वह मुगल साम्राज्य के अत्याचारों के खिलाफ खड़े हुए और जन-जन को संगठित किया जिससे उन्हें अवध केसरी की उपाधि मिली। वह पासी समाज को आगे बढ़ने का काम किया। वह पासी जाति के लिए प्रेरणा स्रोत माने जाते थे। वह हमेशा गरीबों की लड़ाई लड़ने का काम किया और अपने शासनकाल में हर समाज को आगे बढ़ने का काम किया। समाज वादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज देश के ऐसे नेता हैं जो हर वर्ग को एक साथ लेकर चलने का काम कर रहे हैं और उनकी लड़ाई को सदन से सड़क पर लड़ने का काम कर रहे हैं।समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो किसानों नौजवानों मजदूर गरीबों पिछड़ों अल्पसंख्यक और हर तबके की लड़ाई लड़ने का काम कर रहे हैं और जब-जब सरकार में आते हैं तो हर वर्ग के लिए ऐतिहासिक कार्य करने का काम करते हैं। संगोष्ठी में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी जिला महासचिव मोहम्मद शईद कुरैशी अनिल प्रधान विनीत सरोज सरदार पारब्रह्म सिंह डॉक्टर केडी सिंह पटेल सूरज मिश्रा अफरोज खान राजनाथ यादव सुशील राय पीयूष यादव दीपक केसरी हरिशंकर विश्वकर्मा विनोद यादव रामपति भारती के साथ दर्जनों कार्यकर्ता ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भाजपा कार्यकताओं द्वारा सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। गुरुवार को भाजपा डाला मंडल द्वारा सभी शक्तिकेंद्रों पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई व लोगों में मिष्ठान और फल वितरण किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह पटेल द्वारा बताया गया कि 25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में श्री कृष्ण बिहारी वाजपेयी और श्रीमती कृष्णा देवी के घर जन्मे श्री वाजपेयी जी के पास चार दशक से अधिक समय का संसदीय अनुभव था। वे 1957 से संसद सदस्य रहे हैं। वे 5वीं, 6वीं, 7वीं लोकसभा और फिर उसके बाद 10वीं, 11वीं, 12वीं और 13वीं लोकसभा में चुनाव जीतकर पहुंचे। इसके अलावा 1962 और 1986 में दो बार वे राज्यसभा के सदस्य भी रहे। वर्ष 2004 में वे पांचवी बार लगातार लखनऊ से चुनाव जीतकर लोक सभा पहुंचे। वाजपेयी जी इकलौते नेता हैं जिन्हें चार अलग-अलग राज्यों (उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली) से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचने का गौरव हासिल है। एक प्रधानमंत्री के तौर पर उनका कार्यकाल इतना गौरव शाली रहा कि एक दशक के बाद भी उस कार्यकाल को न सिर्फ याद किया जाता है, बल्कि उस पर अमल भी किया जाता है। इसमें पोखरण परमाणु परीक्षण, आर्थिक नीतियों में दूरदर्शिता आदि शामिल हैं। आधारभूत संरचना के विकास की बड़ी योजनाएं जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग और स्वर्णिम चतुर्भुज योजनाएं भी इनमें शामिल हैं। बहुत ही कम ऐसे प्रधानमंत्री हुए जिन्होंने समाज पर इतना सकारात्मक प्रभाव छोड़ा। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत कोटा सेक्टर में पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार बबलू द्वारा अत्यधिक ठंड के मद्देनजर जरूरतमंदों में कंबल वितरण भी किया गया। इस दौरान पूर्व मंडल भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश जैन, चंद्रावती देवी, विशाल गुप्ता, मुकेश जायसवाल, राहुल बैगा, मनीष तिवारी, अभय सिंह, गंगासागर चौधरी, संतोष शर्मा, रिंकू द्विवेदी, सभासद अवनीश पांडे, गोविंद गुप्ता, सुनील राय, आकाश उपाध्याय, अमरेश उपाध्याय, जुगनू तिवारी, दीपू उपाध्याय, अनिल जायसवाल, उर्मिला जायसवाल, पीयूष जायसवाल, निर्भय चौधरी, राजेश्वर चौधरी आदि भाजपाइयों ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सुशासन ही विकास का मंत्रः- गुलाब सिंह

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



शक्तिनगर/ सोनभद्र। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं तृतीय के तत्वाधान में दिनांक 25 दिसंबर 2025 को भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती एवं सुशासन दिवस के अवसर पर स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस आयोजन में स्वयंसेवकों द्वारा एनटीपीसी परिसर एवं आसपास के स्थानीय बस्तियों में जाकर साफ सफाई का कार्य कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्रभारी डॉ० प्रदीप कुमार यादव ने स्वयंसेवकों को श्रमदान, समाज सेवा एवं सुशासन के प्रति जागरूक रहने का आवाहन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी गुलाब सिंह ने मालवीय जी एवं अटल जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से वर्तमान समाज को जुड़े रहने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि सुशासन ही विकास का मूल मंत्र है। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी हरिशंकर गुप्ता ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन अभियान पर प्रकाश डाला तथा कहा कि आधुनिक शिक्षा के प्रचार प्रसार में एनटीपीसी का यह परिसर अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिसमें छात्र-छात्राओं को समाज सेवा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान "सुशासन एवं विकास" विषय पर छात्र-छात्राओं के बीच परिचर्चा का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता की। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉ० विनोद कुमार पांडेय ने अंग वस्त्र एवं पुष्प देकर किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ० छोटेलाल प्रसाद ने किया । समारोह में मुख्य रूप से प्रभा सोंधीया, खुशी वर्मा, पूनम, अंजना पूर्ति, ज्योति, शालिनी, सलोनी, आयशा परवीन, विशेष जयसवाल, हिमांशु, आशुतोष उपाध्याय, रोहित, नीरज, पंकज आदि स्वयंसेवकों की भूमिका सराहनीय रही।

# नवाह पाठ महायज्ञ के दूसरे दिन श्री रामजन्म उत्सव की सजी दिव्य झांकी

### श्री राम जन्मोत्सव पर बाटे गए सोंठ के लड्डू और खिलौने

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। श्री रामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ के द्वितीय दिवस के अवसर पर श्री राम जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया- नवमी तिथि मधुमास पुनीता। शुक्ल पक्ष अभिजीत हरिप्रीता मध्य दिवस अति शीत न घामा। पावन काल लोक विश्रामा। दीनों पर दया करने वाले कौशल्या जी के हितकारी कृपालु प्रभु प्रगट हुए- भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी। हर्षित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप निहारी। लोचन अभिराम तनु घनश्यामा निज आयुध भुज चारी। भूषण मन वनमाला नयन भूषण वनमाला नैन विशाला शोभा सिंधु खरारी। व्यास आचार्य सूर्य लाल मिश्र के मुखारविंद से निकले इन्हीं छंदों के साथ श्रीराम का जन्म हुआ। श्री सालिक राम को पाल पालने में झूला- झूला कर जन्म उत्सव की झांकी दिखाई गई, यजमान सत्यपाल जैन ने सह पत्नी रजनी जैन के साथ पालने की डोर पकड़ कर रस्म निभाई। इस अवसर पर मानस पांडाल में राम जन्म उत्सव की झांकी सजाई गई, मुद्राएं एवं खिलौने लुटाए गए और सोंठ के लड्डू बांटे गए, पटाखे भी छुड़ाए गए। इसके एक दिन पूर्व रात्रि प्रवचन के प्रारंभिक क्रम में गोरखपुर से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक हेमंत त्रिपाठी ने संगीतमय शिव विवाह तथा नारद मोह की कथा सुनाते हुए कहा कि विवाह तो बहुत हुए हैं लेकिन शिव विवाह समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव ने ससुर के पैर नहीं छुए, इसी के कारण दक्ष प्रजापति ने दमाद को समाज में झुकाना चाहा। लेकिन भगवान शिव ने इस परंपरा को तोड़ते हुए यह संदेश दिया कि जिसका एक बार पाव पूज लिया जाय उल्टा उससे पैर छुआने पर ससुर का विनाश ही होता है।
वहीं श्री राम कथा के दूसरे सत्र में वाराणसी से पधारे मानस वात्सल्य अनिल पाण्डेय ने नारद मोह की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जैसे नारद को मोह हुआ उसी तरह मनुष्य भी मोह में बंध जाता है। तो भगवान उसका चेहरा ही बिगाड़ देते हैं। मंच का संचालन आचार्य संतोष कुमार द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जैन, महामंत्री सुशील पाठक, रविंद्र पाठक, संजय, राजेंद्र केसरी, राधेश्याम केसरी, धर्मवीर तिवारी, भइया चौबे, इंद्रदेव सिंह, मिठाई लाल सोनी, कृपा नारायण मिश्र, पंकज कनोडिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# चाइल्ड हेल्पलाइन की त्वरित कार्रवाई से गुमशुदा बालिका मिली, परिवार में खुशी की लहर

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। चाइल्ड हेल्पलाइन सोनभद्र की त्वरित कार्रवाई से एक गुमशुदा नाबालिक बालिका अपने परिवार से मिल गई! 24 दिसंबर 2025 को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना मिली कि एक अज्ञात बालिका आरपीएफ पोस्ट रेलवे स्टेशन चोपन पर है। परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार सिंह और सुपरवाइजर अंशु गिरी ने आरपीएफ चोपन के सहयोग से बालिका के परिजनों को ढूंढ निकाला और उन्हें सुपुर्द किया।
परिजनों ने चाइल्ड हेल्पलाइन सोनभद्र का आभार व्यक्त किया। मुकेश सिंह ने बताया कि चाइल्ड हेल्प लाइन का टोल फ्री नंबर 1098 है, जहां गुमशुदा बच्चों की सूचना दर्ज की जाती है। अगर किसी को कोई लापता बच्चा मिलता है, तो वह इस नंबर पर संपर्क कर सकता है। आपका छोटा सा सहयोग किसी के घर वापसी में अमूल्य योगदान होगा।

# महामना पं मदनमोहन मालवीय जी की 164वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

### गरीब छात्रों को ऊनी कम्बल किया गया वितरित

### प्रखर राष्ट्रभक्त के नाम से जाने जाते हैं मदनमोहन- सीजीएम

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



अनपरा/ सोनभद्र। अनपरा तापीय परियोजना के परिसर में स्थित मालवीय मिशन बनवासी छात्रावास में गुरुवार को महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की 164वीं जंयती मनाई गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनपरा तापीय परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इं जेपी कटियार के साथ अन्य अतिथियों ने मालवीय जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इं जेपी कटियार द्वारा मालवीय जी के प्रखर राष्ट्रभक्त, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रख्यात शिक्षाविद एवं भारतरत्न जीवन के बारे में विस्तृत रूप से बताया। विशिष्ट अतिथियों में एमईआईएल के यूनिट हेड इं एसके द्विवेदी, महाप्रबंधक अ एवं ब ताप इं दूधनाथ, महाप्रबंधक इं प्रशांत त्रिपाठी, अधीक्षण अभियंता इं एसपी यादव द्वारा भी मालवीय जी के बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी की स्थापना एवं अन्य व्यक्तित्व व कृतित्व के बारे में विस्तार से बताया गया। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य परियोजना के अधिकारीयों के सहयोग से छात्रावास के बच्चों को ऊनी कंबल व वस्त्र विरतण किया गया।ज्योति पुंज महिला मंडल के द्वारा छात्रावास के प्रबंधक को आर्थिक सहयोग के रूप में ग्यारह हजार दिया गया। बनारस मालवीय मिशन शाखा वाराणसी के अध्यक्ष हर्ष सिंह द्वारा शाखा अनपरा को पच्चीस हजार तथा संरक्षक सुभाष चंद्र द्वारा एक लाख का आर्थिक सहयोग दिया गया।परियोजना प्रमुख इं जेपी कटियार तथा एमईआईएल के यूनिट हेड इं एसके द्विवेदी द्वारा छात्रावास के सभी बच्चों को ऊनी कंबल दिया गया। अनपरा मालवीय मिशन शाखा के व्यवस्थापक श्री शिव शंकर तिवारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि परियोजना प्रमुख ने सकारात्मक पहल करते हुए जर्जर बाउंड्री वाल, चबूतरे का निर्माण, छात्रावास की रंगाई पुताई,कमरों की दीवार, दरवाजे आदि के मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। इस अवसर पर ज्योति पुंज महिला मंडल की अध्यक्षता श्रीमती कृष्णा कटियार, सचिव अभिलाषा यादव, श्रीमती सुभद्रा यादव, श्रीमती अन्नू सिंह, श्रीमती ऋचा अरुण, अधीक्षण अभियंता इं कर्मेंद्र सिंह, इं महेंद्र सिंह, इं एसके रजक, इं वीके दिनकर, इं अजय अग्रवाल अधिशासी अभियंता इं जीके सिंह, इं राम ज्ञान सिंह, इं अदालत वर्मा, इं बीआर पटेल, इं सुभाष पटेल,इं रामदरश इं पंकज पाण्डेय, इं आशीष शर्मा, अभिषेक सिंह, राजकुमार, राकेश जायसवाल, राजकुमार यादव, जितेंद्र जायसवाल, अशोक चौधरी, शिव सिंह, मुकेश, विद्यालय के अध्यापक व बच्चे आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# 'विकसित भारत @2047' विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

### विभिन्न इंटर कॉलेजों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। चोपन स्थित सब्जी मंडी परिसर में गुरुवार को 'विकसित भारत @2047' विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद और आसपास के विभिन्न इंटर कॉलेजों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चोपन, डाला, ओबरा, रॉबर्ट्सगंज, पटवध, दुद्धी, रेणुकूट, अनपरा और शक्तिनगर के इंटर कॉलेजों की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागी छात्राओं ने विकसित भारत की परिकल्पना, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, तकनीकी विकास और राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उनके प्रभावशाली और आत्मविश्वास से भरे भाषणों को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओंकार नाथ केशरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि देश का भविष्य जागरूक, शिक्षित और आत्मनिर्भर बेटियों के हाथों में सुरक्षित है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। भाषण प्रतियोगिता में रचना सूद, संजय सिंहा, अमरीश चंद्र पाण्डेय और कविता रॉय ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। उन्होंने भाषण की विषयवस्तु, प्रस्तुति, आत्मविश्वास और विचारों की स्पष्टता के आधार पर विजेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5,100 रुपये और तृतीय पुरस्कार 2,100 रुपये रखा गया था, जिससे छात्राओं में विशेष उत्साह देखा गया। प्रथम- भावना अग्रवाल (सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल ओबरा) द्वितीय- सुखलीन कौर (सत सेविर पब्लिक स्कूल डाला) तृतीय- अनन्या द्विवेदी (सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल ओबरा) इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक संजीव कुमार गुप्ता, जे.एन. चौबे, सतीनाथ दास उर्फ मोना सर, राजेश सिंह, सूरज चौबे, रामचंद्र, देवेन्द्र, जूल्लू दादा सहित जनपद के कई शिक्षक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# म्योरपुर में अखिल भारतीय अटल काव्य निशा का सफल आयोजन

### हम जगमग करते हैं सबको, रहते भले अन्धेरे में नाम हमारा सोनभद्र है, दीपक जैसी हालत हैः - यथार्थ विष्णु

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**



म्योरपुर/ सोनभद्र। विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी स्थानीय ब्लॉक के कस्बा स्थित बिड़ला विद्या इंटर कालेज परिसर में बुधवार की रात जनप्रतिनिधि एवं व्यापार मंच के तत्वाधान में स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी को समर्पित कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। देश के विभिन्न राज्यों से आए कवियों ने रचनाओं के जरिए श्रोताओं को रात हंसाते और गुदगुदाने के साथ देश के गंभीर मुद्दों पर सोचने को मजबूर किया। म्योरपुर सोनभद्र से शिक्षक और युवा कवि यथार्थ विष्णु ने जनपद की समस्याओं को अपने काव्य में रखते हुए ए पंक्तियां प्रस्तुत की..हम जगमग करते है सबको, रहते भले अंधेरे में, नाम हमारा सोनभद्र है दीपक जैसी हालत है कविता से आम जनों तक जुड़ने का प्रयास किया, राजस्थान से पधारे सुरेंद्र सार्थक ने .खुले आकाश में अपनी कमाई छोड़ देते है, माठा से पेट भरते है मलाई छोड़ देते है। नागपुर से आए मुकेश मनमौजी ने देश को खोखला करने वालों पर गहरी चोट करते हुए ये पंक्तियां प्रस्तुत की.. इधर से टूटा है,उधर से फूटा है। ये हिंदुस्तान है इसे भ्रष्ट नेताओं ने लुटा है। फतेपुर से पधारे हास्य कवि समीर शुक्ल ने .मन की मैल मिटे न पावे, पुजी लियब पंडी पंडा, प्रस्तुत की, गोरख पुर की कवित्री डॉ सत्यमवंदा ने प्रेम रस का गीत प्रस्तुत करते हुए.. तेरे जीवन में पहले सी रवानी हो नहीं सकती, मेरी जैसी कोई तेरी दीवानी हो नहीं सकती, देश की एकता अखंडता और कौमी एकता के गीतों के लिए देश में मशहूर शायर अहमद आजमी ने .जमी मेरी गगन मेरा, फूलों का चमन मेरा,जहां सब मिल कर रहते है वही वतन मेरा प्रस्तुत की। स्थानीय भाषाओं पर देश में विख्यात लखन राम जंगली ने आदिवासियों की स्थिति को रेखांकित किया और कहा टाटी कर आड ने,आ बेटवा जवान हो, कहा मिले अंगना.. प्रद्युम्न त्रिपाठी ने सभी को मिल जुल कर रहने की सलाह देते हुए ये पंक्तियां पढ़ी.. रहे मिलजुल करके, सभी आदमी बन कर. संचालन कमलेश राज हंस ने करते हुए ये रचना पढ़ी छोटे चोर धुर्मा जेल में और बड़े चोर जेल का उद्घाटन करते है। कार्यक्रम के शुरूआती कड़ी में कवि सम्मेलन में कवियों का परिचय और स्वागत वरिष्ठ अधिवक्ता कार्यक्रम के संयोजक सत्यनारायण यादव ने किया और कार्यक्रम का शुभारम्भ दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री जीत सिंह खरवार ने करते हुए पूर्व प्रधान मंत्री अटल के जीवन और आदिवासी जीवन शैली पर विचार व्यक्त किया उन्हें एकलव्य सम्मान से राजहंस ने सम्मानित किया। मौके पर अध्यक्षता ग्राम प्रधान संगीता गणेश जायसवाल, खंड विकास अधिकारी दिनेश मिश्र, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पन्ना लाल जायसवाल, राम विचार गौतम, वरिष्ठ पत्रकार जगत नारायण विश्वकर्मा, अध्यक्ष प्रधान संघ म्योरपुर प्रेमचंद यादव, दीपक सिंह, ओंकार नाथ पांडेय, रविकांत, अजय अग्रहरि, कार्यक्रम के कोषाध्यक्ष सुजीत अग्रहरि, सुनील अग्रहरि, कुलदीप सिंह, वकील अहमद,पंकज सिंह ,दयाशंकर, नागवंत जायसवाल, दीनबंधु यादव समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# महिला बन लूट करने वाले गिरोह का खुलासा , गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, 18 मोबाइल, नकदी , महिला वेश के कपड़े और श्रृंगार का सामान बरामद

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। पुलिस ने महिला का वेश धारण कर ट्रकों व अन्य वाहनों से लूटपाट करने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के पांच अन्य सदस्य अभी फरार हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 18 मोबाइल फोन, नकदी, महिला वेश के कपड़े और श्रृंगार का सामान बरामद किया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने पुलिस लाइन सभागार में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर चोपन थाना और डाला चौकी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। पुलिस ने तेलगुड़वा चौराहे के आगे शौचालय के पास सड़क किनारे जंगल में घेराबंदी कर झपट्टामारी की योजना बना रहे गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। हालांकि, गैंग के पांच अन्य सदस्य अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रॉबर्ट्सगंज स्थित सर्किट हाउस के पास घसिया बस्ती निवासी अटल घसिया (25), गाजीपुर के नगसर निवासी रोहित विश्वकर्मा (26) और कोन के नौडीहा निवासी धनंजय सिंह उर्फ तूफान सिंह (18) के रूप में हुई है। फरार आरोपियों में घसिया बस्ती निवासी सोनू, शिवकुमार, विकास यादव तथा कोन निवासी कृष्णा सिंह और पिंटू घसिया शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 22 तारीख को चोपन थाने में संतोष प्रजापति की शिकायत पर एक अभियोग पंजीकृत किया गया था। वादी ने बताया कि जब वह चोपन क्षेत्र से रॉबर्ट्सगंज की ओर अपने पिकअप ट्रक से आ रहे थे, तो कुछ लड़के और लड़कियों ने उन्हें रोककर ट्रक से उतारा और उनका फोन छीनकर भाग गए। पुलिस द्वारा जांच और विवेचना के बाद कुल 8 अभियुक्तों के नाम सामने आए। इनमें से तीन अभियुक्तों, अटल घसिया, रोहित विश्वकर्मा और धनंजय सिंह उर्फ तूफान सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। अटल घसिया पर पहले से ही लूट, डकैती और गैंगस्टर के 4 मुकदमे दर्ज हैं। गिरोह के अन्य पांच सदस्य सोनू, शिवकुमार, विकास, कृष्णा सिंह और पिंटू घसिया अभी फरार हैं। यह गिरोह लड़कियों का भेष धारण कर लोगों को रोककर मोबाइल फोन छीन लेता था। कभी-कभी इनके साथी मिलकर जंगल में ले जाकर लूट की घटना को भी अंजाम देते थे। सोनू इस गिरोह का मुख्य अभियुक्त है और अभी फरार है। गिरफ्तार किए गए तीनों अभियुक्तों के पास से चोरी और छिनैती के 18 मोबाइल फोन, नकदी, लेडीज सूट, श्रृंगार का सामान और बुर्का बरामद किया गया है। अभियुक्तों ने बताया कि वे छीने गए सभी फोन बिहार में अपने किसी परिचित को बेचते थे। पुलिस सभी अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई करेगी। फरार अभियुक्तों की जमानतदारों की भी पहचान की जा रही है ताकि वे आसानी से जेल से बाहर न आ सकें। अन्य जनपदों से भी अभियुक्तों की आपराधिक जानकारी जुटाई जा रही है।

# पटना स्थित खलिहान में आग लगने से लाखों का हुआ नुकसान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र स्थित गौनपुरा गांव के खलिहान में बुधवार देर रात वार्ड सदस्य के खलिहान में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और खलिहान में रखा धान, पुआल, कृषि पाइप और एक ट्रैक्टर समेत लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक आकलन में करीब तीन लाख रुपये से अधिक के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। घटना गौनपुरा वार्ड संख्या-8 की है। बुधवार की रात करीब 12 बजे ग्रामीणों ने खलिहान से उठती तेज लपटें और धुएं का गुबार देखा। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरे खलिहान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की भयावहता इतनी अधिक थी कि दूर-दराज के घरों से भी लपटें दिखाई देने लगीं। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। वहीं किसान और ग्रामीण बाल्टी, पाइप और अन्य संसाधनों से आग बुझाने में जुट गए। हालांकि, खलिहान में भारी मात्रा में सूखा पुआल और धान होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना फुलवारी शरीफ थाना और अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। करीब एक घंटे की मेहनत के बाद आग को पूरी तरह बुझाया जा सका। अगर समय पर दमकल की गाड़ी नहीं पहुंचती, तो आग आसपास के घरों और अन्य खलिहानों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी। गौनपुरा वार्ड संख्या-8 के वार्ड सदस्य शंकर कुमार ने बताया कि उन्हें देर रात करीब 12 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर खलिहान में आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही वे अपने परिवार के सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग काफी नुकसान कर चुकी थी। वार्ड सदस्य के अनुसार, इस अग्निकांड में लगभग पांच कट्ठा से अधिक धान, दस कट्ठा से अधिक पुआल, करीब 50 कृषि पाइप और खेत जोतने वाला एक ट्रैक्टर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। यह सारा सामान खेती और आजीविका के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण था। घटना के बाद पीड़ित परिवार सदमे में है।

# पटना के पालीगंज में मनाया गया पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जयंती

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता**

पटना/ भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिले के पालीगंज में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का 101 वीं जन्म दिवस मनाया। जानकारी के अनुसार पटना जिले के पालीगंज में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेई की 101 वीं जयंती पर भाजपा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के पालीगंज नगर मंडल अध्यक्ष उत्तम कुमार ने किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी बाजपेयी के तैलचित्र पर द्विप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित किया। उसके बाद वक्ताओं ने अटल



बिहारी बाजपेयी के जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर पालीगंज नगर मंडल अध्यक्ष उत्तम कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष करण गुप्ता, व्यापार प्रदेश प्रकोष्ठ मीडिया सह प्रभारी धीरज गुप्ता, महामंत्री पिंटू कुमार, अमितेश कुमार, दिनेश गुप्ता, संगीता देवी, गायत्री देवी, उर्मिला देवी, कमलनयन शर्मा, निरंजन तिवारी, लोजपा रा. के महिला नेत्री प्रभा देवी, अशोक डोम, संतोष कुमार, रेणु देवी, कन्हैया कुमार मिथिलेश कुमार वर्मा, सुधीर चंद्रवंशी पार्वती देवी, संजय लाल, नवल मालाकार, पप्पू कुमार, सुजीत कुमार, गप्पू बाबा, संजय तिवारी, मुकेश ठाकुर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पटना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्चा बदलने का आरोप लगा हंगामा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत पंडारक थाना क्षेत्र स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नवजात शिशु बदलने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने के बाद पंडारक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए मामले की जांच शुरू की। घटना के संबंध में पुलिस और अस्पताल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दो महिलाओं की डिलीवरी लगभग एक ही समय पर हुई थी। संजना नामक महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया था, जबकि अर्चना नामक महिला ने एक बेटे को जन्म दिया। डिलीवरी के बाद दोनों नवजात शिशुओं को अस्पताल के वार्मर में रखा गया था, ताकि उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल मिल सके। इसी दौरान गलतफहमी की स्थिति उत्पन्न हो गई। संजना के परिजनों ने आरोप लगाया कि उनका बेटा पैदा हुआ था, लेकिन अस्पताल कर्मियों ने बच्चा बदल दिया है। इसी संदेह के चलते वे अर्चना के नवजात बेटे को गोद में उठाकर अपना बच्चा होने का दावा करने लगे। इस बात पर दोनों परिवारों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते हंगामे में बदल गई। अस्पताल परिसर में मौजूद अन्य मरीजों और उनके परिजनों में भी भय और असमंजस की स्थिति बन गई। हंगामे के दौरान



अस्पताल प्रशासन ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया। स्वास्थ्य कर्मियों का कहना था कि डिलीवरी के समय सभी आवश्यक रिकॉर्ड बनाए गए थे और किसी तरह की लापरवाही नहीं हुई है। दोनों महिलाओं और उनके नवजातों की जानकारी अस्पताल रजिस्टर में दर्ज थी। इसके बावजूद परिजन आरोप मानने को तैयार नहीं थे और मामला पुलिस तक पहुंच गया। सूचना मिलते ही पंडारक थाना पुलिस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। थानाध्यक्ष नवनीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सबसे पहले दोनों पक्षों को शांत कराया। इसके बाद पुलिस ने पूरे मामले की गहनता से जांच शुरू की। अस्पताल के रजिस्टर, डिलीवरी रिकॉर्ड और वार्मर में रखे जाने की प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी को खंगाला गया। पुलिस ने यह भी देखा कि किस समय किस महिला की डिलीवरी हुई और किस नवजात को किसके नाम से दर्ज किया गया। करीब दो घंटे तक पुलिस और अस्पताल प्रशासन ने मिलकर मामले की जांच की। इस दौरान दोनों परिवारों से अलग-अलग पूछताछ की गई और घटनाक्रम को समझने की कोशिश की गई। पुलिस के अनुसार, जांच में यह स्पष्ट हुआ कि अस्पताल के रिकॉर्ड में कोई गड़बड़ी नहीं है। संजना ने बच्ची को ही जन्म दिया था और अर्चना ने बेटे को। किसी भी स्तर पर नवजात बदलने का प्रमाण नहीं मिला। अस्पताल प्रभारी ने बताया कि यदि दोनों परिवार पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं होते, तो अंतिम विकल्प के तौर पर दोनों नवजातों का डीएनए टेस्ट कराया जा सकता था। डीएनए जांच से यह पूरी तरह स्पष्ट हो जाता कि बच्चा किस माता-पिता का है। हालांकि, पुलिस द्वारा समझाने और रिकॉर्ड दिखाने के बाद दोनों परिवार जांच के निष्कर्ष से सहमत हो गए, जिससे डीएनए टेस्ट की आवश्यकता नहीं पड़ी। पुलिस की समझाने और तथ्यों के सामने आने के बाद दोनों परिवारों ने हंगामा समाप्त कर दिया। जांच पूरी होने के बाद संजना को उसकी नवजात बच्ची और अर्चना को उसका नवजात बेटा सौंप दिया गया। इसके बाद दोनों परिवार अपने-अपने बच्चों के साथ अस्पताल से घर लौट गए।

# पटना में किया गया ग्लोरियस मिस एंड मिसेज इंडिया वर्ल्ड का भव्य आयोजन

## फुलवारी शरीफ की सान्या सोनल बनी प्राइड ऑफ इंडिया

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ साइ ग्लोरियस एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड न्यू दिल्ली के तत्वावधान में पटना में ग्लोरियस मिस एंड मिसेज इंडिया वर्ल्ड प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के लगभग हर राज्य से प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम ने बिहार की धरती पर फैशन, टैलेंट और आत्मविश्वास का शानदार संगम प्रस्तुत किया। इस भव्य मंच पर फुलवारी शरीफ की सान्या सोनल ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्राइड ऑफ इंडिया का खिताब अपने नाम किया। वहीं अस्मिता सिंह को ब्रांड एंबेसडर ऑफ बिहार का टैग प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता के जज पैनल में बॉलीवुड फिल्म निर्देशक व अभिनेता मनीष वत्सल, अभिनेत्री व मॉडल अर्जुन यादव तथा ग्लोरियस मिसेज इंडिया विजेता रिमझिम सिंह मौजूद रहीं। सभी जजों ने प्रतिभागियों के खिताब जीतने के बाद सान्या सोनल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उनका उद्देश्य



उन्होंने कहा कि उन्हें बॉलीवुड की कई हस्तियों के साथ काम करने का अवसर मिला, जिससे उनका आत्मविश्वास और अनुभव दोनों बढ़ा है। सान्या सोनल ने साइ ग्लोरियस एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड का आभार जताते हुए कहा कि यह मंच बिहार के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने बॉलीवुड इंडस्ट्री में मॉडलिंग, एक्टिंग और एंटरटेनमेंट की दुनिया में अपनी पहचान बनाना है। उन्होंने कहा कि बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है लेकिन मुंबई की चकाचौंध में अपने दम पर जगह बनाना आसान नहीं होता और इसके लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। सान्या ने बताया कि वे पिछले चार वर्षों से मुंबई में रहकर संघर्ष कर रही हैं और इस सफर में उन्हें अपने माता-पिता का पूरा सहयोग मिला है। का बेहतरीन अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से संस्था की डायरेक्टर अंजु मैम का धन्यवाद किया, जिनका उन्हें लगातार मार्गदर्शन और सहयोग मिलता रहा। अपने संदेश में सान्या ने कहा कि गांवों और कस्बों में छिपी हुई नई प्रतिभाओं को आगे आकर ऐसे कार्यक्रमों में हिस्सा लेना चाहिए। अगर युवा अपनी प्रतिभा को निखारें और मंच का सही उपयोग करें, तो वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं।

# सीएम ने माल्यार्पण कर दिया श्रद्धांजलि

## पटना में मनाया गया अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती समारोह

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती आज पूरे देश में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इसी क्रम में बिहार की राजधानी पटना में भी राजकीय स्तर पर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पाटलिपुत्रा पार्क में आयोजित हुआ, जहां अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित है। आयोजन का उद्देश्य केवल औपचारिक श्रद्धांजलि नहीं था, बल्कि उनके विचारों, आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण करना भी था।राजकीय समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कुछ क्षण मौन रखकर देश के इस महान नेता को नमन किया। नीतीश कुमार का अटल बिहारी बाजपेयी से पुराना राजनीतिक और आत्मीय संबंध रहा है, इसलिए यह श्रद्धांजलि व्यक्तिगत सम्मान का भी प्रतीक मानी गई। मुख्यमंत्री की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा और गंभीरता प्रदान की। इस अवसर पर राज्य सरकार के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। इनके अलावा ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी सहित



सरकार और संगठन से जुड़े कई वरिष्ठ नेता कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी नेताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया। इस दौरान माहौल पूरी तरह भावनात्मक और सम्मान से भरा रहा। राजकीय समारोह में अनेक विधायक और गणमान्य व्यक्तियों की भी उपस्थिति रही। सभी ने अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर सूचना एवं जन-संपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। आरती-पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जिसके बाद बिहार गीत और देशभक्ति गीतों का गायन किया गया। इन गीतों के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्रप्रेम, लोकतांत्रिक मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना को रेखांकित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को और भी भावनात्मक बना दिया।राजकीय कार्यक्रम के अलावा भारतीय जनता पार्टी की ओर से पार्टी कार्यालय में भी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, दोनों उपमुख्यमंत्री, मंत्री और कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। पार्टी कार्यालय में भी अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और उनके विचारों को याद किया गया। नेताओं ने अटल जी के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें प्रेरणास्त्रोत बताया।

# पटना में खाद्दय आपूर्ति बिभाग की टीम ने किया छापेमारी

## रेस्टोरेंट में मिली नकली पनीर व केमिकल युक्त जूस

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के अलग-अलग इलाकों में खाद्दय आपूर्ति बिभाग के द्वारा की गई छापेमारी के दौरान जूस, शेक और पनीर में मिलावट के गंभीर मामले सामने आए हैं। इन खुलासों के संबंधित दुकानदारों पर सवाल खड़े हुए हैं। साथ ही आम लोगों के बीच चिंता बढ़ गई है। खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने कंकड़बाग स्थित कृष्णा होटल एंड फैमिली रेस्टोरेंट में निरीक्षण के दौरान पनीर में मिलावट पकड़ी। जांच में यह पुष्टि हुई कि रेस्टोरेंट में असली दूध से बना पनीर नहीं, बल्कि नकली पनीर का इस्तेमाल किया जा रहा था। नकली पनीर आमतौर पर केमिकल और सिंथेटिक पदार्थों से तैयार किया जाता है, जो सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक हो सकता है। यह पनीर देखने में तो असली जैसा लगता है, लेकिन लंबे समय तक इसका सेवन करने से गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसी अभियान के तहत राजेंद्र पुल के पास स्थित कृष्णा जूस एवं शेक सेंटर की भी जांच की गई। यहां फूड इंस्पेक्टर अजय कुमार ने निरीक्षण के दौरान एक संदिग्ध पाउडर बरामद किया, जिस पर डी नाम लिखा हुआ था। पूछताछ के दौरान दुकानदार ने बताया कि यह पाउडर जूस और शेक को गाढ़ा करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है और इसे दिल्ली से मंगवाया जाता है। हालांकि विभाग की नजर में यह पाउडर केमिकलयुक्त माना जा रहा है। जिसका खाद्य पदार्थों में इस्तेमाल स्वास्थ्य मानकों के खिलाफ है। फूड इंस्पेक्टर अजय कुमार ने दोनों स्थानों पर गहन जांच की। उन्होंने पनीर, जूस और शेक के सैंपल एकत्र कर उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। विभाग का कहना है कि जब तक लैब रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। हालांकि प्रारंभिक जांच में जो संकेत मिले हैं, वे मिलावट की ओर साफ इशारा कर रहे हैं। फूड इंस्पेक्टर ने यह भी बताया कि दुकानदारों को पहले ही खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने की चेतावनी दी जाती रही है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने साफ कहा है कि लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के लिए अब कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। नए साल के दौरान होटल, रेस्टोरेंट और जूस सेंटरों में ग्राहकों की संख्या बढ़ जाती है। इसी का फायदा उठाकर कुछ दुकानदार मिलावटी और सस्ते पदार्थों का इस्तेमाल करते हैं, जिससे उनका मुनाफा तो बढ़ता है, लेकिन आम जनता की सेहत खतरे में पड़ जाती है। विभाग ने ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई करने का संकेत दिया है।

# पटना पुलिस ने किया तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र में की गई छापेमारी के दौरान तीन लोगों को शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार ग्राम मुस्तफापुर से पुजन कुमार, पिता नकूल मांझी और टुनटुन मांझी, पिता कैलाश मांझी, दोनों निवासी ग्राम मुस्तफापुर, थाना गौरीचक, जिला पटना को गिरफ्तार किया गया। वहीं तीसरे आरोपी उपेन्द्र मांझी, पिता नागा मांझी, निवासी ग्राम दनारा, थाना भगवानगंज, जिला पटना को भी पुलिस ने धर दबोचा। तीनों आरोपियों के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इधर जानीपुर



थाना क्षेत्र में भी पुलिस को शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। जानीपुर थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि हड़प गांव के पास पुलिस गश्ती के दौरान सड़क किनारे खड़े एक संदिग्ध टेंपो को देखा गया। पुलिस टीम को आता देख टेंपो में सवार तस्कर वाहन और शराब छोड़कर मौके से फरार हो गए। जब टेंपो की तलाशी ली गई तो उसमें से करीब 130 लीटर देसी शराब बरामद की गई। पुलिस ने टेंपो को जब्त कर लिया है और फरार तस्करों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# पेसा कानून लागू होने पर भूमिज-मुंडा समाज में खुशी, विधायक संजीव सरदार का किया गया जोरदार स्वागत

**समाज जागरण 25.12.2025**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

पोटका झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कैबिनेट द्वारा पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में पेसा कानून लागू करने की मंजूरी दिए जाने के बाद आदिवासी समाज में खुशी का माहौल है। इस ऐतिहासिक निर्णय को लेकर समाज के लोग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जता रहे हैं, वहीं अपने जनप्रतिनिधियों को भी धन्यवाद दे रहे हैं।

इसी क्रम में गुरुवार को तेंतला पंचायत स्थित इंपीरियल रिसोर्ट में भूमिज/मुंडा समाज द्वारा पोटका विधायक संजीव सरदार का जोरदार स्वागत कर उनका आभार प्रकट किया गया। समाज के लोगों ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा पेसा कानून लागू किया जाना आदिवासी समाज के स्वशासन और अधिकारों की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जिसके लिए भूमिज/मुंडा समाज मुख्यमंत्री के साथ-साथ विधायक संजीव सरदार का भी आभारी है।

मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कहा कि पेसा कानून अनुसूचित क्षेत्रों



में रहने वाले लोगों के लिए पारंपरिक ग्राम सभाओं के माध्यम से स्वशासन सुनिश्चित करने हेतु बनाया गया कानून है। अनुसूचित क्षेत्र भारत के संविधान की पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आते हैं। इस कानून के लागू होने से गांव की स्वशासन व्यवस्था मजबूत होगी और ग्राम सभा को वास्तविक अधिकार प्राप्त होंगे।

उन्होंने कहा कि अब गांव के लोग ग्राम सभा के माध्यम से अपने अधिकारों को प्रभावी ढंग से लागू कर सकेंगे। विधायक ने समाज के लोगों से अपील की कि वे जागरूक रहकर अपनी ग्राम सभा और पारंपरिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत करें।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मुखिया अर्धेंदु सरदार, ग्राम प्रधान उत्तम सिंह, मनोरंजन सरदार, भरत सरदार, दीपक सरदार, राधेश्याम सिंह सरदार, मंगल सिंह मुंडा, मदन सिंह मुंडा, रविंद्र सिंह, अमल सिंह, भृगुराम सरदार, कृष्णा सिंह, चांदराई सरदार, सुशील सरदार, संतोष सरदार, जेनाराम सरदार, फुलचांद सरदार, लखीश्वर सरदार, सागर सरदार, साहेबराम सिंह मुंडा, कृष्ण सरदार, छबीलाल सरदार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# वाहन चेकिंग के दौरान पटना में पुलिस ने मारी युवक को थप्पड़

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के चौक थाना क्षेत्र से जुड़ा एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक सिपाही न सिर्फ बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर गश्त करते हुए दिखाई दे रहा है, बल्कि सड़क पर एक युवक को थप्पड़ मारते हुए और आम नागरिकों से बदसलूकी करते हुए भी नजर आ रहा है। यह वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि संबंधित सिपाही एक ऐसी मोटरसाइकिल पर सवार है, जिस पर पुलिस का लोगो तो लगा हुआ है,



लेकिन वाहन पर कोई नंबर प्लेट मौजूद नहीं है। यह सीधे तौर पर यातायात नियमों का उल्लंघन है। वीडियो में सिपाही सड़क पर चलते एक युवक को रोकता है और बिना किसी स्पष्ट कारण के उसे थप्पड़ मार देता है। इतना ही नहीं, आरोप है कि वह गंदी-गंदी गालियां भी देता है और राहगीरों को डराने-धमकाने की कोशिश करता है। इस पूरे घटनाक्रम को मौके पर मौजूद किसी राहगीर ने अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर दिया गया, जिसके बाद देखते ही देखते यह वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद चौक थाना क्षेत्र और आसपास के इलाकों में लोगों में काफी आक्रोश है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि संबंधित सिपाही अक्सर इसी तरह बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल से इलाके में घूमता है और आम लोगों को बेवजह परेशान करता है। लोगों का आरोप है कि सिपाही अपनी वर्दी का गलत इस्तेमाल कर रहा है और कानून की आड़ में दबंगई दिखा रहा है। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि अगर पुलिस का यही रवैया रहा, तो आम जनता खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर पाएगी। कई लोगों ने मांग की है कि ऐसे पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी वर्दी की आड़ में कानून तोड़ने की हिम्मत न कर सके। नागरिकों का कहना है कि जब आम लोगों को बिना हेलमेट, बिना कागजात या बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने पर चालान काटा जाता है, तो पुलिसकर्मियों पर यह नियम क्यों लागू नहीं होते। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी डॉ. गौरव कुमार ने बताया कि सिपाही द्वारा बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल चलाने और आम नागरिकों से बदसलूकी से जुड़ा एक वीडियो उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और यदि सिपाही दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पटना पुलिस ने किया चोरी की तीन स्कूटी व एक बाइक जप्त

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की तीन स्कूटी और एक मोटर साइकिल जब्त की है। यह कार्रवाई 24 दिसंबर की मध्य रात्रि को गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। पुलिस को यह सफलता गुप्त सूचना के आधार पर मिली। चौक थाना पुलिस को जानकारी मिली थी कि किला रोड स्थित राधे कुमार की झोपड़ी में चोरी की गाड़ियां छिपाकर रखी गई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया और बिना समय गंवाए कार्रवाई की योजना बनाई। थाना प्रभारी के निर्देश पर एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया, ताकि छापेमारी को सुनियोजित तरीके से



अंजाम दिया जा सके और किसी तरह की चूक न हो। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने 24 दिसंबर की मध्य रात्रि को किला रोड स्थित झोपड़ी पर छापेमारी की। रात के समय की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने झोपड़ी की गहन तलाशी ली। तलाशी के दौरान वहां से तीन स्कूटी और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। जिनके चोरी के होने की पुष्टि प्रारंभिक जांच में हुई। बरामद सभी वाहनों को जब्त कर चौक थाना लाया गया जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई। पुलिस जांच में राधे कुमार को इस मामले का मुख्य आरोपी बताया गया है। राधे कुमार, पिता किशन राय, किला घाट रोड, कैमाशिकोह, थाना चौक, जिला पटना का निवासी है। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले से ही चौक थाना में दर्ज दो अलग-अलग वाहन चोरी के मामलों में फरार चल रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह मामला केवल चार वाहनों की बरामदगी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक संगठित गिरोह के सक्रिय होने की संभावना है। जिस तरीके से चोरी की गाड़ियों को झोपड़ी में छिपाकर रखा गया था उससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि आरोपी सुनियोजित तरीके से इस अपराध को अंजाम दे रहा था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि ये गाड़ियां किन-किन इलाकों से चोरी की गई थीं और इनके असली मालिक कौन हैं। चौक थाना प्रभारी ने बताया कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। संभावित ठिकानों पर पुलिस दबिश दे रही है और उसके संपर्क में रहने वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके साथ ही वाहन चोरी के इस पूरे नेटवर्क का खुलासा भी हो सकेगा।

# प्रधानमंत्री ने भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी को श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने कहा कि वे जीवन भर मातृभूमि की सेवा में समर्पित रहे। श्री मोदी ने कहा, ह्लउन्होंने गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने के लिए सामाजिक सुधार के साथ राष्ट्रीय चेतना को जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देश में शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।



**प्रधानमंत्री ने  पर पोस्ट किया:**

"मातृभूमि की सेवा में आजीवन समर्पित रहे भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। उन्होंने गुलामी की जंजीरों को तोड़ने के लिए समाज सुधार के साथ राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देश के शिक्षा जगत में उनका अतुलनीय योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।"

# सीपीएल टूनार्मेंट का समापन, एसएम ब्रदर्स बनीं चैंपियन

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**







ईचागढ़ : कुकडू प्रखंड के चौड़ा (पोड़का) मैदान में आईपीएल की तर्ज पर आयोजित सीपीएल झ चौड़ा प्रीमियर लीग का गुरुवार को भव्य समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में एसएम ब्रदर्स क्रिकेट क्लब ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जेबीबीएनएल जागुआर को पराजित कर टूनार्मेंट की ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मैच का शुभारंभ पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव उर्फ माझी साव ने फीता काटकर एवं बल्लेबाजी कर किया। इस अवसर पर कुकड़ू प्रखंड उप प्रमुख मोहम्मद एकराम, सीपीएल चेयरमैन शानेवर अंसारी, उप मुखिया लाल मोहम्मद अंसारी, तिरुलडीह थाना के सब इंस्पेक्टर कार्तिकेय सिंह, सहायक सब इंस्पेक्टर रंजीत प्रसाद सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएम ब्रदर्स क्रिकेट क्लब ने 16 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 187 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से प्रमोद ने 39 गेंदों में ताबड़तोड़ 78 रन बनाए। वहीं विवेक (43), हिमांशु (33), शहयाद (23) और अवनी (6) ने भी अहम योगदान दिया।

जवाबी पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेबीबीएनएल जागुआर की टीम दबाव में बिखर गई और महज 98 रन पर सिमट गई। इस तरह एसएम ब्रदर्स ने 89 रन से शानदार जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमाया।

विजेता टीम को 30 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 25 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। फाइनल मुकाबले के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रमोद को मिला, वहीं पूरे टूनार्मेंट के मैन ऑफ द सीरीज का खिताब दिशा इलेवन के नीलू पोद्दार को दिया गया, जिन्हें साइकिल भेंट कर सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि 10 दिसंबर से शुरू हुए इस टूनार्मेंट में 8 टीमों के 114 खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन समारोह में मुखिया प्रतिनिधि रामलाल सिंह मुंडा, झामुमो नेता अब्दुल रशीद अंसारी, बनारसी रजक, सद्दाम हुसैन, बसंत पोद्दार, गोराचांद सिंह मुंडा, अजहरुद्दीन अंसारी, रामभजन कुमार, मायमुर सुल्तान, नारायण पोद्दार, नाहिद हुसैन समेत हजारों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे।

# जमशेदपुर में "पंडित चंद्रकांत आप्टे संगीत समारोह 2025" का भव्य एवं स्मरणीय आयोजन

## शास्त्रीय संगीत और कत्थक नृत्य की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को किया भावविभोर

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**




जमशेदपुर (झारखंड) 25 दिसम्बर 2025: पंडित चंद्रकांत आप्टे फाउंडेशन के तत्वावधान में दिनांक 25 दिसंबर 2025 को माइकल जॉन सभागार, जमशेदपुर में आयोजित ह्लपंडित चंद्रकांत आप्टे संगीत समारोह 2025ह्व शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय सांस्कृतिक अनुभव सिद्ध हुआ। इस गरिमामय आयोजन में जमशेदपुर एवं कोलकाता से पधारे प्रतिष्ठित एवं उभरते कलाकारों ने अपनी सशक्त प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. रागिनी भूषण, निलेश आप्टे, पूर्वी घोष, सत्य प्रकाश तिवारी, प्रो. पंकज झा, शंकर नाथ झा एवं डॉ. सनातन दीप विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने स्वर्गीय पंडित चंद्रकांत आप्टे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और शास्त्रीय कला के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया।

**प्रथम सत्र : शास्त्रीय गायन की सजी दरबार**

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में जमशेदपुर के सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक बिरेन्द्र उपाध्याय ने अपने सधे हुए एवं भावपूर्ण गायन से श्रोताओं को शास्त्रीय संगीत की गहराइयों से परिचित कराया। उन्होंने विलंबित ख्याल एकताल में वीर बजरंगी तथा तीनताल में मध्य लय की बंदिश शिव शंकर पार्वती पति प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

उनके साथ तबले पर अमिताभ सेन, हारमोनियम पर प्रो. पंकज झा, तथा तानपुरा पर डॉ. अभिलाष चटर्जी एवं उत्कर्ष पांडे ने अत्यंत सटीक एवं प्रभावशाली संगत प्रदान की।

इसके पश्चात कोलकाता के उभरते शास्त्रीय गायक देबप्रिया अधिकारी ने राग मारवा एवं पीलू में भजन और ठुमरी प्रस्तुत कर अपनी सशक्त गायकी का परिचय दिया। हारमोनियम पर मोहम्मद अफलाक की संगत को श्रोताओं ने विशेष सराहना दी।

**द्वितीय सत्र : कत्थक नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुति**

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कत्थक नृत्यांगना अलोकपर्णा गुहा (कोलकाता) ने गणेश वंदना से अपनी प्रस्तुति का शुभारंभ किया। इसके पश्चात तीनताल में पारंपरिक कत्थक बोलों की मोहक प्रस्तुति दी। उन्होंने द्रौपदी चीरहरण प्रसंग तथा कृष्ण भजन के माध्यम से भाव, अभिनय और लय का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया। उनके साथ शिष्य सरबानी पोद्दार एवं आयुष गुना ने द्वैत नृत्य की सशक्त प्रस्तुति देकर दर्शकों की भरपूर प्रशंसा अर्जित की। लखनऊ घराने की नजाकत, थाट, पाँवों की थिरकन एवं भाव-भंगिमाओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के संगीतमय एवं नृत्यात्मक चित्रण ने सभागार में उपस्थित दर्शकों को अलौकिक अनुभूति प्रदान की।

संगत में अंतरराष्ट्रीय तबलावादक शुभोज्योति गुहा, गायन में सौरव चक्रवर्ती तथा सितार पर संदीप नियोगी ने प्रस्तुति को विशेष ऊँचाई प्रदान की।

**श्रोताओं की सराहना और आयोजन की सफलता**

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगीत एवं नृत्य प्रेमी उपस्थित रहे और पूरे आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। यह समारोह शास्त्रीय कला के संरक्षण, संवर्धन एवं नई पीढ़ी तक उसकी पहुँच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. रागिनी भूषण, अरुण झा, लक्ष्मण झा, सुधा झा, डॉ. मनीष तुडिया, दीपक रंजन, राजीव रंजन, धर्मेश कुमार झा, मोहन ठाकुर, किशोर मिश्रा, विजय शंकर मिश्रा, सत्य प्रकाश तिवारी, प्रो. पंकज कुमार झा, डॉ. सनातन दीप, शंकर नाथ झा, बिरेन्द्र उपाध्याय, पद्मा झा, राजेश ठाकुर, संतोष ठाकुर एवं राव फाउंडेशन के सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

पंडित चंद्रकांत आप्टे फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह संगीत समारोह निश्चित रूप से जमशेदपुर के सांस्कृतिक परिदृश्य में एक उल्लेखनीय अध्याय के रूप में स्मरणीय रहेगा।

# मानगो में झामुमो कार्यकताओं ने शहीद निर्मल महतो की जयंती मनाई

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 25 दिसम्बर 2025: मानगो गुरुद्वारा बस्ती में झामुमो नेता उज्वल दास के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकताओं द्वारा वीर शहीद निर्मल महतो की 75वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई । इस मौके पर बच्चों के बीच



में गरम कपड़ा, कॉपी, कलम , बिस्कुट , खेलने की सामग्री और मिठाई वितरित किया गया । जयंती कार्यक्रम में झामुमो पार्टी के आंदोलनकारी नेता हरदेव सिंह , विजय लेयांगी , हैप्पी तंतुवाई , वाजिब अली , महेश सोरेन , विवेक मुर्मू , सूरज गौड़ , डब्बू खान , शाहिद खान , कृष्ण पटवा , जुल्फार खान , राधा देवी , पार्वती देवी , रूबी देवी , अम्बिका सिंह , अर्चना देवी , काजल सरकार , झूमा डे , आरती कुजूर , संगीता देवी , अर्चना पाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# शिवनारायणपुर जंगल के मिट्टी में दफन एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 25 दिसम्बर 2025: सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर थाना क्षेत्र के शिवनारायणपुर जंगल में गुरुवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने मिट्टी में दफन एक अज्ञात व्यक्ति का शव देखा।

मामला तब सामने आया जब जंगल की ओर गए कुछ स्थानीय लोगों की नजर जमीन के बाहर निकले मृतक के पैरों पर पड़ी। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद तिर्की दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फिलहाल शव को गड्ढे से बाहर नहीं निकाला है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव पूरी तरह मिट्टी में दफन है, जिसे मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में ही बाहर निकाला जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन से मजिस्ट्रेट की मांग की गई है।

**घटनास्थल पर मिले संदिग्ध साक्ष्य**

पुलिस को तलाशी के दौरान तालाब की ओर जाने वाले रास्ते पर खून के धब्बे, एक टोपी और कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं। मौके से एक अधजला आधार कार्ड और एक बैंक पासबुक भी मिला है। आधार कार्ड पर पश्चिमी सिंहभूम के टोकलो का पता अंकित है, जबकि बैंक खाते में जमशेदपुर के कदमा का पता दर्ज है। साक्ष्यों के जलने से यह अंदेशा जताया जा रहा है कि हत्या के बाद पहचान मिटाने की कोशिश की गई है। फिलहाल पुलिस शव की शिनाख्त और मामले की गुत्थी सुलझाने में जुटी है।

# चिरू प्रीमियर लीग (सीजन-18) का आगाज, उद्घाटन मुकाबले में डुमरी ने मनहू को हराया

**समाज जागरण दीपक सरकार**



छतरपुर (पलामू)। चिरू बाजार स्थित चिरू फार्म में आयोजित चिरू प्रीमियर लीग (सीपीएल) सीजनझ 18 का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि पर्यावरणविद कौशल किशोर जयसवाल एवं जिला परिषद सदस्य अमित जयसवाल ने किया।

उद्घाटन अवसर पर पर्यावरणविद कौशल जयसवाल ने दोनों टीमों के कप्तानों को थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधा भेंट किया और संदेश दिया कि हर विशेष अवसर पर पौधारोपण कर उसे बचाने का संकल्प लेना चाहिए, क्योंकि पेड़-पौधों के बिना धरती पर जीवन की कल्पना संभव नहीं है। वहीं जिला परिषद सदस्य अमित जयसवाल ने इस तरह के खेल आयोजनों की सराहना करते हुए स्वयं बैटिंग कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

उद्घाटन मैच डुमरी बनाम मनहू टीम के बीच खेला गया, जिसमें डुमरी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डुमरी टीम ने निर्धारित ओवरों में 111 रन बनाए। टीम की ओर से सौरभ गांगुली ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 46 रन बनाए और गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मनहू टीम डुमरी के सधे हुए गेंदबाजों के सामने 87 रनों पर सिमट गई। इस प्रकार डुमरी टीम ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए सौरभ गांगुली को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

मैच के दौरान मुख्य अतिथि कौशल जयसवाल ने हैट्रिक छक्का एवं हैट्रिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी को 500 नगद पुरस्कार देने की घोषणा की। वहीं अमित जयसवाल ने हैट्रिक चौके पर 200 तथा प्रत्येक छक्के पर 100 नगद पुरस्कार देने की घोषणा कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

आयोजकों के अनुसार टूनार्मेंट में कई मजबूत टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का प्रवेश शुल्क 2500 रखा गया है। विजेता टीम को 20,000 एवं उपविजेता टीम को 10,000 नगद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष बबलू सिंह, सचिव रणजीत सिंह, कोषाध्यक्ष सचिन कुमार पाण्डेय, उप सचिव अमित कुमार सिंह, समाजसेवी निरंजन सिंह, विनोद यादव (पूर्व उप प्रमुख) ,कोषाध्यक्ष सचिन कुमार पांडे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

पहले दिन का मुकाबला रोमांचक रहा, जिससे दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# जमशेदपुर- शहीदी सप्ताह पर चंचल भाटिया ने किया रक्तदान

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 25 दिसम्बर 2025: शहीदी सप्ताह के अवसर पर वीर शहीदों और चार साहिबजादों की ला सानी शहादत को नमन करते हुवे आज भाजपा नेता सह सिख समाजसेवी सरदार चंचल भाटिया ने रक्तदान किया।उनका कहना है कि अमर शहीदों का बलिदान हमें मानवता की सेवा की प्रेरणा देता है।



भाजपा नेता सह सिख समाजसेवी सरदार चंचल भाटिया ने सामाजिक ज़िम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए 27वी बार रक्तदान किया, इनकी हौसला अफजाई के लिए साथ में खड़े रहे। भाजपा नेता अमरप्रीत सिंह काले, अमरजीत सिंह राजा, आगाज संस्था के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, झामुमो युवा नेता सिमरन भाटिया, सुरेंद्र सिंह शिंदे, जसवंत सिंह, भूषण डिंगरा आदि मौजूद रहे ।

# झारखंड में पेसा कानून को लागू किए जाने पर लड्डू वितरण कर खुशी मनाया गया- परविंदर सिंह

**समाज जागरण 25.12.2025**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पेसा कानून झारखण्ड में लागू किए जाने पर जिलाध्यक्ष परविंदर सिंह के नेतृत्व में लड्डू वितरण कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में कांग्रेसजनों के बीच की गई तथा साकची गोलचक्कर पर लड्डू वितरण कार्यक्रम का आयोजन आम जनता के बीच आयोजित कर एवं लड्डू खिला कर कांग्रेसजनों ने खुशी मनाया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष परविंदर सिंह ने कहा कि माननीय मंत्री ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती दीपीका पाण्डेय सिंह के नेतृत्व में कमिटी ने पेसा कानून का मसौदा तैयार की गई। जिसे मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कैबिनेट में पेसा कानून को स्वीकृति प्रदान कर ग्राम सभा को मजबूती प्रदान कर दिया है। इससे

राज्य के अनुसूचित जिलों की पंचायत की ग्राम सभाओं की शक्ति और दायित्व बढा है, पंचायत क्षेत्र में खनन, जमीन अधिग्रहण के लिए ग्राम सभा की सहमति अनिवार्य होगी, ग्राम सभा को लघु वनोपज के उपयोग, स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, जल संसाधन प्रबंधन के अधिकार होंगे,

ग्राम सभाओं के परिसीमन का प्रावधान भी शामिल होंगे जिसे जिला प्रशासन अधिसूचित करेगा। अनुसूचित जिलों की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर पेसा नियमों का प्रभाव नहीं होगा, अनुसूचित क्षेत्र की ग्राम सभाओं को अधिक अधिकार स्वायत्त मिलेगी, जल जंगल और जमीन से जुड़े मामलों में स्थानीय ग्राम सभाओं की भूमिका मजबूत होगी, आदिवासी बहुल क्षेत्र में निर्णय प्रक्रिया ज्यादा लोकतांत्रिक बनेगी, विकास योजनाओं के क्रियान्वयन स्थानीय सहभागिता बढ़ेगी।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष परविंदर सिंह, रजनीश सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, फि रोज खान, मुन्ना सिंह सेवादल, अमित श्रीवास्तव, बिजय यादव, नवनीत मिश्रा अध्यक्ष युवा कांग्रेस, सुरेन्द्र शर्मा, मनदीप सिंह, कौशल प्रधान, अमरजीत नाथ मिश्र, राजा सिंह राजपूत, सुल्तान अहमद, सुरेन्द्र शर्मा, हरिहर प्रसाद, विनोद यादव, राकेश साहू, शमशेर आलम, राजेश कुमार, राजेश चौधरी, अखिलेश यादव, देवाशीष घोष, श्यामसुन्दर प्रसाद, आशीष मुखी, सानिया दीप, सुनीता ओझा,अरूण बारीक, दुर्गा प्रसाद, अली रजा खान, प्रमोद कुमार सिंह, रामदास मेहता, शिबू सिंह, मो. राशिद, अजय शर्मात्र, गुरदीप सिंह, लव कुमार निराला, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, के अलावा और भी अन्य लोग मौजूद थे।

# सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल की तृतीय पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर व श्रद्धांजलि सभा आयोजित

- सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल के तृतीय पुण्यतिथि पर ज्ञान त्रिवेणी पत्रिका के कवर पेज का हुआ लोकार्पण
- सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल के तृतीय पुण्यतिथि पर 12 यूनिट रक्तदान डोनेशन किया गया

**समाज जागरण दीपक सरकार**



छतरपुर : कॉलेज के संस्थापक स्मृतिशेष श्रद्धेय सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल की तृतीय पुण्यतिथि पर कॉलेज परिसर में श्रद्धांजलि सभा के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्त संग्रह का कार्य मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से आए लैब टेक्नीशियन तनवीर आलम एवं उनकी टीम द्वारा किया गया।

रक्तदान करने वालों में डॉक्टर श्वेता सुहाने, डॉक्टर अमित कुमार सिंह, प्रोफेसर राजकिशोर लाल, प्रोफेसर जैलेश गुप्ता, प्रोफेसर रोहित कुमार, सफल कुमार मेहता, उत्कर्ष आनंद, अशोक कुमार विश्वकर्मा, राजेश रजक, कुंदन कुमार, बबलू मिंझ एवं अनूप कुमार शामिल रहे, जिन्होंने एक-एक यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।

पुण्यतिथि के अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं गणमान्य लोगों ने सर्वप्रथम स्मृतिशेष सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात प्रभारी प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुमार सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इस पुनीत कार्य में भाग लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि भविष्य में कॉलेज को और आगे बढ़ाने की योजना है, जिसमें लॉ कॉलेज, विभिन्न वोकेशनल कोर्स सहित अन्य शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

पुण्यतिथि समारोह के दौरान कॉलेज के संस्थापक सदस्य अरविंद गुप्ता ने अपने संबोधन में स्मृतिशेष सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जिस दूरदर्शिता और संकल्प के साथ इस शिक्षण संस्थान की नींव रखी थी, आज वही संस्थान क्षेत्र में शिक्षा का मजबूत केंद्र बन चुका है और आने वाले समय में यह और ऊंचाइयों को छुएगा।

अपने विचार रखते हुए डॉक्टर नारायण चंद अग्रवाल ने कहा कि सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल ने सड़मा क्षेत्र के लिए अतुलनीय योगदान दिया है और उनकी स्मृति में सड़मा का नाम सत्यदेव नगर तथा मुख्य पथ का नाम सत्यदेव पथ किए जाने का प्रस्ताव उन्होंने व्यक्त किया। वहीं प्रेम भसीन ने कहा कि सत्यदेव जैसा मित्र अब मिलना कठिन है। मोहन जयसवाल, जितेंद्र कुमार ऋतु अग्रवाल ने भी अपने संबोधन से श्रद्धेय अग्रवाल जी की स्मृतियों को जीवंत कर दिया।

कॉलेज के सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने अपने पिता स्मृतिशेष सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल को नमन करते हुए उनके जीवन से जुड़े कई प्रसंग साझा किए और उपस्थित सभी गणमान्य लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने छतरपुर अनुमंडलवासियों से कॉलेज की प्रगति, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु सहयोग करने की अपील की।

इस पुण्यतिथि पर स्मृतिशेष सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल की पुण्य स्मृति में प्रकाशित होने वाली ह्लज्ञान त्रिवेणीह्व पत्रिका के कवर पेज का लोकार्पण भी किया गया। साथ ही यह जानकारी दी गई कि पत्रिका का पूर्ण लोकार्पण आगामी जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में किया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन पंचम कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमित कुमार सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया।

मौके पर प्रमुख रूप से डॉक्टर नारायण चंद अग्रवाल, डॉक्टर अमित कुमार अग्रवाल, डॉक्टर श्वेता सुहाने, ऋतु अग्रवाल, प्रेम भसीन, गायत्री अग्रवाल, शकुंतला अग्रवाल, आनंद कुमार, सत्यम तुलस्यान सपरिवार, परमहंस अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल सहित कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा आर आई टी मण्डल ने भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की मनाई जयंती

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 25 दिसम्बर 2025: भाजपा आर आई टी मण्डल द्वारा अध्यक्ष पंकज सिंह की अध्यक्षता में मण्डल अंतर्गत आदित्यपुर नगर निगम के निवर्तमान महापौर एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद श्रीवास्तव के आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री पितृ पुरुष, हम करोड़ों कार्यकताओं के पथ प्रदर्शक एवं हमारे प्रेरणा स्त्रोत,भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर आज उनके चित्रों पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया एवं उनके आदर्शो पर चलने का प्रण लिया गया।



# अटलजी के व्यक्तित्व में सरलता, संवेदनशीलता और नेतृत्व का अद्भुत समन्वय था-सरयू राय

**समाज जागरण 25.12.2025**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि अटल जी भारतीय राजनीति के ऐसे शिखर थे, जिनके व्यक्तित्व में आदर्श, सरलता, संवेदनशीलता और दृढ़ नेतृत्व का अद्भुत समन्वय था। उन्होंने जनसंघ से लेकर भाजपा तक के उनके राजनीतिक सफर को याद करते हुए कई प्रेरक प्रसंग साझा किए।

यहां जनता दल यूनाइटेड, जमशेदपुर महानगर के बारीडीह स्थित कार्यालय में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जब वे संगठनात्मक कार्यों के लिए क्षेत्र में आते थे, तब बहुत कम लोगों के पास वाहन होता था। ऐसे में अटल जी बिना कोई इंतजार किए कई बार रिक्शे से कार्यालय पहुँच जाते थे, स्वागत जुलूस की प्रतीक्षा नहीं करते थे और अनेक अवसरों पर कार्यकताओं के घर पर ही ठहर जाते थे।

श्री राय ने बताया कि किस प्रकार अटल जी 1996 में 13 दिनों के लिए देश के प्रधानमंत्री बने, फिर किस प्रकार विचारधारा और संगठन के प्रति निष्ठा के कारण जनता पार्टी से अलग होकर भाजपा का गठन हुआ। यह सब अटल जी के सिद्धांतवादी और दृढ़ चरित्र का प्रतीक है। संसद भवन परिसर में स्थापित लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की प्रतिमा अटल जी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में स्थापित हुई, जिसकी मांग उन्होंने जेपी मंच के माध्यम से रखी थी और अटल जी ने उसे स्वीकार किया था।






कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष अजय कुमार ने की तथा पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव कुलविंदर सिंह पन्नू ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रुप से उपस्थित लोगों में जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर राव, दुर्गा राव, प्रेम सक्सेना, युवा जदयू के जिलाध्यक्ष नीरज सिंह, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अमृता मिश्रा, प्रकाश कोया राजेश प्रसाद, संजीव सिंह, शंकर कर्मकार, राकेश कुमार, बबलू कुमार, लालू गौड़, प्रवीण सिंह, शमशाद खान, मुश्ताक अहमद, विनोद राय, तर्क मुखर्जी, विजय सिंह, मंजू सिंह, शेषनाथ पाठक, अमित शर्मा, धनोज सिंह, ममता सिंह, विनोद सिंह, मृत्युंजय शर्मा, विकास कुमार, मनोज सिंह, महुआ चक्रवर्ती, मल्लिका प्रामाणिक, सपना टांडी, पुतुल सिंह, रीना डे, सुनीता सिंह, विजय राव, अजीत कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मनोज गुप्ता, नवीन कुमार, अशोक कुमार, अबोध कुमार, गणेश चंद्रा, कुमार विनीत आदि शामिल रहे।

# रोज दाल में घी मिलाकर खाने से सेहत में होंगे चौंकाने वाले बदलाव

## सभी पूछेंगे क्या है सेहत का राज

दाल भारतीय खाने का एक अहम हिस्सा है। चावल हो या रोटी किसी के साथ भी दाल को आसानी से खाया जा सकता है और काफी टेस्टी भी लगता है। दाल प्रोटीन का भी बेहतरीन स्त्रोत होता है, जिसके कारण यह भारतीय खान-पान में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दाल में बस एक चम्मच घी मिलाने से क्या हो सकता है। दाल में घी डालकर खाने की प्रथा काफी पुरानी है और ऐसा करना काफी फायदेमंद भी होता है।



### दाल में घी मिलाकर खाने के फायदे

पाचन में सुधार- घी खतरनाक माइक्रोब्स को मारने में मदद करता है और पाचन शक्ति को बढ़ावा मिलता है। दाल में घी डालकर खाने से कब्ज और अपच जैसी समस्याओं से राहत मिलती है।

वजन घटाने में सहायक- यह सुनने में अजीब लग सकता है, लेकिन घी वजन घटाने में मदद कर सकता है। घी में मौजूद फैटी एसिड भूख को कम करने और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में मदद करते हैं।

हड्डियों को मजबूत बनाता है- घी में कैल्शियम और विटामिन-के भरपूर मात्रा होते हैं जो हड्डियों को मजबूत बनाते हैं और ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम करते हैं।

त्वचा के लिए फायदेमंद- घी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। ये त्वचा को मॉइस्श्चराइज्ड रखते हैं और झुर्रियों को कम करते हैं।

दिल के लिए फायदेमंद- घी में मौजूद मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड दिल की बीमारियों के खतरे को कम करते हैं। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में भी मदद करता है।

इम्युनिटी बढ़ाता है- घी में विटामिन-ए और ई भरपूर मात्रा में होते हैं जो इम्युनिटी को बढ़ाते हैं और शरीर को इन्फेक्शन से बचाते हैं।

दिमाग के लिए फायदेमंद- घी में मौजूद फैटी एसिड दिमाग के काम करने की क्षमता को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। ये याददाश्त को बढ़ाते हैं और फोकस को बेहतर बनाते हैं।

शरीर को एनर्जी देता है- घी में कैलोरी की मात्रा ज्यादा होती है जो शरीर को एनर्जी देते हैं। यह थकान और कमजोरी को दूर करने में मदद करते हैं।

इन बातों का रखें ध्यान

कैलोरी की मात्रा अधिक- घी में कैलोरी की मात्रा ज्यादा होती है, इसलिए इसे सीमित मात्रा में ही खाना चाहिए।

मोटापा- ज्यादा मात्रा में घी खाने से मोटापे का खतरा बढ़ जाता है।

हार्ट डिजीज- हालांकि घी में मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड होते हैं, लेकिन ज्यादा मात्रा में घी खाने से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

# तनाव और नींद न आने की समस्या से राहत दिलाएगा मून मिल्क, बस नोट कर लें इसकी रेसिपी

अपनी सेहत को लेकर सतर्क रहने वाले लोगों के बीच मून मिल्क का नया ट्रेंड शुरू हुआ है, जो कि कई तरह से लाभदायक है। ये एक खास प्रकार का गर्म दूध है, जिसमें आमतौर पर हल्दी, दालचीनी, अदरक, लौंग और शहद जैसे पौष्टिक तत्व मिलाए जाते हैं। वैसे तो इसका उपयोग प्राचीन समय से ही आयुर्वेदिक चिकित्सा शास्त्र में होता आ रहा है, जहां इसे सोने से पहले पीने की सलाह दी जाती थी। लेकिन आजकल हेल्थ एंथूजियास्ट्स के बीच ये काफी चलन में है। यह ड्रिंक न केवल नींद को सुधारता है, बल्कि शरीर को आराम भी देता है। मून मिल्क में कैल्शियम,एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण, प्रोटीन सहित कई जरूरी विटामिन और मिनरल्स होते हैं, जो पूरे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं।



### नींद को बेहतर बनाने में सहायक

ट्रिप्टोफैन जैसे पोषक गुणों से भरपूर मून मिल्क नींद को बेहतर बनाने में मदद करता है, जिससे रात में गहरी नींद आती है।

### तनाव में कमी

इंफ्लेमेटरी गुण तनाव और चिंता को कम करने में सहायक होते हैं, जिससे मानसिक शांति मिलती है।

### इम्यून सिस्टम को मजबूती

मून मिल्क में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं, जिससे शरीर में रोगों से इन्फेक्शन से बचा रहता है।

### पाचन में सुधार

मून मिल्क में मौजूद अदरक और हल्दी जैसे पोषक तत्व पाचन क्रिया को बेहतर बनाते हैं और पेट की समस्याओं से राहत देते हैं।

### त्वचा की चमक

इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स स्किन हेल्थ को बेहतर बनाते होते हैं और उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करते हैं।

### पोषण की कमी दूर होती है

यह दूध, प्रोटीन, विटामिन, कैल्शियम और अन्य जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो मांसपेशियों को मजबूत बनाने और शरीर को ऊर्जा देने में मदद करता है।

### मून मिल्क बनाने की विधि

मून मिल्क बनाने के लिए, एक कप दूध को मध्यम आंच पर गर्म करें। अब इसमें 1/2 चम्मच पिसी हुई हल्दी, 1/2 चम्मच दालचीनी,द छोटा चम्मच अश्वगंधा, दो चुटकी इलायची पाउडर, एक चुटकी जायफल पाउडर , एक चुटकी काली मिर्च पाउडर, एक छोटा चम्मच नारियल तेल और 1/2 इंच अदरक (कद्दूकस किया हुआ) डालें। इसे 5-7 मिनट तक उबालें, जिससे सभी स्वाद और गुण अच्छे से मिक्स हो जाएं। आखिर में स्वाद के अनुसार 1 चम्मच शहद मिलाएं। सोने से पहले गर्मागर्म ही इसे पिएं।